www.navpradesh.com

//-- सुविचार --//

जैसे उबलते पानी में कभी परछाई नही दिखती, ठीक उसी प्रकार परेशान मन से समाधान भी नहीं दिखते.. शांत होकर देखिए सभी समस्याओं का हल मिल जाएगा

दैनिक नवप्रदेश

आदित्यवर्णं तमसः परस्तात्

प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर ❖❖ 3 | राजधानी 4 | अभिव्यक्ति 5 | आंचलिक 7 | आंचलिक

RNI NO.CHHIN/2012/41806 रायपुर, सोमवार 31 जनवरी 2022, कृष्ण पक्ष चर्तुदशी, विक्रम संवत-2077 वर्ष-10 अंक-343 पृष्ठ-08 मूल्य-3 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित

आज बेबाक

लगता है चुनाव आयोग के डंडे को घुन लग गया है। नतीजतन चुनाव आयोग का खौफ खत्म हो गया है। जिन पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव हो रहे हैं वहां कोरोना के कारण चुनाव आयोग ने रैली व सभाओं पर रोक लगा रखी है। नेता भी सिर्फ पांच लोगों के साथ जन संपर्क कर सकते हैं। चुनाव आयोग के इन निर्देशों को राजनीतिक पार्टियां ठेंगा दिखा रही है। सैकड़ों की भीड़ लेकर जनसंपर्क हो रहा है। न मोई मास्क लगा रहा है ना सोशल डिस्टेंसिंग का पालन हो रहा है। चुनाव आयोग का नाम लाचार आयोग कर देना चाहिए।

जम्मू-कश्मीर : अलग-अलग मुठभेड़ में जैश कमांडर जाहिद वानी समेत 5 आतंकी ढेर

श्रीनगर (ए.)। जम्मू-कश्मीर में भारतीय सेना को बड़ी सफलता मिली है। यहां सुरक्षाबलों ने बडगाम और पुलवामा जिलों में दो अलग-अलग अभियानों में रातभर में पांच आतंकवादी मार गिराए। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी है। कश्मीर क्षेत्र के पुलिस महानिरीक्षक (आईजीपी) विजय कुमार ने कहा कि मुठभेड़ में मारे गए आतंकवादी पाकिस्तान स्थित आतंकवादी संगठन लश्कर-ए-तैयबा और जैश-ए-मोहम्मद से जुड़े थे। कुमार ने कहा कि मारे गए लोगों में जैश कमांडर जाहिद वानी और एक पाकिस्तानी आतंकवादी भी शामिल है। उन्होंने इसे सुरक्षा बलों के लिए बड़ी सफलता बताया।

शनिवार को शुरू हुई मुठभेड़

इससे पहले दोनों जिलों में शनिवार को सुरक्षा बलों और आतंकवादियों के बीच दो अलग-अलग मुठभेड़ शुरू हुई थी। पुलिस के एक अधिकारी ने बयान जारी कर कहा था कि दक्षिण कश्मीर के पुलवामा के नैरा इलाके में आतंकवादियों की मौजूदगी की विशिष्ट सूचना पर कार्रवाई करते हुए सुरक्षा बलों ने वहां घेराबंदी अभियान चलाया था। सुरक्षाकर्मी जब तलाशी ले रहे थे तभी छिपे हुए आतंकवादियों ने उन पर गोलीबारी शुरू कर दी।

सुकमा में नक्सलियों और जवानों के बीच हुई मुठभेड़, एक नक्सली का मिला शव

सुकमा जिले के चिंतलनार -तिम्मापुरम में हुई मुठभेड़

सुकमा/नवप्रदेश। बस्तर संभाग के सुकमा जिले जिले में जवानों और नक्सलियों के बीच चिंतलनार के तिम्मापुरम इलाके में आज सुबह मुठभेड़ हुई। मुठभेड़ उस वक्त हुई जब सड़क सुरक्षा पर निकले कोबरा बटालियन व डिस्ट्रिक्ट रिजर्व गार्ड के जवानों और नक्सलियों का आमना-सामना हो गया। मौके से एक नक्सली का शव बरामद हुआ है। खबर लिखे जाने तक मुठभेड़ जारी थी।

सर्चिंग से लौटने पर मिलेगी जानकारी: बताया जाता है कि इलाके में जवान मौजूद हैं। हालांकि कितने नक्सली मारे गए हैं, ■ शेष पृष्ठ 6 पर

नक्सलियों की मौजूदगी की मिली थी सूचना

सुकमा के एसपी सुनील शर्मा ने नक्सलियों से मुठभेड़ की पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि तिम्मापुरम क्षेत्र में बड़ी संख्या में नक्सलियों की मौजूदगी की सूचना मिली थी। इसके बाद कोबरा 201 बटालियन व डीआरजी की संयुक्त टीम मौके के लिए रवाना हुई। इसी दौरान नक्सलियों से उनका आमना-सामना हो गया।

सूर्योदय

उदय : 7.13 प्रात:

अस्त : 5:54 संध्या

जनसंख्या

विश्व : 7,923,794,662

भारत : 1,401,832,297

बाजार

सेंसेक्स : अवकाश

निफ्टी : अवकाश

गोल्ड : 49,090 प्रति 10 ग्राम

चांदी : 61,200 प्रति किग्रा

अण्डा दर : 4.49 प्रति नग

प्रदेश का मौसम

स्थान	अधिकतम	न्यूनतम
रायपुर	28.3	11.1
बिलासपुर	27.4	08.6
जगदलपुर	28.4	08.4
अंबिकापुर	22.8	07.2

आज का दिवस

विश्व कुष्ठ रोग दिवस

दुनिया भर में हर साल 31 जनवरी को विश्व कुष्ठ रोग दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस वर्ष विश्व कुष्ठ रोग दिवस 2022 की थीम 'यूनाइटेड फॉर डिग्निटी' है। 1954 में विश्व कुष्ठ दिवस की शुरुआत कुष्ठ रोग के बारे में लोगों के बीच जागरूकता पैदा करने के लिए, फ्रांसीसी परोपकारी राउल फोलेरो ने की थी। जिसका उद्देश्य इस रोग से पीड़ित लोगों के प्रति करुणा, दया और सम्मान दिखाना था। हर साल यह इस पुराने घातक रोग के बारे में वैश्विक जागरूकता बढ़ाने और इस बात की ओर ध्यान देने के लिए मनाया जाता है कि इसकी रोकथाम, इलाज और उपचार किया जा सकता है।

चुनावी दंगल में दिग्गजों का दांव, यूपी में नड्डा-राजनाथ सिंह ने संभाला मोर्चा

नई दिल्ली (ए.)। उत्तर प्रदेश विधानसभा 2022 के लिए कांग्रेस ने अपने उम्मीदवारों की चौथी लिस्ट जारी कर दी है। इसमें 61 सीटों पर प्रत्याशियों का नाम ऐलान हुआ है। वहीं, मणिपुर विधानसभा चुनाव को लेकर भाजपा ने अपने उम्मीदवारों की घोषणा कर दी है। बीजेपी ने रविवार को राज्य की सभी 60 सीटों के लिए प्रत्याशियों के नाम की लिस्ट जारी की। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह रविवार को यानी गोवा का एकदिवसीय दौरे पर पहुंचे। इस दौरान उन्होंने राज्य के तीन विधानसभा क्षेत्रों में सभागारों के भीतर जनसभाओं को संबोधित किया। वहीं रक्षा मंत्री और बीजेपी के वरिष्ठ नेता राजनाथ सिंह ने रविवार, 30 जनवरी को कासगंज में पार्टी के 'प्रभावी मतदाता संवाद' कार्यक्रम को संबोधित किया। इन दोनों नेताओं के अलावा केंद्रीय गृह मंत्री रविवार को गोवा पहुंचे। इसके अलावा विभिनन्न राजनीतिक दलों के नेताओं का आज चुनावी कार्यक्रम है।

गोवा पहुंचे अमित शाह

यूपी चुनाव: कांग्रेस ने 61 उम्मीदवारों की चौथी लिस्ट जारी की, 24 महिलाओं को टिकट

लखनऊ (ए.)। उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव के लिए कांग्रेस ने रविवार को 61 उम्मीदवारों की चौथी लिस्ट जारी कर दी है। इस लिस्ट में कांग्रेस ने हाथरस से कुलदीप कुमार सिंह और बीसलपुर को शिखा पांडेय को टिकट दिया है। जबकि बीसलपुर से शिखा पांडे, लखीमपुर से रवि शंकर त्रिवेदी, गैरीगंज से फतेह बहादुर, सुलतानपुर से फिरोज़ अहमद खान, कन्नौज से विनीता देवी, गोविंद नगर से करिश्मा ठाकुर, हमीरपुर से राज कुमारी, अयोध्या से रीता मौर्य पर भरोसा जताया है। खास बात ये है कि इस लिस्ट में पार्टी ने 24 महिला उम्मीदवारों को टिकट दिया।

मणिपुर : राज्य की सभी 60 सीटों पर बीजेपी उम्मीदवार घोषित

केवल तीन महिलाओं को टिकट

नई दिल्ली (ए.)। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने मणिपुर विधानसभा चुनाव 2022 को लेकर अपने उम्मीदवारों के नाम की घोषणा कर दी है। बीजेपी ने रविवार को राज्य की सभी 60 सीटों के लिए प्रत्याशियों के नाम की लिस्ट जारी की। 60 सीटों वाले इस राज्य में भाजपा ने सिर्फ तीन महिला उम्मीदवारों को टिकट दिया है।

बीजेपी ने मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह को हिंगांग निर्वाचन क्षेत्र से चुनाव खड़ा किया है। उम्मीदवारों के नामों की घोषणा करते हुए बीजेपी नेता संबित पात्रा ने कहा कि ■ शेष पृष्ठ 6 पर

मणिपुर की 60 विधानसभा सीटों पर दो चरणों में चुनाव

मणिपुर की 60 सदस्यीय विधानसभा के लिए दो चरणों में चुनाव होगा। पहले चरण में 27 फरवरी और दूसरे चरण में तीन मार्च को मतदान होना है, जबकि मतगणना 10 मार्च को होगी। चुनाव आयोग के मुताबिक, चुनाव के पहले चरण के लिए 1 फरवरी को नोटिफिकेशन जारी होगा। इस चरण के प्रत्याशियों के लिए नामांकन करने की अंतिम तारीख 8 फरवरी और नामांकन वापस लेने की अंतिम तारीख 11 फरवरी होगी।

पेगासस को लेकर केंद्र पर विपक्ष का चौतरफा वार

गहलोत के साथ-साथ मायावती ने भी मांगा जवाब

नई दिल्ली (ए.)। पेगासस जासूसी कांड का मामला एक बार फिर से गरमा गया है। रविवार को राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और यूपी की पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने केंद्र सरकार पर हमला बोला है। गहलोत ने कहा कि पेगासस मामले में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को राष्ट्र को संबोधित करना चाहिए और बताना चाहिए कि जो भ्रम पैदा हो रहा है, वह गलत है। जबकि मायावती ने कहा कि इस मामले में केंद्र की चुप्पी और भी नए सवाल खड़े करती है।

गहलोत ने रविवार को कहा, 'केंद्र सरकार को पेगासस मामले में खुद आगे आकर स्पष्टीकरण देना चाहिए.. अगर आप पाक साफ होज प्रधानमंत्री को खुद को देश को संबोधित करना चाहिए और बताना चाहिए कि जो भ्रम पैदा हो रहा है, वह गलत है।' उन्होंने कहा कि टेलीफोन को अगर सर्विलांस पर रख दिया तो वह भी बड़ा जुल्म होता है। ■ शेष पृष्ठ 6 पर

पेगासस का एडवांस वर्जन के लिए पूछने का सही समय: पी चिदंबरम

नई दिल्ली। कांग्रेस के सीनियर नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री पी चिदंबरम ने पेगासस स्पाइवेयर मामले को लेकर केंद्र सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि सरकार 2024 के चुनावों से पहले कथित लागत से दोगुनी कीमत पर नए स्पाइवेयर हासिल कर सकती है। चिदंबरम ने आज ट्वीट किया, पिछला सौदा 2 अरब डॉलर का था। भारत इस बार बेहतर कर सकता है। अगर हमें 2024 के चुनावों से पहले और अधिक सक्षम स्पाइवेयर मिलते हैं, तो हम उन्हें 4 अरब डॉलर भी दे सकते हैं।

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 74वीं पुण्यतिथि राष्ट्रपति-पीएम ने राजघाट पर दी श्रद्धांजलि

नई दिल्ली (ए.)। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की आज 74वीं पुण्यतिथि है। इस मौके पर राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी समेत पूरे देश ने उन्हें श्रद्धांजलि दी है। राष्ट्रपति कोविंद और पीएम मोदी ने आज राजधानी में राजघाट पर जाकर राष्ट्रपिता को श्रद्धांजलि दी। उन्होंने राजघाट पर 11 बजे बापू की समाधि पर माल्यार्पण किया। पीएम शाम 5 बजे बिड़ला हाउस जाएंगे और भजन कार्यक्रम में शामिल होंगे। महात्मा गांधी की 1948 में आज ही के दिन नाथूराम गोडसे ने गोली मारकर हत्या कर दी थी। राष्ट्रपिता की पुण्यतिथि को शहीद दिवस के तौर पर मनाया जाता है।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि उनके आदर्श विचारों को और अधिक लोकप्रिय बनाने का हमारा सामूहिक प्रयास है। मोदी ने ट्वीट किया, ''बापू की पुण्यतिथि पर उन्हें याद कर रहा हूं। उनके आदर्श विचारों को और अधिक लोकप्रिय बनाने का हमारा सामूहिक प्रयास है। आज शहीद दिवस पर उन सभी महान लोगों को श्रद्धांजलि देता हूं जिन्होंने वीरतापूर्वक हमारे देश की रक्षा की। उनकी सेवा और बहादुरी हमेशा ■ शेष पृष्ठ 6 पर

बुल्ली बाई केस

महिलाओं को देवी मानने वाले देश में ऐसा कृत्य अस्वीकार

■ **कोर्ट ने ठुकराई नीरज बिश्नोई की जमानत याचिका**

नई दिल्ली (ए.)। दिल्ली की एक अदालत ने 'बुली बाई' ऐप के कथित क्रिएटर नीरज बिश्नोई की जमानत याचिका खारिज कर दी है, जिसमें कहा गया था कि एक विशेष समुदाय की विभिन्न महिला पत्रकारों को एक सार्वजनिक मंच पर गाली देने और अपमानित करने के लिए आरोपी व्यक्ति द्वारा टारगेट किया गया। जो निश्चित रूप से सांप्रदायिक सद्भाव पर प्रतिकूल प्रभाव डालने वाला है।

अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश धर्मेंद्र राणा ने नीरज बिश्नोई की जमानत याचिका खारिज करते हुए कहा कि अपराध की प्रकृति, आरोपों की गंभीरता और जांच के शुरुआती चरण को देखते हुए मुझे आवेदन में कोई योग्यता नहीं मिलती है और उसी के अनुसार याचिका को खारिज किया जाता है। अदालत ने कहा कि इस मामले में, एक विशेष समुदाय की लगभग 100 महिला पत्रकारों को सार्वजनिक मंच पर गाली देने और अपमानित करने के लिए आरोपी व्यक्तियों द्वारा टारगेट किया गया है।

महाराष्ट्र : मुंबई-पुणे एक्सप्रेसवे पर कार और कंटेनर की जोरदार टक्कर, 5 लोगों की मौत

मुंबई (ए.)। महाराष्ट्र में लोनावला के शीलातने गांव के पास मुंबई-पुणे एक्सप्रेसवे पर रविवार को बड़ा सड़का हादसा हुआ। यहां कार और कंटेनर ट्रक की टक्कर में पांच लोगों की मौत हो गई। पुणे ग्रामीण पुलिस अधिकारी ने बताया कि शवों को खंडाला के अस्पताल में रखा गया है।

बीते रविवार को पुणे-अहमदनगर रोड पर ट्रक ने कार और दो मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी, जिससे पांच लोगों की मौत हो गई थी। शिकारपुर पुलिस स्टेशन के एक अधिकारी ने बताया कि प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, कार ■ शेष पृष्ठ 6 पर

सड़क हादसे में दो युवकों की मौत, हेलमेट नहीं पहनने के कारण सिर पर आई गंभीर चोट

अंबिकापुर। छत्तीसगढ़ के सूरजपुर जिले के खड़गांव चौकी क्षेत्र में सड़क दुर्घटना में दो युवकों की मौत हो गई। शनिवार देर शाम अंबिकापुर-प्रतापपुर मुख्य मार्ग में धरमपुर के पास यह हादसा हुआ है। हेलमेट नहीं पहनने के कारण सिर पर गंभीर चोट लगने से बाइक सवार दोनों युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। बाइक क्रमांक सीजी14 एमके 8763 भी क्षतिग्रस्त हालात में सड़क पर पड़ा मिला। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले को विवेचना में लिया है।

खड़गांव चौकी प्रभारी सीपी तिवारी ने बताया कि दुर्घटना की सूचना मिलने पर पुलिस टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। बाइक नंबर की तस्दीक करने पर युवकों की पहचान केरता, भगतपारा निवासी कमल पिता मोहरलाल व भारत आयाम पिता साधन गोंड के रूप में हुई। मृतकों के परिजनों को सूचना भेजी गई है। तिवारी ने बताया कि घटना को कोई प्रत्यक्षदर्शी नहीं है। युवक किस गाड़ी से टकराए यह भी अज्ञात है।

गरमा-गरम

भिलाई की सड़कों पर लगा एएसपी का चर्चित पोस्टर

■ **न्याय मांगोंगे तो मैं एफआईआर कर दूंगा...ऐसे ही नारों के साथ विरोध जारी**

भिलाई (नवप्रदेश)। बजरंग दल के कार्यकर्ताओं पर लाठी भांजना एएसपी संजय ध्रुव को भारी पड़ गया है। अब ये युवा कार्यकर्ता एएसपी के खिलाफ सोशल मीडिया के साथ साथ सड़कों में भी बाकायदा एएसपी संजय ध्रुव के पोस्टर के साथ स्लोगन लिखकर विरोध जताना शुरू कर दिया है।

भिलाई शहर की सड़कों पर एक पोस्टर इन दिनों चर्चा का विषय बना हुआ है। इस पोस्टर में जिले अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (शहर) संजय ध्रुव का फोटो लगा हुआ दिखाई दे रहा है। साथ ही इस पोस्टर में लिखा है, 'यहां के हम हैं दादा और यहां हम दादागिरी करेंगे। न्याय मांगोगे तो मैं एफआईआर तुम पर ही कर दूंगा। हालांकि अब तक पुलिस महकमे ने इस पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दिया है। वहीं पुलिस इस पोस्टर को लगाने वाले मास्टर माइंड की खोज में जुटी हुई है।

बताया जा रहा है कि 25 जनवरी की शाम बजरंग दल के कार्यकर्ता जब ज्ञापन सौंपने दुर्ग कोतवाली गए थे इस दौरान कार्यकर्ताओं ने अपने पदाधिकारी के खिलाफ दर्ज की गई एफ आईआर को एकपक्षीय कार्रवाई करार दिया था। यही नहीं कार्यकर्ताओं ने सड़क जाम कर दिया जिसके बाद पुलिस की समझाइश देने के बाद भी ये कार्यकर्ता नहीं माने तो पुलिस को लाठी चार्ज करनी पड़ी। हालांकि लाठीचार्ज को लेकर पोस्टर वार को जोड़ा जा रहा है लेकिन अभी तक कोई ■ शेष पृष्ठ 6 पर

कमीशन का लालच देकर छग के किसानों से 6 करोड़ की ठगी, राजस्थान से दो आरोपी गिरफ्तार

दुर्ग/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के किसानों को कमीशन का लालच देकर हरियाणा के आरोपियों ने करीब 95 किसानों से 6 करोड़ की ठगी कर फरार हो गए थे। इन आरोपियों को दुर्ग पुलिस ने भीलवाड़ा (राजस्थान) से गिरफ्तार किया है।

फिश फार्मिंग के नाम पर तीन राज्यों में करोड़ों की ठगी करने वाले दो आरोपी भीलवाड़ा जेल में ठगी के एक अन्य मामले में सजा काट रहे थे। इन आरोपियों को मोहन नगर पुलिस ने ट्रांजिट रिमांड पर दुर्ग लेकर आई है। दोनों आरापियों सहित 7 आरोपियों के खिलाफ दुर्ग के मोहन नगर थाने में धारा 420, 409, 34 के तहत केस दर्ज है।

प्रतिमाह बड़ी कमाई का लालच: दरअसल, फिश फार्च्यून प्रोड्यूस कंपनी ने छत्तीसगढ़ के दुर्ग, बालोद, बिलासपुर जिले के किसानों को मछली पालन के नाम पर करोड़ों रुपए का चूना लगाया। कंपनी के प्रबंधक हरियाणा गुडग़ांव निवासी बृजेश कुमार, सीईओ विनय शर्मा, डायरेक्टर भरत कुमार, मनीष कश्यप, हितेश सैनी, सौरभ कुमार, मनोज त्रिपाठी व छत्तीसगढ़ के पार्टनर सुधीर भंडारी व गुलाब चंद्राकर द्वारा छत्तीसगढ़ के किसानों से लीज पर जमीन लेकर प्रतिमाह बड़ी कमाई का लालच दिया था। ■ शेष पृष्ठ 6 पर

न्यूज गैलरी

किराया जमा नहीं करने पर 9 दुकानों को निगम ने किया सील

दुर्ग/नवप्रदेश। निगम आयुक्त हरेश मंडावी के आदेश एवं राजस्व विभाग व बाजार विभाग प्रभारी ऋषभ जैन के निर्देश पर बाजार विभाग द्वारा महिला समृद्धि बाजार में स्थित दुकानदारों के द्वारा किराया राशि जमा नहीं किए जाने के कारण 9 दुकानों को सील कर दिया है। कार्रवाई के दौरान नायब तहसीलदार दुर्गा साहू, अतिक्रमण प्रभारी दुर्गेश गुप्ता, प्रभारी बाजार अधिकारी थानसिंह यादव, ईश्वर वर्मा, भुवनदास साहू, शशिकांत यादव के अलावा पद्मनाभपुर चौकी पुलिस बल मौजूद था। जिन दुकानों को सील किया गया है, उनके मालिकों को निगम की ओर से नोटिस जारी किया गया था। नोटिस का जवाब नहीं देने एवं किराया जमा नहीं करने पर बाजार विभाग द्वारा कार्रवाई कर उक्त 9 दुकानों को सील किया गया।

शहीदों की स्मृति में निगम परिसर में अधिकारी व कर्मचारियों ने मौन धारण किया

दुर्ग/नवप्रदेश। भारत के स्वतंत्रता संग्राम में अपने प्राणों की आहूति देने वाले शहीदों की स्मृति में आयुक्त हरेश मंडावी के निर्देश पर 30 जनवरी को शहीद दिवस पर पूर्वान्ह 11 बजे से 2 मिनट का मौन धारण कर निगम अधिकारी व कर्मचारियों ने उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। इस दौरान कार्यपालन अभियंता मोहनपुरी गोस्वामी, आरके पांडेय, जितेंद्र समैया, सहायक अभियंता आरके पालिया, प्रकाश चंद थावनी, करण यादव, नोडल अधिकारी जावेद अली, अनिल सिंह, रवि राव, सिद्धार्थ शर्मा, राजू सिंह, गोरी शंकर तिवारी समेत अन्य ने इस संबंध सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा दिशा निर्देश को अमल करते हुए पूर्वान्ह 11 बजे देश भर में 2 मिनट का मौन रखा गया।

शहीदों की स्मृति में कलेक्टोरेट में रखा गया दो मिनट का मौन

बालोद/नवप्रदेश। भारत के स्वतंत्रता संग्राम में अपने प्राणों की आहुति देने वाले शहीदों की स्मृति में 30 जनवरी 2022 को पूर्वान्ह 11 बजे संयुक्त जिला कार्यालय परिसर में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा के समक्ष अधिकारियों-कर्मचारियों ने दो मिनट का मौन रखा। इससे पूर्व कलेक्टर जनमेजय महोबे ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। इस अवसर पर डिप्टी कलेक्टर आरएस ठाकुर, अमित श्रीवास्तव और सुब्रत प्रधान सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी मौजूद थे।

सड़क निर्माण से प्रभावितों किसानों को मिला मुआवजा

बालोद/नवप्रदेश। डौण्डीलोहरा के तहसीलदार आरआर दुबे ने बताया कि ग्राम रेंगाडबरी, भंवरमरा, पुनारकसा, खैरकट्टा, अरजपुरी में सड़क निर्माण की प्रस्तावित भूमि पर निजी भूमि प्रभावित हो रही थी, जिससे भू-अर्जन प्रकरण दर्ज कर शासन के नियमानुसार भू-अर्जन पश्चात् मुआवजा राशि प्रभावितों का प्रदाय किया गया। उन्होंने बताया कि डौण्डीलोहारा-रेंगाडबरी-चैकी रोड का निर्माण कार्य छ.ग. रोड डेव्हलपमेंट कार्पोरेशन लिमिटेड रायपुर द्वारा कराया जा रहा है। डौण्डीलोहारा के विवेकानंद चैक से रेंगाडबरी रोड तक उक्त सड़क निर्माण कराया जाना है। कंपनी द्वारा निविदा के तहत् सड़क निर्माण से पूर्व सड़क के दोनो ओर नाली का निर्माण कार्य करवाया जा रहा है। डौण्डीलोहारा में सड़क व नाली निर्माण हेतु प्रस्तावित भूमि का छ.ग. रोड डेव्हलपमेंट कार्पोरेशन लिमिटेड, राजस्व विभाग एवं नगर पंचायत डौण्डीलोहारा के संयुक्त दल द्वारा निरीक्षण कर प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया है। प्राप्त प्रतिवेदन अनुसार सड़क व नाली निर्माण हेतु प्रस्तावित भूमि में निजी भूमि प्रभावित नहीं हो रही है, प्रस्तावित भूमि पर किए अतिक्रमकों की सूची प्राप्त हुई है। उन्होंने बताया कि अतिक्रमकों को नोटिस जारी किया गया है, तदनुसार नियमानुसार कार्यवाही की जा रही है।

स्वास्थ्य शिविर में 102 मरीजों का हुआ नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण

गंडई पंडरिया/नवप्रदेश। नगर पंचायत मे छत्तीसगढ़ पैथोलॉजी लैब के तत्वधान में नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें 102 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। एपेक्स सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल के

तत्वाधान में एवं छत्तीसगढ़ पैथोलॉजी लैब के सौजन्य से आयोजन किया गया। नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर के संयोजक ने कहा कि गरीबों और असहाय लोगों की सेवा करना एक पुण्य का काम है। ऐसे बीमार मरीज जो अपना इलाज नहीं करा पाते उनके लिए उनके द्वारा निरंतर ग्राम स्तर पर नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित कर मरीजों को लाभ पहुंचाने का कार्य किया जाता है। इसी के तहत रविवार को गंडई में नि:शुल्क स्वस्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया था जिसमें डॉ. एमपी आदित्य (हड्डी रोग विशेषज्ञ), डॉ. एसी गुप्ता (जनरल फिजीशियन), डॉ. सुधांशु सिंघरौल (गहन चिकित्सा क्रीटकल केयर), डॉ. संगीता पात्रे (प्रसूति एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ) ने मिलकर ग्राम के 102 मरीजों का पंजीयन कर स्वास्थ्य परीक्षण किया।

निधन

साधुराम डोडवानी

कुम्हारी। स्थानीय वार्ड क्रमांक 15 के व्यवसायी साधुराम डोडवानी का निधन रविवार को हो गया। जिनकी अंतिम यात्रा निज निवास से निकलकर मुक्तिधाम पहुंची जहां उनका अंतिम संस्कार संम्पन्न हुआ। वे अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़ गए।

सॉफ्टवेयर बनाकर किया इनोवेशन, मंडावी को मिला पुरस्कार

पॉवर कंपनी के चेयरमैन अंकित आनंद ने किया 16 कर्मियों को किया पुरस्कृत

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कम्पनी के चेयरमैन अंकित आनंद (आईएएस) ने उत्कृष्ट कार्य करने वाले 16 अधिकारी-कर्मचारी को सम्मानित किया गया। ट्रांसमिशन कंपनी के सहायक अभियंता शिवप्रसाद मंडावी भिलाई को स्वयं रूचि लेकर जीओ गार्मिन नामक साफ्टवेयर बनाने के लिए पुरस्कृत किया गया। उनके इस साफ्टवेयर से सभी 400 केवी, 220 व 132 केवी उपकेंद्र तथा ईएचटी लाइनों का जीआईएस प्लेटफार्म प्रदर्शित किया। इससे कंपनी को को-आर्डिनेशन समेत अन्य मामलों में काफी लाभ हुआ। छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनी के मुख्यालय में आयोजित पुरस्कार वितरण समारोह में व्यक्तिगत उपलब्धियों के लिए राज्य व मुख्यालय स्तर पारितोषिक, प्रशस्ति पत्र एवं स्वर्ण पदक प्रदान किया गया। ट्रांसमिशन कंपनी के लाईन परिचारक श्रेणी-दो ओमप्रकाश रात्रे बिलासपुर को 220 एवं 132 केव्ही लाईनों को ब्रेकडाउन जैसी विपरीत स्थितियों से बचाने हेतु पुरस्कृत किया गया। जनरेशन कंपनी के अधीक्षण अभियंता दीपक जोगलेकर को बिना किसी व्यय के नया सॉफ्टवेयर तैयार करने तथा कोरबा पश्चिम संयंत्र के अधीक्षण अभियंता मोहम्मद शाहिद खान को 3 करोड़ के उत्पादन क्षति से बचाने, डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी के ईआईटीसी के सहायक अभियंता सुशांत फुलझेले रायपुर ने मीटर वाचक योजना के स्पॉट बिलिंग मोबाईल ऐप का निर्माण के लिए, कनिष्ठ अभियंता प्रतीक मिश्रा रायपुर बिलिंग मॉड्यूल से समस्याओं के निराकरण तथा रमेश मिश्रा रायपुर को कोविड 19 के लॉकडाउन अवधि में कर्तव्य परायणता के लिए पुरस्कृत किया गया। ट्रांसमिशन कंपनी के अधीक्षण अभियंता एमके बंछोर रायपुर को 147 नग 220 केवी व 132 केव्ही उपकेंद्रों के संचालन व सुरक्षा निगरानी निविदा के लिए तथा कार्यपालन अभियंता नमिता देवांगन रायपुर को लेबर कांट्रेक्ट आधारित विभिन्न निविदा के प्रस्तावों के आदेश जारी करवाने में महत्वपूर्ण योगदान के लिए मेडल दिया गया। जनरेशन कंपनी में कार्यपालन अभियंता पारूल निराला रायपुर को कोयला मंत्रालय से आबंटित गिधमुरी पुतरिया कोल ब्लाक के बैंक गारंटी को राजसात होने से बचाने के लिए तथा सहायक अभियंता संगीता सोनी रायपुर को गारे पैलमा कोल माइन हेतु 44 पदों पर संविदा भर्ती की प्रक्रिया पूर्ण करवाने के उल्लेखनीय कार्य के लिए पुरस्कृत किया गया। होल्डिंग कंपनी के कार्यालय सहायक सुधीर जी.राजिमवाले को डाटा एंटी आपरेटर व लाइन परिचारकों की भर्ती प्रक्रिया में उल्लेखनीय कार्य के लिए तथा कार्यालय सहायक बलवंत वर्मा को विभागीय लेखा प्रशिक्षण परीक्षा में प्रथम स्थान अर्जित करने के लिए पुरस्कृत किया गया। ट्रेडिंग कंपनी की कार्यपालन अभियंता कनिका श्रीवास्तव को स्वतंत्र विद्युत उत्पादकों से 44 करोड़ रुपए की पेनाल्टी वसूल कर कंपनी को आर्थिक लाभ पहुंचाने के लिए पुरस्कृत किया गया। इसमें डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी के बिलासपुर के शहर संभाग (पूर्व) में पदस्थ जूनियर इंजीनियर हेमलता प्रधान को नवंबर-दिसंबर में रिकार्ड वसूली कर बकाया राशि को कम करने तथा जगदलपुर के मद्देड़ वितरण केंद्र में पदस्थ परिचारक श्रेणी-दो अरविंद कोर्राम को धुर नक्सल प्रभावित क्षेत्र में विद्युत लाईनों का तत्परतापूर्वक सुधार कार्य के लिए पुरस्कृत किया गया। समारोह में उपस्थित प्रबंध निदेशक होल्डिंग कंपनी उज्ज्वला बघेल, जनरेशन कंपनी के प्रबंध निदेशक एनके बिजौरा, ट्रेडिंग कंपनी के प्रबंध निदेशक राजेश वर्मा, वितरण कंपनी के प्रबंध निदेशक हर्ष गौतम, ट्रांसमिशन कंपनी के प्रबंध निदेशक एसडी तेलंग एवं अन्य उच्चाधिकारियों ने पुरस्कृत कर्मियों को बधाई दी एवं भविष्य में बेहतर प्रदर्शन करने की शुभकामनाएं दीं।

पानी सप्लाई में बार-बार रुकावट, 6 में से 3 पम्प खराब

विधायक वोरा ने विभागीय अफसरों पर जताई कड़ी नाराजगी

दुर्ग/नवप्रदेश। शहर की पानी सप्लाई व्यवस्था में लापरवाही का पता चलने पर वरिष्ठ कांग्रेस विधायक अरुण वोरा और महापौर धीरज बाकलीवाल ने निगम के जल कार्य विभाग के अफसरों पर जमकर नाराजगी जताई है। विधायक और महापौर ने कहा है कि शहर की पानी सप्लाई व्यवस्था में किसी भी तरह की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। फेज टू योजना के बाद अब अमृत मिशन प्रोजेक्ट पूर्णता की ओर है। इसके बावजूद शहर में पानी सप्लाई में बार-बार रुकावट आने की नौबत नहीं आना चाहिए। लापरवाही बरतने पर जिम्मेदारी तय की जाएगी और उसी के अनुसार कार्रवाई की जाएगी। शहर के दर्जन भर वार्डों में पिछले तीन.चार दिनों से पानी की सप्लाई नियमित रूप से नहीं हो रही है। इन वार्डों में कई बार नल नहीं खुलते या नल खुलने पर लोगों को पर्याप्त पानी नहीं मिल पाता है। नल से पानी न मिलने की समस्या के कारण विधायक और महापौर के पास लगातार शिकायतें आ रही है। लगातार शिकायतें मिलने के कारण विधायक और महापौर ने शिवनाथ नदी पंप हाउस का निरीक्षण किया। इस दौरान पूर्व महापौर शंकरलाल ताम्रकार, जल कार्य प्रभारी संजय कोहले, एमआईसी मेंबर हमीद खोखर, ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष अलताफ अहमद, अजय मिश्रा, राजकुमार पाली सहित अन्य कांग्रेस नेता मौजूद थे। यहां पहुंचने पर पता चला कि पंप हाउस में 6 में से 3 मोटर पंप खराब है।

कमिश्नर ने ली विधायक ने जानकारी

इस संबंध में अधिकारियों से जानकारी लेने पर पता चला कि मेंटेनेंस कार्य की स्वीकृति नहीं हो पाने के कारण काम रुका है। विधायक और महापौर ने इस संबंध में निगम कमिश्नर हरेश मंडावी से फोन कर इस मामले की जानकारी दी। विधायक वोरा ने कहा कि 6 में से 3 मोटर पंप खराब होना दुर्भाग्यजनक है। आयुक्त स्वयं पानी सप्लाई व्यवस्था की मॉनिटरिंग करें और पानी का संकट न होने देने के लिए नियमित रूप से मेंटेनेंस आदि के कार्य कराएं। पानी सप्लाई बेहद आवश्यक सेवा है। यह व्यवस्था दुरुस्त रहनी चाहिए। आम जनता को पानी के लिए परेशान होने देने की नौबत नहीं आनी चाहिए। हर हाल में पानी सप्लाई व्यवस्था बहाल रहनी चाहिए।

फाइलें जबरन रोकना गलत

महापौर धीरज बाकलीवाल ने नाराजगी जताते हुए कड़े शब्दों में कहा है कि छोटे मोटे कार्यों के लिए फाइलें रोकना या लापरवाही करना गलत है। पानी सप्लाई के लिए मोटर पंप आदि के मेंटेनेंस के लिए एक-एक माह तक फाइल रोकने की बजाय तत्काल स्वीकृति लेकर मेंटेनेंस कार्य शुरू कराया जाना चाहिए। भविष्य में इस तरह की अव्यवस्था बर्दाश्त नहीं की जाएगी। महापौर ने साफ कहा है कि शहर में पानी सप्लाई जैसी जरूरी सेवा में लापरवाही का पता चलने पर जिम्मेदारी तय करते हुए सीधी कार्रवाई की जाएगी।

संभागायुक्त ने किया जल जीवन मिशन के कार्यों का निरीक्षण

बेमेतरा/नवप्रदेश। महादेव कावरे आयुक्त दुर्ग संभाग दुर्ग द्वारा बेमेतरा जिले के ग्राम कंडरका में जल जीवन मिशन के कार्यों का निरीक्षण किया गया। जल जीवन मिशन के तहत रिट्रोफिटिंग कार्य के तहत घर घर में नल कनेक्शन एवं सार्वजनिक स्थानों पर नल कनेक्शन दिया जा रहा है जिसे शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। इसी प्रकार ग्राम पिरदा में कोविड-19 टीकाकरण का निरीक्षण कर दूसरे डोज के लिए शेष बचे हुए लोगों को शीघ्र टीकाकरण करने के लिए निर्देश दिया गया, ताकि कोविड के नुकसान से बचा जा सकें। ग्राम पिरदा में ही गोधन न्याय योजना का निरीक्षण किया गया जिसमें सहायता समूह को वर्मी कंपोस्ट का 1 लाख रु मिला है क्रेडा द्वारा लगाया गया सोलर पंप बिगड़ा होना बताया गया, जिसे शीघ्र सुधार करने आयुक्त ने निर्देश दिया। ग्राम हसदा में गोठान समिति के खाते में 3.8 लाख तथा स्व सहायता समूह के पास1.5 लाख आय हुई है हसदा के चारागाह का भी निरीक्षण किया गया। ग्राम साकरा में गोधन न्याय योजना के तहत स्व सहायता समूह 215000 और गोठान समिति के पास 400000 राशि आय बताया गया। प्रत्येक गोठान में प्रतिदिन आने वाले जानवरों का रजिस्टर संधारित करने के निर्देश आयुक्त द्वारा दिया गया। आयुक्त द्वारा गोठान में मल्टी एक्टिविटी के तहत अन्य गतिविधियां लेने के लिए भी निर्देशित किया गया। ग्राम खमरिया के दो हितग्राहियों से जल जीवन मिशन के तहत नल में पानी की स्थिति वीडियो कॉलिंग द्वारा जानी गई। दोनों हितग्राही इससे संतुष्ट दिखे। इस अवसर पर कलेक्टर बेमेतरा विलास भोसकर संदीपान, पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत लीना मंडावी, कार्यपालन अभियंता लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी आशालता गुप्ता एवं अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

राम नाम में समग्र विश्व समाहित हो सकता है : योगेश

बेमेतरा/नवप्रदेश। शहर के मोहभट्ठा वार्ड में मानसगान श्रीराम कथा नवधा प्रतियोगिता के समापन पर किसान नेता योगेश तिवारी बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रहे। किसान नेता ने भगवान श्री राम की पूजा अर्चना कर क्षेत्रवासियों के खुशहाली की कामना की। प्रतियोगिता में शहर समेत आसपास के ग्रामीण अंचल की मानस मंडलीयों ने भाग लिया, जहां मंडली के कलाकारों ने अपनी कला के जरिए भगवान श्री राम की महिमा का बखान किया। इस दौरान किसान नेता योगेश तिवारी ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि राम सिर्फ हिन्दू के नहीं बल्कि समस्त मानव जाति के हैं। राम में समग्र विश्व समाहित हो सकता है। राम नाम का जप एक ऐसा दिव्य मंत्र है, जिसे जपने से जीवन से जुड़ी कैसी भी परेशानी हो दूर हो जाती हैं। यह एक ऐसा मंत्र है जिसे स्वयं देवों के देव महादेव भी स्मरण करते हैं। उनके रुद्रावतार श्री हनुमान जी तो हमेशा इस मंत्र का जाप करते रहते हैं।

रामायण के प्रत्येक पात्रों के जीवन चरित्र से लें सीख : आशीष छाबड़ा

बेमेतरा/नवप्रदेश। बेमेतरा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत नगर बेमेतरा के वार्ड नं 14 एवं वार्ड 20 एवं 21 में आयोजित श्रीराम कथा महोत्सव में मुख्य अतिथि बेमेतरा विधायक आशीष छाबड़ा शामिल हुए। प्रभु श्री रामचंद्र जी के छाया चित्र पर पुष्प माल्यार्पण कर क्षेत्रवासियों की खुशहाली की कमाना की। इस अवसर पर विधायक आशीष छाबड़ा ने कहा कि बेमेतरा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत लगातार गांव से लेकर शहरो में भक्ति मय वातावरण में भगवान श्रीराम कथा महोत्सव का आयोजन किया जा रहा

है, समाज में व्याप्त बुराइयों को दूर करने के लिए हमें रामायण के प्रत्येक पात्रों को जीवन चरित्र से सीख लेनी चाहिए, मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु श्री राम चन्द्र जी ने असत्य व अनीति का नाश कर सत्य व सदाचार युक्त राज्य की स्थापना की। प्रभु श्री रामचन्द्र जी का जीवन चरित्र से हमें मर्यादित व्यवहार करने की प्रेरणा मिलती है तो लक्ष्मण जी से हमें भाई के साथ किस तरह व्यवहार करना चाहिए व बड़े भाई का आज्ञाकारी होने की सीख मिलती है। सीता माता के चरित्र से दुख की घड़ी में भी पति के साथ रहने की प्रेरणा मिलती है। भरत जी से हमें भक्ति करने की प्रेरणा मिलती है, हमें रामायण के पात्रों के चरित्र में आत्मसात कर समाज में व्याप्त बुराइयों को दूर करना चाहिए, श्रीराम कथा हमारी छत्तीसगढ़ी संस्कृति का आधार है।

पीडब्ल्यूडी के खानापूर्ति मरम्मत से राहगीरों को परेशानी, सरकार को लाखों का नुकसान

देवभोग/नवप्रदेश। राज्य सरकार राहगीरों की आवागमन में सहूलियत हो इसके लिए सड़क मरम्मत के नाम पर लाखों रुपए खर्च कर रही है। मगर लागत राशि अनुसार मरम्मत नहीं कर अधिकारी ठेकेदार अपनी अपनी जेब भरने में लगे हुए हैं । तभी फर्स्ट लेयर की मरम्मत में इस्तेमाल मटेरियल बिखर कर सड़क पर आ रही है। कुछ इस तरह कुमडाई से माडागांव लिंपारा कोडोबेडा सड़क मरम्मत कार्य में देखने को मिल रहा है। पीडब्ल्यूडी विभाग ठेकेदार द्वारा यह सड़क पर जैसे-तैसे मटेरियल से मरम्मत कार्य अंजाम दे रहे। जिसके चलते

अभी से ही मटेरियल उखड़ कर बिखर रहा है। ऐसे में गुणवत्ताहीन का मरम्मत साल भर भी टिकना मुश्किल होगा। इस सड़क की हालत पहले से ही बदतर हो चुकी है। ऐसे में सड़क पर हुए गड्ढा की अच्छी तरह साफ -सफाई कर डामर से भिगोने के बाद डामर का मसाला डालकर दबाया जाना चाहिए मगर अफसोस की बात है। जैसे-तैसे सफाई करते हुए हल्का डामर का छिड़काव कर सीधा डामर मसाला डाल दिया जा रहा है। जिससे पीडब्ल्यूडी विभाग के एसडीओ इंजीनियर भली-भति अवगत है। ठेकेदार द्वारा बिलों काम लेने की बात कहकर अपना पल्ला झाड़ रहे हैं। ऐसे में मापदंड अनुसार गुणवत्ता पूर्वक मरम्मत की उम्मीद किस तरह किया जा सकता है। सबसे खास बात तो यह है कि इस मार्ग पर आय दिन टू व्हीलर से लेकर 18 चक्का लोड ट्रक का काफी ज्यादा मात्रा में आवागमन होता है। बावजूद इसके ठेकेदार और अधिकारियों का मरम्मत कार्य में कांटा मारी किया जाना समझ से परे है।

संसदीय सचिव ने पत्रकार सदन का लोकार्पण कर पत्रकारों का किया सम्मान

भटगांव/नवप्रदेश। आज नगर पंचायत भटगांव मे संसदीय सचिव व विधायक चन्द्रदेव राय द्वारा पत्रकार सदन के लोकार्पण एवं पत्रकारों को सम्मानित किया गया। बिलाईगढ़ विधानसभा मे भटगांव के सभी पत्रकार बरसों से पत्रकार सदन की मांग करते आ रहे थे, लेकिन पूर्व के सभी विधायकों ने अनसुना कर दिया। इस बार बिलाईगढ़ विधायक संसदीय सचिव चन्द्रदेव राय ने पत्रकारों के मांग को पूरा करते हुए 5 लाख की स्वीकृति दी थी। 30 जनवरी को नव निर्मित पत्रकार सदन का निर्माण का लोकार्पण एवं जिले से आये सभी पत्रकारों का सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। विधायक राय ने पत्रकार सदन का लोकार्पण कर तत्पश्चात पत्रकारों का सम्मान समारोह में जिले से उपस्थित सभी प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक्स मीडिया के पत्रकारों को पेन व डायरी प्रदान करके सम्मानित किया। विधायक ने पत्रकारों को सम्मानित करते हुए कहा की पत्रकार देश का चौथा स्तम्भ है जो अपने कर्तव्यों को बिना डरे निष्पक्षपूर्वक निभाते अपने कलम से सबके सामने प्रकाशित करते हैं। पत्रकार आम नागरिक के समस्याओ को संवाद को अधिकारीयों, शासन प्रशासन तक अपने विचारों के माध्यम से पहुंचाने का कार्य करती है। जिससे समस्याएं तुरंत समाचार के माध्यम से अधिकारीयों एवं शासन तक तुरंत पहुंचती है और कार्यवाही भी अतिशीघ्र होता है। वहीं हमारी सरकार अतिशीघ्र पत्रकार सुरक्षा क़ानून लागु करने पर विचार कर रही है जिससे पत्रकारों पर हो रहे अत्याचारों पर जल्द लगाम लगेगी। इस दौरान विधायक निधि से पत्रकार सदन के सुलभ शौचालय एवं अन्य सामग्री के लिए 1 लाख राशि प्रदान करने की घोषणा की।

छत्तीसगढ़ शासन जल संसाधन विभाग, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय कार्यपालन अभियंता जल संसाधन संभाग गरियाबंद, जिला-गरियाबंद (छ.ग.)

अल्पावधि निविदा आमंत्रण सूचना क्र. 14/व.ले.लि./2021-22/ गरियाबंद, दिनांक 28/01/2022

मैनुअल पद्धति अल्पावधि निविदा आमंत्रण सूचना

मैनुअल पद्धति से निम्नलिखित कार्य हेतु मुहरबंद निविदाएं फार्म-बी (आयटम रेट) में छत्तीसगढ़ शासन में एकीकृत निविदा में निर्धारित श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से प्राप्त की जावेगी। निविदा प्रस्तुत करने के सभी शर्तें एवं प्री क्वालिफिकेशन एवं निर्धारित मापदण्ड उपलब्ध निविदा प्रपत्र में दी गई है।

क्र.	कार्य का नाम	कार्य की अनुमानित लागत (रु.लाख में)	धरोहर राशि (रु.)	कार्य अवधि	निविदा प्रपत्र शुल्क (रु.)
01	गरियाबंद जिले के राजिम माघी पुन्नी मेला वर्ष 2022 में महानदी पर गंगा आरती घाट का निर्माण कार्य	8.28	6250.00	15 दिवस	750.00

1. इस कार्यालय से कार्यालयीन अवधि में दिनांक 01.02.2022 से 04.02.2022 तक निविदा प्रपत्र क्रय कर सकते हैं।
2. उपरोक्त निविदा प्रपत्र मात्र रजिस्टर्ड (ए.डी.) अथवा स्पीड पोस्ट के माध्यम से कार्यालयीन समय में दिनांक 09.02.2022 तक ही प्राप्त किए जावेंगे। इसके अतिरिक्त अन्य किसी प्रकार से जैसे व्यक्तिगत या एक्सप्रेस डिलीवरी, कुरियर सेवा इत्यादि से निविदा प्रपत्र प्राप्त नहीं की जावेगी।
3. निविदा खोलने की तिथि 10.02.2022
4. इच्छुक निविदाकार कार्य से संबंधित विस्तृत विवरण प्राप्त करने या कार्य स्थल निरीक्षण करने हेतु कार्यपालन अभियंता, जल संसाधन संभाग गरियाबंद (छ.ग.) से संपर्क स्थापित कर सकते हैं।

जी-67266/2

कार्यपालन अभियंता
जल संसाधन संभाग, गरियाबंद
जिला- गरियाबंद (छ.ग.)

देश भर के आदिवासी युवाओं तक पहुंचा भाजयुमो, केंद्र सरकार की योजनाओं से कराया रूबरू

रायपुर/नवप्रदेश। भाजयुमो द्वारा स्वामी विवेकानंद जी की 157वीं जयंती के अवसर पर 12 से 18 जनवरी तक पूरे देश में विवेकानंद सप्ताह मनाया गया। उसी के अंतर्गत भाजयुमो ने राष्ट्रीय अध्यक्ष तेजस्वी सूर्या के नेतृत्व में पूरे भारत के आदिवासी युवाओं तक पहुंचने के लिए एक समर्पित कार्यक्रम की अवधारणा की जिसका उद्देश्य आदिवासी युवाओं को सरकार द्वारा संचालित विभिन्न कार्यक्रमों के प्रति जागरूक करना और उनकी जरूरतों और आकांक्षाओं को समझने के लिए उनके साथ व्यापक चर्चा का आयोजन करना है।

इस पहल के तहत आदिवासी क्षेत्रों में मूलभूत अधोसंरचना, शैक्षणिक सुविधाएँ, स्वास्थ्य, रोजगार, कानून व्यवस्था और उनकी सांस्कृतिक पहचान के संरक्षण के संबंध में चिंतन और विचार-विमर्श किया जा रहा है। राज्य स्तर पर विचार-विमर्श कर सुझाव एकत्र किए जा रहे हैं और उन्हें भाजयुमो के नीति अनुसंधान और प्रशिक्षण (पीआरटी) प्रभाग को भेजा जा रहा है। राष्ट्रीय पीआरटी टीम एक नीति पत्र लेकर आएगी जिसे विभिन्न हितधारकों के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा।

भाजयुमो के राष्ट्रीय अध्यक्ष तेजस्वी सूर्या ने कहा कि, ÷यह मोदी सरकार द्वारा शुरू की गई और लागू की गई विभिन्न योजनाओं के प्रभाव को और व्यापक करने का एक प्रयास है। इसके माध्यम से, हम देश के सुदूर आदिवासी जिलों के युवाओं तक सरकारी योजनाओं पर चर्चा करने और उनकी भविष्य की अपेक्षाओं को संकलित करने के लिए पहुंच रहे हैं। इस प्रकार के कार्यक्रम, शासन में सभी वर्गों की सहभागिता को सुनिश्चित करेंगे जिसमें भाजयुमो उत्प्रेरक की भूमिका निभाएगा।

कई राज्यों में इस कार्यक्रम की शुरुआत हो चुकी है। मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, बिहार और पुडुचेरी की राज्य पीआरटी टीमों द्वारा पहले ही आदिवासी युवाओं के विभिन्न समूहों से कई दौर की चर्चा की जा चुकी है जिसकी अच्छी प्रतिक्रिया आदिवासी युवाओं से मिल रही है।

छत्तीसगढ़ के राज्य पीआरटी सह-प्रभारी नाज़िया खान ने कहा कि ÷जनधन, आयुष्मान भारत और स्वच्छ भारत जैसी नीतियों ने उन आदिवासी परिवारों के जीवन में महत्वपूर्ण बदलाव लाए हैं जिनसे वे मिले थे लेकिन साथ ही बुनियादी ढांचागत सेवाएं मुहैया कराने में छत्तीसगढ़ की अनदेखी चिंताजनक है।

भाजयुमो के राष्ट्रीय पीआरटी प्रभारी वरुण झावेरी ने कहा कि, ÷ये चर्चा आदिवासी युवाओं की अपेक्षाओं और आकांक्षाओं को बेहतर ढंग से समझने के लिए आवश्यक कदम हैं।

यह पहल कुछ राज्यों में शुरू हो गई है और अगले कुछ हफ्तों में, हम देश भर के आदिवासी जिलों में इसका विस्तार होते देखेंगे। यह एक बार किया जाने वाला आयोजन नहीं बल्कि निरंतर चर्चा की शुरुआत है ताकि हम आदिवासी युवाओं और सरकारी कार्यक्रमों के बीच एक सेतु के रूप में कार्य कर सकें। ÷

आदिवासी युवाओं से चर्चा करने के बाद मध्य प्रदेश के पीआरटी प्रभारी शुभम वर्मा ने कहा कि, इस तरह के व्यापक कार्यक्रम की बहुत आवश्यकता थी क्योंकि इससे पता चलता है कि कैसे आदिवासियों की वास्तविक समस्याएं जगह-जगह बदलती रहती हैं।

इससे जमीनी स्तर पर समस्याओं के समाधान के लिए अधिक सटीक नीतियां बनाने में मदद मिलेगी।

न्यूज गैलरी

राज्यपाल ने राष्ट्रपिता को श्रद्धांजलि दी

रायपुर/नवप्रदेश। राज्यपाल सुश्री अनुसुईया उइके ने आज यहां राजभवन में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि के अवसर पर उनके छायाचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। राज्यपाल ने कहा है कि महात्मा गांधी ने मातृभूमि की सेवा के लिए सर्वस्व अर्पित कर दिया। उनके आदर्श एवं विचार देश सहित पूरी दुनिया के लिए आज भी प्रासंगिक हैं। हमें उनके आदर्शों को अपने व्यवहार एवं आचरण में उतारने की जरूरत है। आज की युवा पीढ़ी को महात्मा गांधी के जीवन दर्शन जानने के लिए उनसे संबंधित किताबों का गहन अध्ययन करना चाहिए।

विस् अध्यक्ष डॉ महंत ने महात्मा गाँधी जी की पुण्यतिथि पर किया नमन

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ चरणदास महंत ने महात्मा गांधी जी की पुण्यतिथि, बलिदान दिवस पर उन्हें याद करते हुए किया नमन। विस् अध्यक्ष डॉ महंत ने कहा महात्मा गाँधी जी को ब्रिटिश शासन के खिलाफ भारतीय राष्ट्रीय आंदोलन का नेता और 'राष्ट्रपिता' माना जाता है। राजनीतिक और सामाजिक प्रगति की प्राप्ति हेतु अपने अहिंसक विरोध तथा सिद्धांत के लिए उन्हें अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त हुई। डॉ महंत ने कहा, महात्मा गांधी के पूर्व भी शांति और अहिंसा के बारे में लोग जानते थे, परंतु उन्होंने जिस प्रकार सत्याग्रह, शांति व अहिंसा के रास्तों पर चलते हुए अंग्रेजों को भारत छोड़ने पर मजबूर कर दिया, उसका कोई दूसरा उदाहरण विश्व इतिहास में देखने को नहीं मिलता। तभी तो संयुक्त राष्ट्र संघ ने भी वर्ष 2007 से गांधी जयंती को 'विश्व अहिंसा दिवस' के रूप में मनाए जाने की घोषणा की है। विश्व पटल पर महात्मा गांधी सिर्फएक नाम नहीं अपितु शांति और अहिंसा का प्रतीक हैं।

मास्क वितरित कर कोरोना से बचाव का दिया संदेश

रायपुर/नवप्रदेश। रायपुर जिला प्रशासन के मार्गदर्शन में कोविड अवेंजर्स कुछ फ़र्ज़ हमारा भी संस्था के वॉलिंटियर्स द्वारा भाठागांव बस स्टैंड पर यात्रियों, बस चालकों राहगीरों और दुकानदारों को मास्क वितरित किया गया एवं मास्क का उपयोग नियमित करने की अपील की। जोन क्रमांक 6 में स्वच्छ्ता दीदी के द्वारा मास्क नही पहनने वालों पर चालानी कार्रवाई की गई। संस्था के सदस्यों द्वारा राह चलते नागरिकों से टीकाकरण के दोनों डोज़ लगवाने हेतु अपील की गई। इस जन-जागरूकता अभियान के दौरान कुछ फ़र्ज़ हमारा भी के प्रमुख नितिन सिंह राजपूत के साथ समीर वैश्यानी, अभय नायडू, नीतू परिहार, शुभम कार्तिक, लल्ला ठाकुर, अशरफहुसैन, विक्की बघेल, हरमन सैनी, जस्सी भट्टर, अजय गुप्ता, गौतम झा और अमित होतवानी उपस्थित रहे।

पौनी पसारी का लोकार्पण कर पसरा व्यवसायियों को दी शानदार सौगात

रायपुर/नवप्रदेश। आज नगर पालिक निगम रायपुर के महापौर एजाज ढेबर ने नगर निगम जोन 6 के तहत आने वाले डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड क्रमांक 61 के तहत भाठागांव पानी टंकी के सामने शासकीय भूमि पर नवनिर्मित पौनी पसारी का फीता काटकर लोकार्पण करते हुए क्षेत्र के पसरा व्यवसायियों को एक स्थायी स्थान पर राज्य शासन की लोकहितैषी योजना के तहत निर्भय होकर पैतृक व्यवसाय चलाकर उसकी उन्नति करने के कार्य के लिये छत्तीसगढ राज्य योग आयोग अध्यक्ष एवं नगर निगम जोन 6 लोककर्म विभाग के माध्यम से शानदार सौगात नगर निगम लोककर्म विभाग अध्यक्ष श्री ज्ञानेष शर्मा, डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड पार्षद व निगम जलकार्य विभाग अध्यक्ष श्री सतनाम सिंह पनाग, वित्त विभाग अध्यक्ष समीर अख्तर, जोन 6 अध्यक्ष श्रीमती निषा देवेन्द्र यादव, पार्षद श्री चंदपाल धनगर, श्रीमती सरिता वर्मा, जोन 6 जोन कमिष्नर श्री एन.आर. चंद्राकर, जोन कार्यपालन अभियंता श्री एस.पी. त्रिपाठी सहित संबंधित अधिकारियों एवं आमजनों की उपस्थिति में लोकार्पण कर शानदार सौगात दी । नगर निगम जोन 6 लोककर्म विभाग द्वारा भाठागांव में पौनी पसारी योजना के तहत पसरा व्यवसायियों के लिए पैतृक व्यवसाय करने शेड एवं दीवार सहित अन्य आवष्यक निर्माण व विकास कार्य 20 लाख रू. की लागत से पूर्ण करवायें है।

कोविड के उपचार में स्टेरॉयड के प्रयोग से बचें, ब्लैक फंगस का खतरा

12 विभाग की टीम पूर्व में ही कर चुकी है 217 रोगियों के जीवन की रक्षा

- एम्स ने तीसरी लहर में रोगियों को ब्लैक फंगस से बचाने के लिए जागरूकता कार्यक्रम प्रारंभ किया
- पुराने रोगियों के पुनर्वास का प्रयास, अन्य विभागों में हो रहा है उपचार
- एक बार फिर संभावित रोगियों के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं

रायपुर/नवप्रदेश। अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान विभाग के ईएनटी विभाग ने एक बार पुनः म्यूकर माइकोसिस (ब्लैक फंगस) के संभावित केस को देखते हुए स्टेरॉयड के प्रयोग को लेकर जागरूकता का प्रसार करना शुरू कर दिया है। विशेषज्ञों का कहना है कि यदि दूसरी लहर के समान इस बार भी कोविड-19 के रोगियों ने बिना चिकित्सकों की निगरानी के स्टेरॉयड का प्रयोग किया तो ब्लैक फंगस के रोगियों की संख्या और अधिक हो सकती है। इसके साथ ही पुराने रोगियों के पुनर्वास के लिए भी सघन प्रयास किए जा रहे हैं। एम्स में ब्लैक फंगस के उपचार के लिए ही पूर्व से ही निदेशक प्रो. (डॉ.) नितिन एम. नागरकर के निर्देशन में एक दर्जन से अधिक विभागों की एक टीम कार्य कर रही है। प्रो. नागरकर ने बताया कि कोविड की दूसरी लहर में आए 252 रोगियों में से 217 रोगियों का ऑपरेशन कर उन्हें ठीक किया गया था। देशभर में यह किसी चिकित्सा संस्थान में किए गए सर्वाधिक ऑपरेशन में से एक था। इसके लिए सात विशेष म्यूकरमाइकोसिस वार्ड बनाए गए थे जबकि तीन ऑपरेशन थियेटर को प्रति सप्ताह छह दिन ऑपरेशन के लिए आरक्षित कर दिया गया था और दो आईसीयू इन रोगियों के लिए आरक्षित थे। एक बार पुनः इस टीम को कार्यशील कर दिया गया है।

अभी ईएनटी, नेत्र रोग, न्यूरो सर्जरी, डेंटल, मेडिसिन, एंडीक्रायनोलॉजी, पल्मोनरी, एनेस्थेसिया, रेडियोलॉजी, माइक्रोबायोलॉजी, क्लीनिकल फार्माकोलॉजी और पैथोलॉजी विभागों के चिकित्सक मिलकर ब्लैक फंगस के इलाज की तैयारी कर रहे हैं। ईएनटी विभाग की डॉ. रूपा मेहता ने बताया कि विभाग निरंतर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर स्टेरॉयड के प्रयोग में सावधानी बरतने की सलाह दे रहा है। रोगियों से अनुरोध किया जा रहा है कि वे होम आइसोलेशन में स्वयं स्टेरॉयड का प्रयोग न करें। स्टेरॉयड का प्रयोग चिकित्सकों की निगरानी में गंभीर स्थिति में ही किया जाना चाहिए।

प्रो. नागरकर ने बताया कि पूर्व में ठीक होकर जा चुके 217 रोगियों के पुनर्वास का दायित्व भी एम्स के विभिन्न विभाग निभा रहे हैं। अब ऐसे रोगियों को डेंटल इंप्लांट, प्लास्टिक सर्जरी और अन्य चिकित्सा सेवाएं प्रदान की जा रही हैं ताकि वे सामान्य जीवन यापन कर सकें। पुराने रोगी भी नियमित स्क्रिनिंग के लिए विभाग आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि यदि कोविड-19 के रोगी नियमित स्क्रीनिंग करवाएं तो उन्हें ब्लैक फंगस से बचाया जा सकता है।

सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के हितग्राहियों को वार्ड 26 के पास एटीएम कार्ड प्रदत्त किये

रायपुर/नवप्रदेश। नगर पालिक निगम में अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति कल्याण विभाग के अध्यक्ष एवं दानवीर भामाशाह वार्ड क्रमांक 26 के पार्षद श्री सुन्दरलाल जोगी ने नगर पालिक निगम के जोन 2 के अंतर्गत आने वाले दानवीर भामाशाह वार्ड नम्बर 26 के मिनी माता चैक के पास शासन की सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के तहत पात्र वार्डवासी हितग्राहियों को नगर पालिक निगम के गरीबी उपशमन एवं समाज कल्याण विभाग की योजना के अंतर्गत आईडीबीआई बैंक के एटीएम कार्ड ससम्मान प्रदत्त किये। एमआईसी सदस्य श्री जोगी ने कहा कि बैंक एटीएम कार्ड मिलने से सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के पात्र हितग्राहियों को पेंशन प्राप्त करने नगर निगम कार्यालय के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे।

नवा छत्तीसगढ़ गढ़ने में सहभागी बनेंगे युवा

रायपुर/नवप्रदेश। किसी देश और प्रदेश के लिए युवा वह पूंजी होते हैं जिन पर उस देश और प्रदेश का भविष्य निर्भर करता है। इसी विचार को ध्यान में रखते हुए प्रदेश के संवेदनशील मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने नवा छत्तीसगढ़ गढ़ने में युवाओं को सहभागी बनाने की पहल की है। युवाओं को एक सूत्र में पिरोने के लिए भूतपूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्व. श्री राजीव गांधी के नाम पर राजीव युवा मितान क्लब योजना शुरू की जा रही है, जिसके माध्यम से प्रदेश की युवा शक्ति को एक नई दिशा मिलेगी। वहीं युवाओं को एक मंच देकर छत्तीसगढ़ के विकास में सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी। राज्य सरकार ने प्रदेशभर में 13 हजार 269 राजीव युवा मितान क्लब के गठन का निर्णय लिया है।

गौरतलब है कि स्वामी विवेकानंद की जयंती पर 12 जनवरी 2020 को मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने राज्य के युवाओं को संगठित करके उनकी ऊर्जा का सदुपयोग नवा छत्तीसगढ़ गढ़ने में करने की बात कही थी। इसके लिए युवाओं को एक मंच पर लाना जरूरी है और वह मंच या माध्यम राजीव युवा मितान क्लब है। क्लब से जुड़कर युवा खेलों को आगे बढ़ाने के साथ ही छत्तीसगढ़ की संस्कृति और पर्यावरण के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए काम करेंगे। राजीव युवा मितान क्लब का उद्देश्य युवाओं को रचनात्मक कार्यों से जोड़ने के अलावा इन युवाओं के माध्यम से जनकल्याणकारी योजनाओं को आमजनों तक पहुंचाना भी है।

योजना के लिए तय प्रारूप के अनुसार राज्य की सभी 11 हजार 664 ग्राम पंचायतों में एक-एक एवं प्रदेश के 169 नगरीय निकायों में जनसंख्या के अनुपात में 1605 क्लबों का चरणबद्ध तरीके से गठन किया जाएगा। इस तरह राज्य में कुल 13 हजार 269 राजीव युवा मितान क्लब गठित किए जाएंगे। इन क्लबों के लिए 132.69 करोड़ रुपए वार्षिक व्यय संभावित है, जिसमें वित्तीय वर्ष 2021-22 के वार्षिक बजट में राजीव युवा मितान क्लब के लिए 50 करोड़ रुपए की राशि का प्रावधान किया गया है। प्रति क्लब प्रति तिमाही 25 हजार रुपए की राशि अनुदान के रूप में दी जाएगी।

क्लब गठन का उद्देश्य:- राजीव युवा मितान क्लब गठन की योजना का उद्देश्य प्रदेश के युवा वर्ग को संगठित कर उन्हें रचनात्मक कार्यों से जोड़ना है। वहीं उन्हें शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से जोड़कर सामाजिक, सांस्कृतिक, खेल एवं सेवाभाव से कार्य करने के लिए प्रोत्साहित करना है। साथ ही प्रदेश के विकास योजनाओं के क्रियान्वयन में सहयोग प्राप्त कर लोक सहभागिता सुनिश्चित करने व सृजनात्मक गतिविधियों के लिए प्रेरित किया जाना है। राजीव युवा मितान क्लब के माध्यम से युवाओं में नेतृत्व क्षमता के विकास में मदद मिलेगी। इस क्लब के माध्यम से कौशल विकास की गतिविधियाँ भी संचालित की जाएंगी।

सांसद सोनी ने विधायक बृजमोहन के साथ किया रायपुर स्मार्ट सिटी लि. के कार्य योजनाओं का निरीक्षण

- समय सीमा में योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन के दिए निर्देश
- निरीक्षण भ्रमण के दौरान एमडी श्री अभिजीत सिंह भी थे साथ

रायपुर/नवप्रदेश। सांसद सुनील सोनी और रायपुर दक्षिण विधायक बृजमोहन अग्रवाल ने आज रायपुर स्मार्ट सिटी के एमडी अभिजीत सिंह के साथ स्मार्ट सिटी मिशन के तहत संचालित एवं प्रस्तावित कार्य योजनाओं का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। सांसद सोनी ने इस दौरान कहा कि योजनाओं का तय समय सीमा में क्रियान्वयन हो एवं व्यय की जाने वाली राशि के पूर्ण सदुपयोग से इसका लाभ जन सामान्य को पूरी तरह से मिले इसका हमेशा ध्यान रखा जाए। इस दौरान नगर निगम की नेता प्रतिपक्ष मीनल चौबे, रायपुर स्मार्ट सिटी लि. के अतिरिक्त प्रबंध संचालक चंद्रकांत वर्मा, पार्षद मृत्युंजय दुबे, सीमा कंदोई, सरिता वर्मा भी साथ थे।

सांसद सोनी ने विधायक अग्रवाल के साथ नगर पालिक निगम के जोन-4 स्मार्ट रोड एवं रोटरी, सप्रे स्कूल के समीप सड़क निर्माण कार्य, बूढ़ातालाब कायाकल्प योजना अंतर्गत संचालित फेस-2 कार्य एवं महाराजबंध सौंदर्यीकरण कार्य का निरीक्षण कर अधिकारियों को अपने सुझाव दिए। निरीक्षण के दौरान उन्होंने जोन-4 स्मार्ट सड़क में बन रहे फुटपाथ का निर्माण कार्य पार्किंग सुविधा को ध्यान में रखकर पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया है। आवागमन को सुगम व सुरक्षित बनाने प्रस्तावित रोटरी स्थल का भी इस दौरान उन्होंने निरीक्षण किया और जनसुविधा के अनुरूप सर्वेक्षण कर इस पर निर्णय लिए जाने के लिए कहा। उन्होंने निर्माण एजेंसियों से भी कहा है कि योजनाओं का प्रारूप इस तरह से तैयार किया जाना चाहिए कि तैयार की गई अधोसंरचना में बदलाव की आवश्यकता न रहे।

पेगासस में केन्द्र सरकार देशद्रोह किया : कांग्रेस

रायपुर/नवप्रदेश। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम ने कहा कि पेगासस जासूसी मामले में न्यूयॉर्क टाइम्स के खुलासे से एक बार फिर से साफहो गया कि मोदी सरकार ने देश के लोगों, राजनेताओं की जासूसी करने के लिये इजरायली स्पाइवेयर पेगासस को खरीदा था। इसको खरीदने के लिये मोदी सरकार ने जनता के धन का भी उपयोग किया था। मोदी सरकार ने पेगासस 2017 में डिफेंस सौदे और मिसाइल सिस्टम के साथ इसे खरीदा और रक्षा डील के रूप में 2 बिलियन डॉलर का भुगतान किया था। मोदी सरकार ने हमारे लोकतंत्र की प्राथमिक संस्थाओं, राज नेताओं व जनता की जासूसी करने के लिए पेगासस खरीदा था। फोन टैप करके सत्ता पक्ष, विपक्ष, सेना, न्यायपालिका सब को निशाना बनाया है। ये देशद्रोह है और मोदी सरकार ने देशद्रोह किया है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम ने कहा कि मोदी सरकार ने भारत के दुश्मनों की तरह काम किया और भारतीय नागरिकों के खिलाफ पेगासस का इस्तेमाल किया? उन्होंने कहा पेगासस के जरिए जासूसी करना देशद्रोह है। कोई भी कानून के ऊपर नहीं है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम ने कहा कि भारत ने 2017 में इजराइल के साथ रक्षा सौदे के तहत पेगासस को खरीदा था। न्यूयॉर्क टाइम्स की रिपोर्ट से साबित हो गया है कि चौकीदार ही जासूस है। भारत सरकार ने 2 अरब डॉलर के वेपन पैकेज के हिस्से के रूप में 2017 में इजरायली स्पाइवेयर पेगासस खरीदा। यह प्रमाण है कि भाजपा सरकार ने राहुल गांधी समेत भारत के नागरिकों पर जासूसी करने के लिए मिलिट्री ग्रेड स्पाइवेयर का इस्तेमाल किया। इस खुलासे के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को सत्ता में बने रहने का कोई नैतिक अधिकार नहीं है।

बयानबाजी — मोदी के मन की बात कोई सुनना नहीं चाहता भाजपाई गांधी जी के बहाने भीड़ एकत्रित करना चाह रहे

शिवप्रकाश ने माना कि भाजपा के पास मुद्दो का अकाल

- गोड़से के पुजारी बापू की पुण्यतिथि पर नमन करने का ढोंग करेंगे

रायपुर/नवप्रदेश। भाजपा के राष्ट्रीय सह-संगठन महामंत्री शिवप्रकाश द्वारा भाजपा कार्यकर्ताओं को जनहित के मुद्दों पर मुखर होने मंत्रियों, विधायकों की कमजोरी खोजने के निर्देश पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा है कि कांग्रेस के मंत्रियों, विधायकों की नहीं अपने संगठन की कमजोरी खोजे भाजपाई। भाजपा अपने गुटीय लड़ाई और बौद्धिक दिवालियेपन को दूर कर लें फिर कांग्रेस नेताओं की कमियों को खोजे। शिवप्रकाश के निर्देश से स्पष्ट हो गया कि छत्तीसगढ़ में भाजपा मुद्दों के अकाल से जूझ रही है।

पहले उन्होंने सांप्रदायिक उन्माद भड़काने का प्रयास किया फिर झूठे धर्मांतरण के मुद्दे को हवा देने का प्रयास किया जब जनता ने नकार दिया तो अब भाजपाई नया शिगूफेबाजी करेंगे।

प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने भाजपा नेतृत्व द्वारा कार्यकर्ताओं को गांधी पुण्यतिथि पर महात्मा गांधी को श्रद्धांजली देकर प्रधानमंत्री के मन की बात सुनने के लिए कहा जाना भाजपा का राजनीतिक स्वांग है। अब देश की जनता मोदी के मन की बात नहीं सुन रही तो भाजपा कार्यकर्ताओं को ठेका दिया गया है कि वे गांधी के नाम पर भीड़ एकत्रित कर मोदी की मन की बात सुनाये। इससे बड़ा ढोंग क्या हो सकता है कि गोड़से के पुजारी बापू को श्रद्धांजलि देंगे! हाल ही धर्मसंसद में जिनका एजेंडा लेकर महात्मा गांधी के विरुद्ध अपशब्द कहे गए, समूची भाजपा गांधीजी को गाली देने वाले के साथ खड़ी थी। वे अब गांधी जी को श्रद्धांजलि अर्पित करने का मार्गदर्शन दे रहे हैं। भाजपाईयों को गांधी जी को श्रद्धांजली देने के पहले नाथूराम गोंड़से मुर्दाबाद के नारे लगाने चाहिए। गांधी और गोंडसे की भक्त एक साथ संभव नहीं है।

प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि दरअसल भाजपा ने मोदी के मन की बात सुनने, सुनवाने का आदेश अपने कार्यकर्ताओं को दिया है, जिनको देश की जनता के मन की बात सुनने की कभी फुर्सत नहीं मिलती, जो न विपक्ष की बात सुनते और न देश के किसान की, न करोड़ों बेरोजगार युवाओं की, न गरीब की, न महंगाई की मार झेल रही मां बहनों के मन की बात सुनते है। जनहित के मुद्दे उठाना और जनता का हित सोचना केवल गांधीवादी विचारधारा का संकल्प है। गोड़सेवादियों से जनहित के लिए मुखर होने की उम्मीद नहीं की जा सकती।

भाजपा छत्तीसगढ़ में तीन साल से कांग्रेस की भूपेश बघेल सरकार के जनहित के फैसलों का विरोध कर रही है और मुद्दाविहीन भाजपा यहां के सद्भाव को बिगाड़ने की साजिश कर रही है।

संपादकीय

चुनाव आयोग के निर्देशों का उल्लंघन

उत्तर प्रदेश और पंजाब सहित जिन पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव हो रहे हैं। वहां कोरोना संक्रमण के बढ़ते खतरे को मद्देनजर रखकर चुनाव आयोग ने रैली और आम सभाओं के आयोजन पर रोक लगा रखी है। यही नहीं बल्कि जन संपर्क के दौरान भी प्रत्याशियों को सिर्फ पांच लोगों के साथ भ्रमण करने की इज्जात दी गई है। किन्तु चुनाव आयोग के इन निर्देशों का खुला उल्लंघन किया रहा है। कोरोना गाइड लाइन को राजनीतिक दल गंभीरता से नहीं ले रहे हैं। वर्चुअल मिटिंग के नाम पर भी भारी भीड़ एकत्रीत की जा रही है। यही नहीं बल्कि जन संपर्क के दौरान भी नेताओं के साथ उनके सैकड़ों समर्थकों की भीड़ चलती है। इस भीड़ में भी अधिकांश लोग मास्क नहीं लगाते। सोशल डिस्टेंसिंग के पालन का तो सवाल ही नहीं उठता। हालांकि ऐसी शिकायतें सामने आने पर पुलिस एफआईआर दर्ज करती है। किन्तु इसकी भी राजनीतिक पार्टियों को कोई खास परवाह नहीं होती। जबकि होनो तो यह चाहिए कि चुनाव आयोग के निर्देशों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ तत्काल कड़ी कार्रवाई हो। ऐसे प्रत्याशियों का नामांकन ही रद्द कर देना चाहिए जो चुनाव आयोग के निर्देशों को ठेंगा दिखाने का दुससाह कर रहे हैं। देश में कोरोना की तिसरी लहर का कहर बदस्तुर जारी है। ऐसी स्थिति में कोरोना गाईड लाइन का पालन करना सभी के हित में है। राजनीतिक पार्टियों के कर्णधारों को सोचना चाहिए कि उनकी यह आपराधिक भूल कितने लोगों का जीवन संकट में डाल सकती है। चुनाव आयोग ने जो गाइड लाइन जारी की है उसकी अनदेखी करना कतई उचित नहीं है। पिछले बार बंगाल विधानसभा चुनाव के दौरान कोरोना गाइड लाइन का पालन न करने का दुष्परिणाम देश देख चुका है जहां चुनाव के बाद कोरोना विस्फोट हुआ था। ऐसी ही स्थिति उत्तर प्रदेश, पंजाब, उत्तराखंड, गोवा और मणिपुर में भी बन सकती है। चुनाव आयोग को चाहिए कि वह इस मुद्दे पर राजनीतिक पार्टियों की एक और बैठक तत्काल बुलाए और उन्हें फटकार लगाए। कोरोना गाइड लाइन का उल्लंघन करने वाले पार्टी प्रत्याशियों का नामांकण रद्द करने का प्रावधान करें। जब तक इस तरह के कड़े कदम नहीं उठाएं जाएंगे तब तक चुनाव आयोग के निर्देशों का पालन नहीं हो पाएगा। यह ठीक है कि समय पर चुनाव होने चाहिए लेकिन कोरोना के खतरे को ध्यान में भी रखा जाना चाहिए। इस बारे में चुनाव आयोग ने पहले ही सभी राज्यों में अपनी टीम भेजकर वहां की राजनीतिक पार्टियों के साथ विचार विमर्श किया था और सभी राजनीतिक दलों ने एक सुर में समय पर ही चुनाव कराने की मांग करते हुए चुनाव आयोग के अधिकारियों को आश्वस्त किया था कि वे कोरोना संक्रमण को देखते हुए कोरोना गाइड लाइन का पालन करेंगे और इस बारे में चुनाव आयोग के सभी दिशा निर्देशों को मानेंगे। लेकिन अधिकांश राजनीतिक पार्टियां अब अपने वादे से मुकर रही है और चुनाव आयोग के निर्देशों की धज्जियां उड़ा रही है ऐसे में उनके खिलाफ चुनाव आयोग को अपना डंडा चलाने से नहीं हिचकना चाहिए। वरना चुनावी राज्यों में कोरोना बम का फूटना तय है।

इस बजट से आम आमदी को हैं बड़ी उम्मीदें!

डॉ. श्रीनाथ सहाय

पीएम किसान योजना की राशि को बढ़ाकर 8 हजार रुपये किया जा सकता है। उम्मीद है कि, इस बजट 2022 में, सरकार यह तय कर सकती है कि करदाताओं को किस हद तक कर छूट मिलेगी या अगले वित्तीय वर्ष के लिए कर ढांचे में क्या बदलाव किए जाएंगे। बजट में शिक्षा और देश के बुनियादी ढांचे को और मजबूत करने को लेकर भी घोषणाएं की जा सकती हैं। इस बजट में यह भी देखा जाएगा कि सरकार उत्पाद शुल्क, सीमा शुल्क, आयात शुल्क, किसी भी चीज पर उपकर बढ़ाती या घटाती है। कुल मिलाकर यह कहा जा सकता है कि ये बजट मोदी सरकार के लिये परीक्षा साबित होगा, क्योंकि उसे एक साथ कई मोर्चों और चुनौतियों के मद्देनजर एक संतुलित, विकासशील और आम आदमी को खुश करने वाला बजट पेश करने का भारी दवाब जो है।

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण आगामी 1 फरवरी को अपना चैथा बजट पेश करेंगी। बढ़ती बेरोजगार, मंहगाई और कोरोना के चलते बदले आर्थिक परिदृश्य के बीच ये बजट अहम साबित होने वाला है। मोदी सरकार के सामने एक साथ कई चुनौतियां है। जहां कोरोना ने अर्थव्यवस्था को हिला रखा है, वहीं पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव भी हैं, ऐसे में बड़ा सवाल यह है कि बजट के पिटारे से क्या निकलता है। क्या आगामी केंद्रीय बजट 2022 मौजूदा आयकर दरों में कोई बदलाव लाएंगी? ऐसे में इस बार उम्मीद है कि सरकार कोई बड़ी घोषणा कर सकती है। इसके अलावा, स्वास्थ्य, इंफ्रास्ट्रक्चर, रियल एस्टेट, रक्षा, हॉस्पिटैलिटी और एमएसएमई सेक्टर समेत अन्य क्षेत्रों के लिए कोरोना के दौर में बड़ी घोषणाएं और राहत पैकेज का एलान किया जा सकता है। यहां हम बजट 2022 से जुड़ी 22 उम्मीदों का जिक्र कर रहे हैं। 31 जनवरी को ही केंद्र सरकार की ओर से संसद में आर्थिक सर्वेक्षण पेश किया जाएगा। आर्थिक सर्वेक्षण वित्त मंत्रालय का एक प्रमुख वार्षिक दस्तावेज होता है जो पिछले वित्त वर्ष में देश के आर्थिक विकास की समीक्षा करता है। यह सभी क्षेत्रों- औद्योगिक, कृषि, विनिर्माण सहित अन्य के डेटा का पूरा विवरण देता है। हमारे देश में पहला आर्थिक सर्वेक्षण वर्ष 1950-51 में प्रस्तुत किया गया था। 1964 तक बजट और आर्थिक सर्वेक्षण एक साथ पेश किए गए। फिर 1964 के बाद, दोनों अलग हो गए।

इस बार के बजट में करदाताओं को वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से कुछ छूट या राहत की उम्मीद है। बीते वर्ष मोदी सरकार ने कोरोनोवायरस महामारी से प्रभावित अर्थव्यवस्था को फिर से जीवंत करने के लिए कई प्रोत्साहन पैकेजों की घोषणा की थी। आगामी केंद्रीय बजट में करदाता वित्त मंत्री से कुछ छूट या राहत की उम्मीद कर रहे हैं, क्योंकि कुछ वर्षों से स्लैब में बदलाव नहीं किया गया है। विशेषज्ञों के अनुसार, स्लैब में बदलाव से खरीदारों के हाथों में अधिक तरलता आएगी। यदि सरकार खरीदारों और विक्रेताओं दोनों के लिए कर दरों में कमी करती है, तो यह बाजार को फिर से जीवंत करेगा। इससे आवास और उच्च उत्पादों की मांग बढ़ेगी। लेकिन, बाजार में तरलता की अधिकता होने पर आरबीआई के लिए चिंता का विषय हो सकता है, क्योंकि इससे महंगाई बढ़ने की आशंका बनी रहती है। बजट 2022 से वेतन भोगियो को इस बार बड़ी उम्मीदें हैं। दरअसल, इनके लिए इस समय धारा 16 के तहद स्टैंडर्ड डिडक्शन की रकम 50,000 रुपये निर्धारित है। लंबे समय से इसको बढ़ाकर 1 लाख रुपये करने की मांग की जा रही है। वेतन भोगियों को उम्मीद है की इसको बढ़ाया जाए। इसे बढ़ाए जाने से वेतन भोगियो को सीधा-सीधा कर लाभ होगा।

कोरोना के चलते ज्यादातर क्षेत्रों के कर्मचारी वर्क फ्रॉम होम कर रहे है। ऐसे में उनका इलेक्ट्रिक, इंटरनेट चार्ज, किराया, फर्नीचर आदि पर खर्चा बढ़ गया है। इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट ऑफइंडिया ने भी वर्क फ्रॉम होम के तहत घर से काम करने वालों को अतिरिक्त टैक्स छूट देने का सुझाव दिया है। कोरोना के चलते बीते दो साल में हेल्थ

सेक्टर पर काफी फोकस बढ़ा है। बजट 2022 से उम्मीदें है कि लाइफइंश्योरेंस को इनकम टैक्स एक्ट के सेक्शन 80सी से बाहर किया जा सकता है और इंश्योरेंस सेक्टर के लिए कोई एक लिमिट बढ़ाई जा सकती है। लाइफइंश्योरेंस और मेडिक्लेम इंश्योरेंस दोनों को नई कैटेगरी के तहत जोड़ा जा सकता है या फिर 80सी की लिमिट का ओवरआल बढ़ाया जा सकता है। ऐसा होने पर लगभग ज्यादातर करदाताओं को बड़ा फायदा होगा। घरेलू आटोमोबाइल सेक्टर पिछले दो दशकों के सबसे बुरे दौर से गुजर रहा है। देश के कुल जीडीपी में आटोमोबाइल सेक्टर का योगदान 7.5 प्रतिशत है, जबकि यह प्रत्यक्ष और परोक्ष तौर पर 10 लाख लोगों को रोजगार देता है। इस क्षेत्र को नए निवेश के लिए तैयार करने के लिए भी प्रोत्साहन चाहिए। खास तौर पर आटोमोबाइल सेक्टर में एक समान टैक्स लगाने की व्यवस्था भी लागू करने की मांग हो रही है। ऑटोमोबाइल सेक्टर ईवीएस के पक्ष में है। ऑनलाइन कार खरीद-बिक्री प्लेटफॉर्म ड्रूम टेक्नोलॉजी लिमिटेड के सीईओ एमआर संदीप अग्रवाल ने कहा कि पिछले 2 दशकों में ऑटोमोबाइल क्षेत्र में जबरदस्त विकास और परिवर्तन हुआ है। कोविड के बाद, हमने देखा है कि भौतिक संपर्क से बचने के कारण ऑटोमोबाइल खरीद और बिक्री तेज गति से ऑनलाइन हो रही है। ऐसे में उम्मीद है कि ऑटोमोबाइल उद्योग के नियमों का डिजिटलीकरण जारी रहेगा। हमें उम्मीद है कि सरकार ईवी मांग को बढ़ावा देने के लिए बुनियादी ढांचे में निवेश करेगी।

बाजार के जानकारों के मुताबिक मेक इन इंडिया' और पीएलआई योजनाओं के माध्यम से अर्थव्यवस्था को मजबूत करने और उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए बड़े धमाकेदार सुधारों पर सरकार के मजबूत फोकस के साथ यह एक बड़ा प्लस प्वॉइंट है और इससे उम्मीदें अधिक हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि इस सरकार को खर्च और खपत को बढ़ावा देने के लिए प्रत्यक्ष डिस्पोजेबल आय को बढ़ावा देना चाहिए। इससे यह उम्मीद की जा रही है कि मौजूदा हालात में आर्थिक सुधारों में तेजी लाने, उद्यमिता को बढ़ावा देने और करदाताओं को राहत देने के मकसद से वित्त मंत्री बजट में अहम घोषणाएं कर सकती हैं। विशेषज्ञों के अनुसार, अर्थव्यवस्था में वित्त वर्ष 2021-22 के दौरान शानदार ग्रोथ नजर आई है और देश फिर से विकास की राह पर अग्रसर है। अगर सरकार रिफॉर्म बनाए रखती है तो इससे 2022 में भी रिकवरी तेज होगी और इकोनॉमी बूस्टर का टेम्पो बना रहेगा। स्टार्टअप गतिविधियों और सरकार के राहत पैकेज से भारत में ईज ऑफ डुइंग बिजनेस को बढ़ावा मिलेगा। डिजिटल इंडिया को बढ़ावा देने, कर संरचना को सरल बनाने और लैंड-लेबर लॉ में सुधार से ईज ऑफ डुइंग बिजनेस को बढ़ावा मिलेगा। ऐसे में सरकार इन उम्मीदों को कायम रखने का काम करेगी। कोरोना महामारी के चलते कई लोगों के रोजगार छिन गया तो कई की आय बिल्कुल कम हो गई। ऐसे में आम लोग बजट 2022 को उम्मीदों से देख रहे हैं। कोरोना महामारी के दौरान कई कोरोना मरीजों व उनके परिवारों को केंद्र सरकार, राज्य सरकारों, कंपनियों, दोस्तों व समाज सेवकों से वित्तीय सहायता मिली लेकिन बहुत से लोगों को यह पूरी लड़ाई अपने बूते लड़नी पड़ी। इसे लेकर विशेषज्ञों का कहना है कि ऐसे लोगों को कोरोना के इलाज पर हुए खर्च पर डिडक्शन का फायदा देने पर सरकार विचार कर सकती है। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के अतंर्गत देश के किसानों को दी जाने वाली आर्थिक सहायता राशि में बढ़ोत्तरी की जा सकती है। इस योजना के अंतर्गत किसानों को अभी 6 हजार रुपये सालाना रकम दी जाती है। वहीं 1 फरवरी को वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा पेश किए जाने वाले बजट में इस राशि को बढ़ाने का एलान हो सकता है।

विचार

ये प्रोफेसर नहीं रंगा सियार हैं

विष्णुगुप्त

अभी-अभी जेएनयू में शिक्षकों से संबंधित साक्षात जानकारियों से अवगत होना मेरे लिए चिंता की बात हो गयी और मुझे समझ में यह बात जरूर आ गयी कि गुणवता के स्तर पर भारतीय विश्वविद्यालय अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर क्यों पीछे हैं और विश्वविद्यालयों से अधकचरे और कॉपी पेस्ट वाले छात्र क्यों निकलते हैं। हुआ यह कि जब मैं एक कार्यक्रम में जेएनयू पहुंचा तो प्रोफेसरों का रंग-ढ़ग, चाल-चलन, उनके ज्ञान का स्तर और पढ़ाने का तरीका-शैली देख कर दंग रह गया, वाकपटुता का घोर अभाव, आकर्षक संप्रेषण शक्ति नदारत थी। प्रोफेसरों के रंग-ढंग भड़कीले थे, उनके जूते के रंग और उनके कपड़ों का रंग बहुत भड़कीले थे। उनके कपड़ों का रंग देख कर ऐसा लगता ही नहीं था कि वे प्रोफेसर भी हो सकते हैं, वे जादूगर ज्यादा लग रहे थे। सेमिनार में प्रस्तुत उनकी शैली और ज्ञान देख कर भी हताशा-निराशा हुई। अधकचरे और कॉपी पेस्ट वाले जब कालेजों और विश्वविद्यालयों में प्रोफेसर बनेंगे तो फिर शिक्षा का स्तर किस प्रकार का होगा और विश्वविद्यालयों से किस प्रकार के छात्र निकलेंगे, इसका अंदाज लगाया जा सकता है। विचार का विषय यह है कि विश्वविद्यालयों में अधकचरी और कॉपी पेस्ट वाली शिक्षा संस्कृति क्यों फैली हुई है और यह अधकचरी-कॉपी पेस्ट वाली शिक्षा संस्कृति कब तक चलती रहेगी? आखिर अब तक विश्वविद्यालयों की शिक्षा के स्तर को मजबूत और प्रेरक बनाये रखने की कोई चाकचैबंद व्यवस्था क्यों नहीं बनायी जा सकी है? अगर इसी तरह विश्वविद्यालयों में शिक्षकों की नियुक्ति होती रही तो फिर विश्वविद्यालय शिक्षा के प्रेरक आश्रय नहीं बल्कि अराजकता, अनैतिकता, कदाचार और भ्रष्ट संस्कृति के सहचर छात्रों का आश्रय बन कर रह जायेंगे। हम यह क्यों नहीं सोचते हैं कि जिस तरह की हमारी शिक्षा व्यवस्था होगी उसी तरह के इंजीनियर, डॉक्टर, अधिकारी, कर्मचारी और राजनीतिज्ञ मिलेंगे। शिक्षा में ही नैतिकता, शुचिता और संयम आदि गढ़ने की शक्ति है। जेएनयू को जानने वाले और जेएनयू जाने वालों को वहां के प्रोफेसरों का स्तर जरूर मालूम है। जेएनयू का प्रोफेसर होना गौरव की बात होती थी। जेएनयू में प्रोफेसर होने की बात की जानकारी होते ही सम्मान में सिर झुकता था और यह धारणा बनती थी कि ये जेएनयू में प्रोफेसर हैं तो फिर इनके ज्ञान का स्तर बहुत ही उंचा होगा, ये महाज्ञानी होंगें, इनके अंदर प्रेरक व्यक्तित्व होगी।

मीडिया पर तोहमत लगाने से पहले?

प्रेम शर्मा

पत्रकारिता पर खींज केवल जनता ही नही निकालती बल्कि सत्ता सीन और विपक्ष भी पत्रकारों से खींच निकालने में पीछे नही है। पिछले दिनों गृहराज्य मंत्री द्वारा पत्रकार के सवाल पर उससे भरा बुरा कहना हो या फिर, राकेश टिकैत और सपा प्रमुख अखिलेश यादव द्वारा डिबेट के दौरान एंकर से उलझना, पत्रकार वार्ता के दौरान मोबाईल पत्रकार जैसी उपाधि देना इस बॉत का प्रमाण है कि अपनी कामियों को घबराकर अब लोग मीडिया पर तोहमत लगाने लगे है। वैसे देखा जाए तो आज भी मीडिया अपनी भूमिका का शतप्रतिशत न भी कहे तो 90 प्रतिशत बेहतर निर्वहिन कर रही है सरकार, विपक्ष की कामियों को सामने लाने से आज भी वह परहेज नही करती। समाचार पत्रों की सरकार की जनविरोधीनीतियों के खिलाफलेख, आलेख, विपक्ष की भड़काऊ राजनीति पर सवाल जबाब भी मीडिया द्वारा किये जा रहे है। ऐसे में चंद लोगों के कारण पूरे मीडिया पर तोहमत लगाने से पहले अपने कर्तव्यों और जिम्मेदारी सुनिश्चित करना चाहिए।

प्रजातंत्र के चार स्तंभों में मीडिया एक महत्वपूर्ण स्तंभ है। मीडिया अपनी नैतिक जिम्मेदारी का बेहतर प्रदर्शन भी कर रही है। पत्रकारिता की पवित्रता का अन्दाजा इसी बॉत से लगाया जा सकता है कि पत्रकारिता से जुड़े नब्बे फीसदी लोग आज भी अपना जीविकापर्जन एक साधारण आय वर्ग की श्रेणी में कर रहा है। अपवाद प्रजातंत्र के चारों हिस्से में बरकरार है। लेकिन इन अपवादों के बीच केवल मीडिया को लक्ष्य बनाकर कभी '' गोदी मीडिया '' तो कभी पैकेज तो कभी वाइस प्रश्नों की झंडी लगाने वाले लोग और राजनैतिक दलों के लोग इस बारे में विचार करते है कि जिस दिन मीडिया की भूमिका पक्षपाति हो जाएगी उसी दिन से सरकारों की हिटलरशाही, माफिया सांस्कृति और अफसरों की अफसरशाही जनता, विपक्ष का जीवन दूभर कर देगी। अब ऐसे में मीडिया पर तोहमत लगाने लोगों के पास एक सुअवसर है। देश में पॉच राज्यों कें चुनाव में मतदान की उल्टी गिनती शुरू हो चुकी है। उत्तर प्रदेश 403 सीट, पंजाब 117 सीट, उत्तराखंड 70 सीट,मणिपुर 60 सीट और गोवा 40 सीट यानि की देश की जनता को 690 विधायक और पॉच सरकार चुनाने का सीधे मौका मिला है।

ऐसे में देश का मतदाता को तय करना है कि वह मीडिया के हवाले से विधायक या सरकार चुनेगा। क्षेत्रवाद, जातिवाद, पूंजीवाद, माफियावाद, दलगत राजनीति के हिसाब से चुनाव करेगा या फिर उसे योग्य उम्मीदवार को जिताना है। क्या वह अपने क्षेत्र में अपनी पसंद की राजनैतिक दल द्वारा उतारे गए अयोग्य प्रत्याशी को मतदान कर एक बार फिर मीडिया में तोहमत लगाने के लिए तैयार रहेगा। जैसा की शुरूआत में ही जिक्र किया गया है कि प्रजातंत्र के चारों स्तंभों में कही न कही कुछ न कुछ खामिया है। जहॉ तक न्यायपालिका की बॉत की जाए तो उस पर भी पक्षपात करने के आरोप लगाते रहे है। उस पर भी यह उगलियॉ उठ चुकी है कि सरकार से सेवानिवृत्ति के बाद आयोग के अध्यक्ष बनने के लिए न्यायाधीश सरकार के इशारे पर काम करते है। विधायिका पर भी सवाल उठाये जाते रहे है। कार्यपालिका भी

इन अपवादों से परे नही रही है। ऐसे में इस अपवाद से मीडिया को कैसे छूट मिल सकती है। लेकिन प्रश्न यह उठता है कि मीडिया से अनर्गल प्रलाप कराता कौन है। सरकारों और विपक्ष को अपनी बॉत रखने के लिए बड़े बड़े विज्ञापनों की जरूरत क्यो पड़ती है ? अगर सरकार ने जनता के लिए काम किया है तो काम बोलना चाहिए। विपक्ष ने अपनी भूमिका सही निभाई है तो उसकी भूमिका चुनाव के दौरान सामने आनी चाहिए लेकिन ऐसा नही होता। टीवी डिबेट में सवाल पूछने वाले एंकरों के साथ बदसलुकी अब आम बॉत हो गई है। डिबेटे के दौरान अभ्रदता आम होती चली जा रही है। संस्कारों की दुहाई देने वालें दलों में संस्कारों पर कुठारघात करना आम हो चुका है। ऐसे में किसी दल की सरकार बनने न बनने पर मीडिया पर सवाल खड़ा करने वाले आम वोटर चुनाव के दौरान अपने नैतिक कर्तव्य का सदुप्रयोग करने का अवसर क्यों गवाते है। देश में लगातार अपीलों और प्रचार प्रसार के बावजूद 75 से 90 फीसदी तक मतदान क्यो नही हो पा रहा है।

देखा जाए तो विकास और राष्ट्र के नाम पर उपजे मौसमी पक्षकारों की जमात की पैन्तरेबाजी से जनता बस 'सक्रिय-मूकदर्शक' बनाई जा रही है। सरकारी फैसले को सही साबित करने के लिए हर नामुमकिन को मुमकिन बनाने की कवायद व कसरत का कोलाहल मचा है। लोकतंत्र की समकालीन मीडिया आज के भूमंडलीकृत नई विश्व-व्यवस्था में सरकार और समाज के बीच की कड़ी वाली अपनी वास्तविक भूमिका निभाने वाली मीडिया को 'सरकारबाज-मीडिया' का खिताब चंद लोंगों के कारण दिया जा रहा है। सरकार से उपकृत या फिर चाटनी चाटने वाले चंद लोगों के कारणा मीडिया कभी सरकार तो, कभी विपक्ष, तो कभी जनता और व्यापारियों के निशाने पर आ रही है। यही नही मीडिया को लेकर कभी न्यायमूर्ति अल्तमस कबीर ने कोलकाता हाईकोर्ट के कार्यक्रम में मीडिया की भूमिका पर जो कुछ कहा, वह मीडिया के लिए आत्मचिंतन और आत्ममंथन का विषय होना ही चाहिए। चर्चित भारतीय प्रेस परिषद (प्रेस कौंसिल) के चेयरमैन जस्टिस मार्कण्डेय काटजू ने एक वक्तव्य मीडिया-कर्म के 'विवेक पक्ष' के सामने अनेक सवाल खड़े करता है। जस्टिस काटजू मानते हैं कि मीडिया के क्षेत्र में आजकल बहुत से ओछे पत्रकार पहुंच गए हैं और इससे पत्रकारिता का स्तर बहुत गिर गया है। इसका सीधा सा प्रमाण इसी बॉत से देखा जा सकता है कि आज सरकार से विभिन्न तरह की सुविधा लने वाले 50 फीसदी पत्रकारों का वास्तव में पत्रकारिता से कोई सीधा सरोकार नही मिलेगा।

पाठकों की बात

पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

रोज़ इश्क़ करूंगी रोज़ मुकर जाऊंगी

रोज़ इश्क़ करूंगी रोज़ मुकर जाऊंगी ऐ जिंदगी मेरा शोर इक लंबी सी उम्र के बाद कागज़ पर सो जाता है मेरी ख़ामोशी इक छोटी सी उम्र के बाद कागज़ पर खो जाती है बस तुम जिंदा रहते हो।

कल्पना पाण्डेय

फ़िराक़े यार में भी क्या मज़ा है



फ़िराक़े यार में भी क्या मज़ा है ! ग़मों का ही म ु स ल स ल सिलसिला है !! तख़इयुल में अभी हूँ मह्व उसके, न पूछो क्या मेरे ग़म की दवा है ! लिबासे राहबर में अब है रहज़न , 'वफ़ा' मुश्किल में दिल का क़ाफ़िला है !

कविता सिंह

ख़ास पाती | भारी थे पलकों के पंख भीगे



भारी थे पलकों के पंख भीगे थे बहते अश्कों से भारी सपनों के बोझ बहुत थे कुछ दर्द चुभे थे अपनों के खड़ी हुई हूँ तट पर सूर्य डुबकी लगा रहा है उठेगा, उड़ेगा फिर फिर तुमने थपथपाई है पीठ उसकी भरा हौसला किरनों के पंख जा बैठा आकाश में सूरज की उजास से उसकी गर्म श्वास से फरहरी हो रहीं हैं युक्लिपटीस की पतली पतली पत्तियाँ मानो झटक झटक पलके मैं अपनी सूखा रही हूँ धूप खड़ी बिजली के तारो से बूंदे झर चुकी है और पलकों से नमी मेरी कुछ उजले पक्षी, और तोते हरे ख्वाब नए भी लाए हैं मैं भी गढ कर निखरी मुस्कान कौतुक लहरों के देख रही हूँ! हर कर पीड़ माँ तुम सब की हर हर गंगे कहलाती हो! **डॉ मेनका त्रिपाठी**

मैं भी एक सैनिक हूँ

मैं भी एक सैनिक हूँ. मोबाइल मेरा हथियार है जिससे मैं दिन रात देश और हिंदुत्व के दुश्मनों पर अंधाधुंध फायरिंग करता हू ?? सैनिक बॉर्डर पर दुश्मनों से देश की रक्षा करते हैं तो हम भी देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत करते हैं और अंदर पनप रहे दुश्मनों पर नजर रखते हैं बार बार योगी सरकार। **धीरज सिंह धीरू**

वो खफा मुझसे हो गया साहिब

वो ख़फ़ा मुझसे हो गया साहिब ख़ुश्क आँखें भिगो गया साहिब ज़ख़्म पहले ही कम नहीं थे और वक़्त भी काँटे बो गया साहिब दास्तां हमने जो सुनाई तो दिल वो पत्थर सा रो गया साहिब आस जिनसे रही थी ख़ुश्बू की ख़ार वो ही चुभो गया साहिब इन अँधेरों से क्या गिला करना जब उजाला ही सो गया साहिब दिल को उम्मीद थी उन्हीं से मगर अब ख़फ़ा वो भी हो गया साहिब हमने समझा जिन्हें सुकून, वही मयक़शी में डुबो गया साहिब मसअले कम नहीं थे पहले ही चैन दिल का भी खो गया साहिब सब ख़ताएँ मुआफ़ कर अब तो अश्क आँखों को धो गया साहिब। **सुरेश पसारी**

खुद में खुश रहिए, जीवन में कर्तव्यों

खुद में खुश रहिए, जीवन में कर्तव्यों का निर्वहन करते हुए अपनी जिम्मेदारियां निभाते हुए अपने हिस्से की जिंदगी भरपूर रुप से जिये,,याद रखिये लोगो को या आपके अपनो को आपसे ढेरों उम्मीदें हो लेकिन आप अपने सामर्थ्य से ज्यादा कुछ भी नही कर पाएंगे,और इसी चिंता में घुलकर न जाने क्यों हम चिता के करीब जाने लगते है,,और अपनी बाकी की जिंदगी को नीरसता की ओर ले जाते हैं,जीवन का असली आनंद वही लोग ले सकते है जो जीवन मे आयी कठनाइयों के बावजूद जिंदादिली से इसे जी पाते है! **निशा रावल**

गुन गुन कर के गीत हमारे- जब

गुन गुन कर के गीत हमारे- जब सहराओं से चलते हैं! मधुबन गा उठते है मन में आंसू गीतों में ढलते हैं ! भावों की, नूतन कोपल पर मंद-मंद मुस्काती शबनम बंजर मन की धरती पर तब गीतों के अंकुर उगते हैं ! मीठी -मीठी स्वर लहरी सी छन्दों में जब शाम सुनातीं गीतों में तितली सी गातीं बासंती सपने बनते हैं ! **अजय कुमार सिंह भदौरिया**

लगाओ न नजर अमन को दिलों में

लगाओ न नजर अमन को दिलों में बसाओ वतन को भाईचारे का ये गुल खिले महका दो इस चमन को । मिट्टी यहां की रंगत ऐसी लगाओ ललाट पे चन्दन हो हिन्द की आन शान ख़ातिर छोड़ इश्क, चाहूं वतन को। मरोड़ दो गिद्ध सी इरादों को मिटा दो नफरत लफ्फाज़ो को फना होऊँ, मिटाने दमन को नमन, वन्दन प्यारे वतन को । **सुरेश वैष्णव**

QUIZ TIME

1) 25 फरवरी, 2021 को प्रधानमंत्री ने किस स्थान पर न्येवेली न्यू ताप बिजली परियोजना को राष्ट्र को समर्पित किया?

2) फरवरी 2021 में किस राज्य में दीनदयाल अंत्योदय रसोई योजना का दूसरा चरण शुरू किया गया है?

3) फरवरी 2021 में कौन-सा राज्य ई-कैबिनेट प्रणाली लागू करने वाला देश का पहला राज्य बन गया?

4) फरवरी 2021 में किस देश ने विश्व का पहला ऊर्जा द्वीप बनाने की योजना को मंजूरी प्रदान की?

5) 15 फरवरी, 2021 को किसे विश्व व्यापार संगठन का नया महानिदेशक नियुक्त किया गया?

Ramaquiz

उत्तरमाला-(1) कोयम्बटूर (2) मध्यप्रदेश (3) हिमाचल प्रदेश (4) डेनमार्क (5) न्गोजी ओकोंजो-इवेला

आज का इतिहास

नई दिल्ली(वार्ता)31 जनवरी की महत्त्वपूर्ण घटनाएँ। 1561 - मुग़ल बादशाह अकबर के संरक्षक बैरम ख़ाँ की गुजरात के पाटण में हत्या कर दी गई। 1606 - ब्रिटेन में तख़्त के ख़िलाफ़ साजिश करने वाले गाइफ़ाक्स को मौत के घाट उतार दिया। 1865 - अमेरिका में 'दासता उन्मूलन' संबंधी 13वां संशोधन विधेयक स्वीकृत हुआ। 1884 - रूसी फ़ौजों ने अफ़ग़ानिस्तान के अमीर के मर्व छीन लिया। 1893 - ट्रेडमार्क 'कोका कोला' ट्रेडमार्क का अमेरिका में पहली बार पेटेंट किया गया। 1915 - 'प्रथम विश्व युद्ध' के दौरान जर्मनी ने रूस के ख़िलाफ़ ज़हरीली गैस का इस्तेमाल किया। 1946 - तत्कालीन सोवियत संघ के मॉडल के आधार पर यूगोस्लाविया का छह देशों में विघटन (सर्बिया, मोंटेनेग्रो, क्रोएशिया, स्लोवेनिया, बोस्निया-हर्जेगोविना, मैसेडोनिया) 1953 - आईरिश सागर में नौका दुर्घटना में कम से कम 130 यात्रियों और चालक दल के सदस्यों की मौत हो गई। 1957 - अबादान से तेहरान तक पाइपलाइन बिछाने का काम पूरा हुआ। 1958 - अमेरिका ने पहले भू-उपग्रह का प्रक्षेपण किया। 1962 - अमेरिकी देशों के संगठन ने क्यूबा को न शामिल करने का फैसला किया। 1963 - मोर को भारत का राष्ट्रीय पक्षी घोषित किया गया। 1966 - सोवियत संघ ने लूना कार्यक्रम के तहत मानवरहित लूना 9 स्पेशक्राफ्ट की लांचिंग की। 1968 - प्रशान्त महासागर में स्थित द्वीपीय देश नौरू को आस्ट्रेलिया से स्वाधीनता मिली। 1971 - पूर्व और पश्चिमी बर्लिन के बीच 19 साल के अंतराल के बाद फिर से टेलीफोन सेवा बहाल हुई।

उपभोक्ता भंडार की सदस्यता सूची पर दावा-आपत्ति 3 तक

बिलासपुर/नवप्रदेश। राज्य सहकारी निर्वाचन आयोग छ.ग. के निर्देशानुसार महावीर प्राथमिक उपभोक्ता भंडार की सदस्यता सूची का प्रकाशन किया गया । समिति के सदस्य सूची के संबंध में दावा-आपत्ति 03 फरवरी 2022 तक कार्यालयीन समय में सोसायटी कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। प्राप्त दावे व आपत्ति का निराकरण सोसायटी कार्यालय में 04 फरवरी को सुबह 11 बजे से किया जाएगा।

तहसील कार्यालय में धूमधाम से मनाया गया गणतंत्र दिवस

खरोरा/नवप्रदेश। तहसील कार्यालय खरोरा में 26 जनवरी गणतंत्र दिवस के 73वां वर्षगांठ बड़ी धूमधाम से मनाया गया। ध्वजारोहण प्रातः 8 बजे तहसीलदार कृष्ण कुमार साहू द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में प्रवीण गिलहरे अधिवक्ता, प्रेमचंद डहरिया दस्तावेज लेखक, राजेंद्र मारकंडेय पटवारी ने संबोधित किया। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ी गीत, भाषण, कविता का कार्यक्रम शांतिपूर्वक संपन्न हुआ। इस अवसर पर तहसील कार्यालय के समस्त स्टाफ, पटवारीगण, कोटवारगण, अधिवक्तागण तथा दस्तावेज लेखक उपस्थित रहे।

भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा सह प्रभारी बने सलमान खान

छुरिया। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष विष्णु देव साय व अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष आरिफ खान की सहमति से अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला प्रभारी व सह प्रभारी की सूची जारी की गई है, जिसमें युवा नेता सलमान खान उपाध्यक्ष नगर पंचायत छुरिया को बेमेतरा जिले में भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के सहप्रभारी का दायित्व सौंपा गया है। बेमेतरा जिले में भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के सहप्रभारी बनने पर सलमान खान को उनके इष्ट मित्रों, शुभचिंतकों व भाजपा के नेताओं कार्यकर्ताओं सहित आम जनता ने बधाई व शुभकामनाएं दी है। अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला सहप्रभारी बनाने के लिए सलमान खान ने बीजेपी के शीर्ष नेतृत्व एवं कार्यकर्ताओं का धन्यवाद ज्ञापित किया है।

राज्य की जनता भाजपा को अपना समर्थन देने को तैयार है

बिलासपुर/नवप्रदेश। पंजाब में परिवर्तन की हवा चल रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जनहितैषी कार्यों के देखते हुए राज्य की जनता भाजपा को अपना समर्थन देने को तैयार है। उक्ताशय के विचार राष्ट्रीय कार्यसमिति के सदस्य एवं सांसद अरुण साव अपने प्रभार वाले खडूर साहिब लोकसभा क्षेत्र के बाबा बकाला क्षेत्र में आयोजित कार्यकर्ता सम्मेलन में कही। बाबा बकाला विधानसभा क्षेत्र में भाजपा ने तीन बार के विधायक रहे सरदार मनजीत सिंह मन्ना को अपना प्रत्याशी बनाया है। उनके प्रत्याशी घोषित होने पर भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव तरुण चुग की उपस्थिति में सम्मेलन आयोजित किया गया। सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए सांसद अरुण साव ने कहा कि पंजाब देश भक्तों एवं वीरों की भूमि है। देश के लिए त्याग और बलिदान में पंजाब का लम्बा इतिहास रहा है। जिस प्रकार से केंद्र में प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार गांव, गरीब किसान एवं मजदूरों के हित में काम करते हुए देश को सशक्त और समृद्ध बनाने का काम कर रही है, राज्य की जनता को भाजपा से बहुत अपेक्षाएं हैं। जनता की अपेक्षाओं को पूरा करने के लिए पार्टी का एक-एक कार्यकर्ता मजबूती से पार्टी को जिताने में लगे।

इस अवसर पर भाजपा प्रत्याशी सरदार मनजीत सिंह मन्ना एवं राष्ट्रीय महासचिव तरुण चुग ने भी अपने विचार व्यक्त किए। तत्पश्चात सांसद अरुण साव ने पदाधिकारियों की बैठक लेकर आगामी रणनीति पर विचार विमर्श किया।

रसूखदारों का दुकान खुला देख छोटे दुकानदारों ने खोली अपनी दुकानें

रामानुजगंज/नवप्रदेश। जिला बलरामपुर रामानुजगंज के नगर पंचायत रामानुजगंज में पूंजीपतियों का दुकान खुला देख सभी छोटे दुकानदारों ने लॉकडाउन का विरोध करते हुए अपनी अपनी दुकानें खोल ली।

रामानुजगंज सीएमओ को लॉकडाउन का उल्लंघन करने वाले लोगों के बारे में सूचना देने के बावजूद भी अभी तक नहीं पहुंचे नगर पंचायत अधिकारी कर्मचारी और ना ही किसी प्रकार की कोई कार्यवाही की गई है छोटे दुकानदारों का कहना है कि सिर्फ प्रशासन हम लोग छोटे दुकानदारों पर रोब दिखाती है बड़े दुकानदारों को बोलने की उनकी हिम्मत नहीं होती है। एक तरफ कलेक्टर कुंदन कुमार द्वारा जारी किए गए करोना गाइडलाइन व प्रत्येक

शनिवार पूर्णता बंदी घोषित की गई है।

जहां आदेशों की अवहेलना करते ऐसे पूंजीपति दुकान का संचालन कर रहे हैं तथा अपने आप को शासन, प्रशासन को जेब में रखने वाला बताते हुए धड़ल्ले से दुकान चला रहे हैं। जहां गरीबों ने शनिवार को भी संचालित होते दुकान को देखकर लॉकडाउन का विरोध करते हुए छोटे दुकानदारों ने दुकान खोलने का निर्णय लिया, जो कि वाजिब भी है अब बस तो यह देखना ही है कि शासन व प्रशासन द्वारा ऐसे रहीसों के ऊपर कार्यवाही करने में सक्षम हैं या नहीं। अधिकारी यह कह कर टाल देते हैं कि कुछ कर्मचारी भी वहां भोजन करते हैं जिसके वजह से दुकानदार अधिकारियों को भोजन करने की आड़ में लॉकडाउन का उल्लंघन करते हुए सारे दिन दुकानदारी करता है जिसे देख छोटे दुकानदार भी अब लॉकडाउन का विरोध करते हुए अपने अपने दुकान खोली है। रही बात कुछ कर्मचारियों के भोजन करने की तो एक दिन के लिए भोजन पार्सल की व्यवस्था की जा सकती है लेकिन यहां तो बिजनेस करने का भूत सवार है तो पार्सल की सुविधा कहां नजर आएगी।

युवती की हत्या और दुष्कर्म की न्यायिक जांच कराने की उठाई मांग

बिलासपुर/नवप्रदेश। सांई नगर उसलापुर के निवासियों ने शनिवार को फिर से जिलाधीश कार्यालय का घेराव करते हुए पुलिस प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। युवती के पिता और परिजनों ने कलेक्टर को मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नाम ज्ञापन सौंपकर दुर्गा नेताम के साथ दुष्कर्म और हत्या किए जाने का आरोप लगाया। सौंपे गए ज्ञापन में युवती के पिता और परिजनों ने सकरी थाना प्रभारी सहित जांच अधिकारी और अन्य लोगों पर मोटी रकम लेकर मामले को रफा-दफा किए जाने का आरोप भी लगाया है। उन्होंने आदिवासी युवती का शव वापस निकालकर उसकी डीएनए जांच करने और पूरे मामले की न्यायिक जांच कराने की मांग मुख्यमंत्री से की है, साथ ही मृतका के परिजनों ने राज्य सरकार से 25 लाख रुपए मुआवजे की मांग भी की है। सैकड़ों की संख्या में पहुंचे उसलापुर वासियों ने लगभग आधे घंटे तक कलेक्टर कार्यालय का घेराव कर दिया। बड़ी संख्या में पहुंचे लोगों को देखते हुए सिविल लाइन थाना प्रभारी सनीप रात्रे दलबल सहित यहां पहुंचे और लोगों को समझाइश दी फिर भी उसलापुर वासी कलेक्टर कार्यालय के मुख्य प्रवेश द्वार से हटने को तैयार नहीं हुए जिसके बाद सूचना मिलने पर यहां पहुंचे अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर उमेश कश्यप ने आकर लोगों को मामले की निष्पक्ष जांच करने का आश्वासन दिया जिसके बाद आक्रोशित भीड़ शांत हुई और कलेक्टर दफ्तर से वापस लौट गई। उन्होंने 3 दिनों के भीतर मामले में जुड़े आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं होने पर दोबारा घेराव करने की चेतावनी पुलिस प्रशासन को दी है।

अवैध रेत उत्खनन के खिलाफ कार्रवाई का निर्देश देने पर सीएम का आभार : निखिल

राजनांदगांव/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ पर्यटन मंडल के सदस्य निखिल द्विवेदी ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा अवैध रेत उत्खनन करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करने के निर्देश देने का स्वागत करते हुए कहा है कि मुख्यमंत्री के सख्त निर्देश के बाद प्रदेश में रेत खदानों पर भर्राशाही चलानों वालों पर लगाम लगेगी इससे राज्य के राजस्व में हो रही चोरी में भी लगाम लगेगी। रेतमाफिया पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की सख्ती से रेत माफिया बेचैन हो गये है। छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की सरकार बनाने के बाद से ही मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने रेत के अवैध उत्खन्न को प्रतिबंधित करने का अधिकारियों को निर्देश दिया था तथा प्रदेश की रेत खदानों को छत्तीसगढ़ खनिज विकास निगम के अधीन किया गया, इससे रेत उत्खन्न से राज्य के राजस्व में बढ़ोत्तरी हुयी। दूरस्थ क्षेत्रों में कहीं-कहीं पर हो रहे अवैध उत्खन्न को रोकने के लिये मुख्यमंत्री आदेश का व्यापक प्रभाव होगा। श्री द्विवेदी ने कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने राजनांदगांव के

बाकल में रेत माफियाओं द्वारा अवैध रूप से रेत के उत्खनन और परिवहन को लेकर आ रही खबरों को गंभीरता से लिया है। शिवनाथ नदी राजनांदगांव जिले की जीवनदायिनी नदी है। लाखों लोग इस नदी के जल से प्यास बुझाते हैं, पर्यावरण और जलीय संपदा के रूप में लोग शिवनाथ नदी को पूजते हैं। पिछले कुछ दिनों से नदी की दिशा को छेड़छाड़ कर नदी के बीचों-बीच रेत की सड़क बनाकर शिवनाथ नदी का बहाव रोकने की शिकायत सामने आई थी, जिसे मुख्यमंत्री को अवगत कराया गया था। भूपेश बघेल ने राजनांदगांव के नागरिकों के हित में रेत माफियाओं पर सख्ती से लगाम लगाने के निर्देश दिए हैं। साथ ही किसी भी जिले में अवैध रेत उत्खनन की शिकायत मिलने पर कलेक्टर और एसपी व्यक्तिगत रूप से जिम्मेदार होंगे अवैध उत्खनन पर कार्रवाई नहीं होने पर जिले के अधिकारियों की जिम्मेदारी तय की जाएगी, अवैध उत्खनन रोकने कलेक्टर और एसपी को स्वयं मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए हैं। निखिल द्विवेदी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के संरक्षण में नेताओं और अधिकारियों को कमीशन देकर प्रदेश में भाजपा सरकार के 15 सालों में रेत माफिया, भूमाफिया, कोल माफिया, नशा माफिया जैसे तमाम तरीके के माफिया सक्रिय हो गये थे। छत्तीसगढ़ में भूपेश बघेल के मुख्यमंत्री बनने के बाद इन माफियाओं पर लगाम कसा गया है। 15 सालों तक मोटी काली कमाई करने वाले माफिया बीच-बीच में फिर सर उठाने की कोशि करते है। उनके दमन के लिये इस प्रकार के कड़े निर्देश और कार्यवाही आवश्यक है।

प्रदेश अध्यक्ष अर्जुन हरवानी के निधन पर साहू समाज ने जताया शोक

भाटापारा/नवप्रदेश। प्रदेश अध्यक्ष अर्जुन हरवानी के निधन पर नगर साहू समाज के द्वारा मृत आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन धारण श्रद्धांजलि दिया गया । जिसमें समस्त नगर साहू समाज भाटापारा के पदाधिकारी, युवा साहू संघ महिला प्रकोष्ठ नगर भाटापारा के पदाधिकारी गण एवं साहू समाज के लोग उपस्थित थे। समाज के मीडिया प्रभारी अमृत साहू ने बताया कि प्रदेश साहू संघ के विकास में स्व हरवानी नेअतुलनीय योगदान दिया जिसके लिए हमेशा साहू समाज ऋणी रहेगा और साहू समाज उनके परिवार में आये इस दुखद घड़ी में मां कर्मा से प्रार्थना है कि परिजनों को संभल प्रदान करें और दुख सहने की अपार क्षमता प्रदान करें। साहू छात्रावास में आयोजित उक्त शोक सभा में नगर साहू संघ के अध्यक्ष नारायण साहू, कल्याणी साहू उपाध्यक्ष, कार्यकारणी उपाध्यक्ष लुकु साहू, महिला प्रकोष्ठ प्रमिला साहू, कार्यकारणी उपाध्यक्ष लखन साहू, कोषाध्यक्ष भागवत साहू, सचिव मनीराम साहू, सहसचिव, तिलक साहू, अंकेक्षक जितनारायन साहू, नीरा साहू सदस्य, पीलाराम साहू (सेवक) परेटन साहू (सेवा निवृत्त हवलदार) संगठन मंत्री लखन साहू सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग उपस्थित थे।

दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल में 73वें गणतंत्र दिवस मनाया गया

भाटापारा/नवप्रदेश। दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल में 73वां गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया गया। विद्यालय में रंगारंग व देश भक्ति के कार्यक्रम आयोजित हुए। देश के स्वर्णिम इतिहास को दर्शाते हुए छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी। विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने कार्यक्रमों से देश की विभिन्न संस्कृति की छटा बिखेरी। इस अवसर पर उपस्थित

शिक्षक/शिक्षिकाओं ने भी एकल व सामूहिक रूप से देशभक्ति पर आधारित गीतों की मनमोहक प्रस्तुति दी। इस दौरान विद्यालय के विद्यार्थियों, अध्यापकों व कर्मचारियों ने देश की आन, बान, शान की रक्षा का संकल्प लिया। छात्र-छात्राओं ने देशभक्ति पर आधारित एक से बढ़कर एक कार्यक्रम की प्रस्तुति देकर सबका मन मोह लिया।

सांसद के प्रयास से विभिन्न गांवों में करोड़ों रुपए की हुई स्वीकृति

कवर्धा/नवप्रदेश। केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी व जनकल्याणकारी योजना जल जीवन मिशन के अंतर्गत राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र के सांसद संतोष पांडेय के प्रयास व अनुशंसा से वर्ष 2020 से लेकर अब तक भोरमदेव मंडल क्षेत्र के विभिन्न ग्रामों में करोड़ो रुपए की स्वीकृति हुई है। इसके अंतर्गत रेट्रोफिटिंग, सोलर आधारित व सिंगल विलेज स्किम नल जल प्रदाय योजना के तहत संबंधित ग्राम में पानी टंकी निर्माण व पाइप लाइन का विस्तार किया जा रहा है। भाजपा भोरमदेव मंडल के अध्यक्ष गुलाब साहू ने बताया कि सांसद संतोष पांडेय के प्रयास से रेट्रोफिटिंग नल जल प्रदाय योजना अंतर्गत भोरमदेव मंडल क्षेत्र के ग्राम राम्हेपुर में 77.48 लाख, भालूचुवा में 49.92 लाख, जेवडन कला में 59.74 लाख, चिमरा में 49.57 लाख, बिसनपुरा में 70.25 लाख, चिखली में 140.97 लाख, खैरबना कला में 166.56 लाख, लाटा 75.79 लाख, राजानवागांव में 198.17 लाख, जिताटोला में 80.36 लाख, लालपुर कला में 49.95 लाख, बेंदरची में 83.59 लाख, रौचन में 54.63 लाख, बाघुटोला में 122.22 लाख रुपए की स्वीकृति हुई है। इसी तरह सोलर आधारित नल जल प्रदाय योजना अंतर्गत मंडल क्षेत्र के ग्राम मोहनपुर में 31.78 लाख, अचानकपुर में 48.17 लाख, बरकोही में 49.32 लाख, रजपुरा में 46.78 लाख, चौरा में 36.09 लाख रुपए की स्वीकृति हुई है। सिंगल विलेज स्किम नल जल प्रदाय योजना अंतर्गत मंडल क्षेत्र के ग्राम हरमो में 88.04 लाख, कटगो में 78.65 लाख, तारो में 135.43 लाख, सरोधी में 96.56 लाख, मिनमिनीया मैदान में 126.02 लाख, कांपा में 179.76 लाख की स्वीकृति हुई है। कई ग्रामों में कार्य पूर्ण हो चुके हैं। कई जगह कार्य प्रगति पर है और कई गांव में कार्य शीघ्र प्रारंभ हो जाएगा। केंद्र सरकार की इस योजना के तहत प्रत्येक गांव में नल के माध्यम से घर- घर में पानी पहुंचाया जाएगा। लोगों को इसका लाभ मिलेगा। भाजपा भोरमदेव मंडल के समस्त पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने उक्त सभी ग्रामों में करोड़ों रुपए की स्वीकृति प्रदान करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व क्षेत्रीय सांसद संतोष पांडेय का आभार जताया है।

सहकारी समिति में गणतंत्र दिवस उत्साह के साथ मनाया

मुंगेली/नवप्रदेश। सहकारी समिति में ध्वजारोहण अध्यक्ष श्याम दास कोसले द्वारा किया गया। इस अवसर पर सहदेव पटेल, ओमप्रकाश देवांगन, आशीष सोनी व समिति के जनप्रतिनिधिगण मौजूद थे।

कप्तानी छोड़ने के बाद विराट ने कही दिल की बात, बताया किससे है उनका मुकाबला

नई दिल्ली। तीनों फॉर्मेट में भारतीय टीम की कप्तानी छोड़ने के बाद विराट कोहली नए अवतार में नजर आ रहे हैं। उन्होंने सोशल मीडिया पर अपनी एक फोटो शेयर करते हुए बताया है कि हमेशा से उनका मुकाबला किसके साथ था और कौन उनका सबसे बड़ा प्रतिस्पर्धी है। विराट ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टेस्ट सीरीज में 1-2 से हार के बाद 15 जनवरी को टेस्ट टीम की कप्तानी भी छोड़ दी थी। इसके बाद वनडे सीरीज में वो बतौर बल्लेबाज भारत के लिए खेले। हालांकि वनडे सीरीज में भी टीम इंडिया को 0-3 से हार का सामना करना पड़ा।

दक्षिण अफ्रीका के बाद भारत को वेस्टइंडीज के खिलाफ वनडे और टी-20 सीरीज खेलनी है। इससे पहले विराट नए अवतार में नजर आ रहे हैं। कप्तानी छोड़ने के बाद उनके ऊपर कोई दबाव नहीं है और अब वो अपने बल्ले से कमाल करने के लिए तैयार हैं। उन्होंने हाल ही में सोशल मीडिया में एक फोटो शेयर की है, जिसमें उनकी आक्रामता साफ झलक रही है। इसके साथ ही विराट ने लिखा कि आपका मुकाबला हमेशा खुद से ही होता है।

भारत के सबसे सफल टेस्ट कप्तान है विराट

विराट कोहली भारत के सबसे सफल टेस्ट कप्तान हैं। उन्होंने अपनी कप्तानी में 68 में से 40 टेस्ट जीते हैं। वो पहले एशियाई कप्तान भी हैं, जिन्होंने ऑस्ट्रेलिया में जाकर टेस्ट सीरीज अपने नाम की है। इसके बाद इंग्लैंड के खिलाफसीरीज में भी टीम इंडिया ने बेहतरीन प्रदर्शन किया। कोहली के कप्तान रहते भारत अपने घर में सिर्फ दो मैच हारा था। एक बार ऑस्ट्रेलिया और एक बार इंग्लैंड ने उसे हराया था। वहीं वनडे में विराट ने अपनी कप्तानी में भारत को 95 में से 65 मैच जिताए। वनडे में भी विराट जीत प्रतिशत के मामले में धोनी और गांगुली जैसे दिग्गजों से कहीं आगे हैं।

ऑस्ट्रेलिया इंग्लैंड के मैच में पार हुई रोमांच की सारी हदें

कैनबरा। महिला एशेज सीरीज के पहले टेस्ट में रोमांच की सारी हदें पार हो गई, लेकिन मैच का नतीजा ऐसा निकला, जो कोई नहीं चाहता था। ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के बीच पहला टेस्ट ड्रॉ पर समाप्त हुआ। इस मैच में कई बार इंग्लैंड का पलडा भारी था तो कई बार ऑस्ट्रेलिया की टीम मजबूत स्थिति में दिखी। अधिकतर समय भी लगा कि मैच ड्रॉ हो सकता है और अंत में यही हुआ। हालांकि, दोनों टीमों में से कोई भी यह नहीं चाहती थी कि यह मैच ड्रॉ पर खत्म हो, लेकिन मैच का नतीजा ऐसा रहा, जिससे कोई भी टीम खुश नहीं होगी। इस मैच को जीतने के लिए ऑस्ट्रेलिया को सिर्फ एक विकेट की जरूत थी, लेकिन कंगारू टीम ऐसा नहीं कर पाई। वहीं इंग्लैंड को जीत के लिए 12 रन बनाने थे और वो भी ऐसा नहीं कर पाए। इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया के बीच हुए इस मैच ने कई बार करवट बदली। ऑस्ट्रेलिया ने नौ विकेट के नुकसान पर 337 रन बनाकर पहली पारी घोषित की तब मैच में कंगारू टीम की पकड़ मजबूत थी।

गुजरात पोर्ट एंड लॉजिस्टिक्स कंपनी लिमिटेड ने सीकोस्ट शिपिंग सर्विसेज लिमिटेड के प्रस्ताव को स्वीकार किया

नई दिल्ली। गुजरात पोर्ट एंड लॉजिस्टिक्स कंपनी लिमिटेड (जीपीएलसीएल) को गुजरात मैरीटाइम बोर्ड द्वारा एसयूपी जारी किया जा रहा है और जीएसएफसी ने सीकोस्ट शिपिंग सर्विसेज लिमिटेड (एसएसएसएल) द्वारा प्रस्तावित प्रस्ताव को स्वीकार कर लिया है, जिसमें छोटे बंदरगाहों से बड़े बंदरगाहों तक बोगियों के माध्यम से कंटेनरों और बल्क कार्गो की तटीय गति को विकसित किया जा रहा है। उपरोक्त परियोजना भारत सरकार, जहाजरानी मंत्रालय द्वारा भूमि यातायात को कम करने के लिए सागर माला योजना की ओर पहला कदम होगा जो पर्यावरण के लिए फायदेमंद होगा और उच्च लागत प्रभावी एग्जिम व्यापार होगा और अर्थव्यवस्था में प्रमुख भूमिका निभाएगा।

उपरोक्त परियोजना में उच्च राजस्व आय होगी जो वर्तमान व्यवसाय में अतिरिक्त रूप से 200 करोड़ से अधिक का कारोबार बढ़ाएगी और 100 कर्मचारियों को प्रसारित करने की स्थिति में होगी। इसके अलावा एसएसएसएल ने जीपीएलसीएल को दीर्घकालिक सहयोग के लिए संयुक्त उद्यम का प्रस्ताव दिया है जो सरकार की नीति के अनुसार लागू करने की प्रक्रिया के तहत है

बीएसई लिस्टेड (542753) सी कोस्ट, मुंद्रा पोर्ट से कंटेनर्स द्वारा कृषि संबंधी वस्तुओं के निर्यात संचालन जैसे अग्रेषण और देखभाल करने वाली श्रेष्ठ तीन कंपनियों में से एक है। यह कंपनी एक ही छत के नीचे सारे लॉजिस्टिक्स समाधान प्रस्तुत करने के साथ आधुनिक ड्राय वेसल्स के अंतर्राष्ट्रीय जहाज संचालन की सुविधाएं भी प्रदान करता है। यह प्रतिवर्ष लगभग 5.0 मिलियन मेट्रिक टन बल्क (इकाईकृत समुद्रीसामना) को समुद्री मार्ग से भेजता है। स्पॉट बिज़नेस के विशेषज्ञ के रूप में सी कोस्ट का पूरा ध्यान सूखी थोक रसद और कंटेनर्स के भाड़े के अग्रेषण का कार्य इनलैंड रोड लॉजिस्टिक्स के साथ करती है।

कंपनी कार्गो को बंदरगाह तक यातायात करने से लेकर निर्यात करने तक की समस्त सेवाएं और मल्टीमॉडल लॉजिस्टिक्स बाधा रहित सेवाएं प्रदान करती है। यह पूरे संसार में ड्राय बल्क कार्गो के माध्यम से समुद्री मार्ग द्वारा भेजने की समस्त सेवाएं एक ही स्थान पर प्रदान करती है। कंटेनर्स की वैश्विक कमी के कारण सी कोस्ट को ऊंची दर पर भाड़ा प्राप्त होने से इसकी आय में उल्लेखनीय वृद्धि होगी। कंपनी का मुख्य काम यह सुनिश्चित करना है कि माल कुशलतापूर्वक समुद्री मार्ग से पहुंचाया जाए। जहाजों को समय पर चार्टर करना, उनके संसार भर में संचालन की जानकारी रखना, तटीय व्यापार, एक छोर से दूसरे छोर तक भाड़े पर अग्रेषण की सेवाएं प्रदान करना, कंटेनर्स के संचालन की सेवाएं प्रदान करना, उनका भंडारण और एफएमसीजी उत्पाद का यातायात करना, एक छोर से दूसरे छोर तक एफएमसीजी उत्पादों जैसे कि तरल पदार्थ, नमक, सिरेमिक आदि की भारत में माइनिंग और यातायात संचालन करना।

शहर महिला कांग्रेस की बैठक में महिलाओं ने वार्डो की रखी समस्याएं

कवर्धा/नवप्रदेश। प्रदेश महिला कांग्रेस अध्यक्ष फुलोदेवी नेताम, जिला कांग्रेस अध्यक्ष चंद्रवंशी आदेशानुसार, शहर महिला कांग्रेस जिला कबीरधाम अध्यक्ष रानू मनोज दुबे के नेतृत्व शहर महिला कांग्रेस की बैठक हुई। उक्त बैठक में सभी वार्डो की महिला उपस्थित हुए, साथ में नए महिला कार्यकर्ता भी बैठक में उपस्थित होकर अपने-अपने वार्ड की महिलाओं ने अपनी-अपनी समस्याओं को अध्यक्ष को अवगत कराई, जिसको रानू दुबे ने तत्काल संबंधित अधिकारियों से चर्चा कर अतिशीघ्र निराकरण करने कहा। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए रानू दुबे ने कहा की आज मंत्री मोहम्मद अकबर के नेतृत्व में कवर्धा जिला में सभी पात्र हितग्राहियों को लाभ निरंतर मिल रही है। कार्यक्रम में उपस्थित शहर महिला कांग्रेस अध्यक्ष रानू मनोज दुबे, उपाध्यक्ष रचना कोसले, रोशनी मेराबी, प्रभा चंद्रवंशी, नौशाद खान, शहर महासचिव फूलवती डहरिया, अर्चना शर्मा, मुस्कान देशलहरे, सचिव त्रिवेणी, चंद्रिका, संतोषी,सुशीला, दुर्गा, राधिका, शिवकुमारी, कृष्णा आदि बहुत संख्या में महिला कांग्रेस सदस्य उपस्थित थे।

स्पंज आयरन, स्टील प्लांट लगाने का विरोध, भाजयुमो ने सौंपा ज्ञापन

बेमेतरा/नवप्रदेश। बेमेतरा कृषि प्रधान जिला होने के बावजूद लगातार स्पंज आयरन स्टील प्लांट जैसे किसान विरोधी प्लांटों का जनसुनवाई किया जा रहा है। 27 दिसंबर को ग्राम सरदा और फिर 10 जनवरी को ग्राम बोरिया में जनसुनवाई किया गया, उस जनसुनवाई में शत प्रतिशत क्षेत्र के किसान और बेमेतरा के जनता लगातार विरोध कर आपत्ति दर्ज की। अब पुनः 4 फरवरी को ग्राम नेवनारा में जनसुनवाई आयोजित किया गया है। जिसके खिलाफ भारतीय जनता युवा मोर्चा बेमेतरा जिलाध्यक्ष परमेश्वर वर्मा के नेतृत्व में बेमेतरा कलेक्टर और एसडीएम को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन सौंपने वालों में भाजयुमो जिला अध्यक्ष परमेश्वर वर्मा, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य भोला शंकर वर्मा, जिला महामंत्री योगेश वर्मा, होलूराम साहू, जिला उपाध्यक्ष तारण सिंह राजपूत, आशीष सोनी, सोशल मीडिया प्रभारी महेन्द्र जयसवाल, निखिल साहू, मण्डल अध्यक्ष विवेक दीवान, दीक्षांत साहू, ताकेश्वर सोनी, शहर उपाध्यक्ष साहित्य ठाकुर, मंत्री गोपी देवांगन, पुरुषोत्तम यादव सहित सभी युवा मोर्चा के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

हिंदू युवा मंच ने की राज्यपाल और कुलपति से मनमाना शुल्क वसूलने की शिकायत

राजनांदगांव/नवप्रदेश। हिन्दू युवा मंच जिला इकाई ने राजनांदगांव जिले के अलग-अलग महाविद्यालयों में वार्षिक परीक्षा फॉर्म जमा करने के दौरान जनभागीदारी शुल्क के नाम पर कहीं कम तो कहीं ज्यादा शुल्क वसूलने की शिकायत को लेकर उच्च शिक्षा मंत्री, राज्यपाल और कुलपति को पत्र लिखकर इस पर हस्तक्षेप कर तत्काल प्रभाव से रोक लगाने की मांग की है। हिन्दू युवा मंच के जिलाध्यक्ष किशोर माहेश्वरी और शहर अध्यक्ष सुरेश लोहमार ने बताया कि, स्वर्गीय हेमचंद यादव दुर्ग विश्व विद्यालय के अंतर्गत आने वाले सभी महाविद्यालयों में स्वाध्यायी अभ्यर्थियों के द्वारा वार्षिक परीक्षा के फॉर्म भरे जा रहे हैं। ऑनलाईन माध्यम से भरे गए उक्त परीक्षा फॉर्म को संबंधित महाविद्यालय मे जमा भी किया जाना है। राजनांदगांव जिला मुख्यालय के तीनों ही महाविद्यालयों शासकीय दिग्विजय स्वशासी महाविद्यालय, कमला देवी राठी महाविद्यालय और शिवनाथ विज्ञान महाविद्यालय के द्वारा अभ्यर्थियों से अलग-अलग और अनाप-शनाप जनभागीदारी शुल्क लिए जा रहे हैं। शासकीय दिग्विजय स्वशासी महाविद्यालय द्वारा जनभागीदारी शुल्क शुरुआती समय में जहां मात्र 30 रुपये लिए गए थे। वहीं आपदा को अवसर में बदलते हुए और इसका नाजायज फायदा उठाते हुए शुल्क को बढ़ाकर 430 रुपये कर दिया गया है। शिवनाथ विज्ञान महाविद्यालय में 430 रुपये, कमला देवी राठी महाविद्यालय में 530 रुपये और डोंगरगढ़ महाविद्यालय में 230 रुपये लिए जा रहे हैं। 31 जनवरी को फॉर्म जमा करने की समय-

■ **जनभागीदारी शुल्क के नाम किसी महाविद्यालय में कम तो कहीं ज्यादा वसूले जा रहे हैं शुल्क**

सीमा को देखते हुए अब तक तो सैकड़ों अभ्यर्थियों ने महाविद्यालय में फॉर्म जमा भी करा दिया है। इस तरह से सैकड़ों अभ्यर्थियों के माध्यम से लाखों रुपए कॉलेज प्रशासन की झोली में भी जा चुके हैं। उपरोक्त सभी महाविद्यालय स्वर्गीय हेमचंद विश्व विद्यालय के अंतर्गत आते हैं, लेकिन जनभागीदारी शुल्क में परस्पर भिन्नता है। डोंगरगढ़ महाविद्यालय की तर्ज पर अभ्यर्थियों से 230 रूपये भी लिए जा सकते थे। बहुत ज्यादा नहीं तो थोड़ी राहत तो अभ्यर्थियों को मिल ही सकती थी। लेकिन उक्त कोई भी महाविद्यालय झुकने या छात्र हित मे ऐसा कोई भी निर्णय लेने को तैयार नही है, और अपनी जिद और अड़ियल रवैये पर अड़ा हुआ है। वर्तमान समय में कोरोना की तीसरी लहर का प्रकोप चल रहा है। ऐसे में पिछली दो बार की तरह इस बार भी असाइनमेंट के माध्यम से ही परीक्षा होने की संभावना है। जब ऑफ्लाईन परीक्षा होने की संभावना नहीं के बराबर है, तो ऐसे में जनभागीदारी शुल्क लेने का कोई औचित्य ही नहीं बनता। वैसे भी जनभागीदारी शुल्क परीक्षा को आयोजित करने में लगने वाले साधनों और संसाधनों के खर्च को पूरा करने के उद्देश्य मात्र से लिया जाता है। महाविद्यालय अपने फायदे के लिए अभ्यर्थियों से गलत और मनमाने तरीके से शुल्क ले रहा है। तत्कालीन परिस्थितियों को देखते हुए अभ्यर्थियों से जनभागीदारी शुल्क न लेकर, केवलमात्र डाक-पोस्टल शुल्क 30 रुपये लिए जाने चाहिए। यदि परीक्षा ऑफलाईन माध्यम से होती है तब की स्थिति में अभ्यर्थियों से परीक्षा के पूर्व या परीक्षा के दौरान जनभागीदारी शुल्क लेने के लिए महाविद्यालय इसका स्वतंत्र अधिकार रखेगा। इसमें हमे भी कोई आपत्ति नहीं है। लेकिन तब तक के लिए जनभागीदारी शुल्क में रोक तब तक लगा दी जाए। अपना उल्लू सीधा करते हुए महाविद्यालयों का यह कहना है कि, अगर परीक्षा ऑफ लाईन माध्यम से नहीं होती तो अभ्यर्थियों से जनभागीदारी शुल्क के रूप में लिए गए पैसों को उन्हें वापस लौटा दिये जाएगा। लेकिन हमें उपरोक्त सभी महाविद्यालय की नीयत में संदेह है इसलिए हम जनभागीदारी शुल्क लेने का विरोध करते हैं। इससे पहले भी सन 2019 में जब कोरोना संक्रमण की पहली लहर आई थी तब महाविद्यालयों ने जनभागीदारी शुल्क 430 रुपये से लेकर 530 रुपये तक लिए गए थे। परीक्षा असाइनमेंट के माध्यम से संचालित हुई थी। तब तो अभ्यर्थियों को शुल्क वापस नही लौटाए गए। उक्त शुल्क की वापसी की मांग को लेकर नाराज़ छात्रों और छात्र संगठनों ने आंदोलन भी किया और विश्व विद्यालय को भी इसका विरोध झेलना पड़ा था।

धान खरीदी के शेष दिनों में अवैध धान पर रखें कड़ी निगरानी : कलेक्टर

धान खरीदी केन्द्रों में धान खरीदी के लिए सभी किसानों का टोकन जारी

राजनांदगांव/नवप्रदेश। शासन द्वारा किसानों को धान बेचने में सुविधा के लिए 7 फरवरी तक धान खरीदी का समय बढ़ाया गया है। जिससे धान बेचने से छूटे हुए सभी किसान अपने धान का विक्रय कर सके। धान खरीदी केन्द्रों में बचे हुए किसानों का धान खरीदने के लिए सभी व्यवस्था बना ली गई है। वहीं अवैध धान पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है। कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा ने धान खरीदी और अवैध धान को रोकने के लिए की गई व्यवस्था का जायजा लेने धान खरीदी केन्द्र पहुंचे। उन्होंने जिले के अंतिम सीमा क्षेत्र छुरिया विकासखंड के ग्राम कल्लू बंजारी, बम्हनी तथा डोंगरगढ़ विकासखंड के लाल बहादुर नगर और रामाटोला के धान खरीदी केन्द्र का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि धान

खरीदी के बचे हुए शेष दिनों में सतर्कता के साथ सभी किसानों का धान खरीदना है। इस दौरान कोचियों बिचौलियों द्वारा धान खपाने की संभावना अधिक रहती है। धान का सत्यापन करने के बाद धान खरीदी की जाए। सभी पात्र किसानों का धान खरीदा जाए। उन्होंने कहा कि सीमा क्षेत्र में अन्य राज्यों से धान आने की अधिक संभावना बनी रहती है, इस पर विशेष निगरानी रखी जाए। अवैध धान आने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने राजस्व अमला को लगातार धान खरीदी केंद्र का निरीक्षण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री सिन्हा ने धान खरीदी केंद्र के निरीक्षण के दौरान वहां के पंजीकृत किसान, अब तक खरीदे गए धान तथा उठाव की जानकारी ली। धान खरीदी केंद्र के प्रबंधकों ने बताया कि लगभग सभी पंजीकृत किसानों ने अपना धान का विक्रय कर लिया है। वहीं धान बेचने से बचे हुए किसानों का टोकन काट लिया गया है। धान खरीदी केन्द्र में धान का उठाव भी लगातार जारी है। कलेक्टर ने इस दौरान धान बेचने आए किसानों से चर्चा कर धान विक्रय की जानकारी ली। बुचाटोला निवासी किसान बुधराम ने बताया कि उनके पास 2 एकड़ खेत है। बारिश के कारण धान बेचने में देरी हुई है। आज अपने पूरा धान का विक्रय कर लिया है।

तीन जगहों में चोरी, जेवरात सहित नकदी ले गए चोर

गरियाबंद/नवप्रदेश। गरियाबंद जिला मुख्यालय में शुक्रवार को एक ही रात में अज्ञात चोर द्वारा दो घरों में चोरी की घटना को अंजाम देते हुए घर में रखे सोने और चांदी के जेवरात के साथ नकद ले गए। नगर के वार्ड नम्बर स्कूल रोड निवासी दिलेश्वर देवांगन अपने पारिवारिक कार्य से तीन किलोमीटर दूर चिखली ग्राम गए थे जिसका फायदा उठाते हुए अज्ञात चोरों के द्वारा घर के सामने की खिड़की को तोड़कर घर में प्रवेश कर चोरी की घटना को अंजाम दिया। इसी तरह चोरी हुए उसी घर के पीछे निवास करने वाले चंद्रशेखर सिन्हा जो धान बेचने ग्राम दर्रीपारा गए थे। उनके घर के मुख्य गेट का ताला को तोड़कर घर में घुसकर जेवरात ले उड़े। वहीं पारागांव ग्राम में चोरी की असफल घटना घटी। जहां गेट का ताला लो तो तोड़ा गया लेकिन चोरी की घटना नहीं घटी। उक्त घटना की रिपोर्ट सिटी कोटवाली में

होते ही थाना प्रभारी सत्येंद्र सिंह घटनास्थल का डॉग स्क्वाट के साथ मौका मुआयना किया। इस दौरान डॉग मैगी को सबसे पहले चोरी हुए मकान में लाया गया, जहां उसने मकान के सामानों को सूंघने के बाद सामने की गली से होते हुए हाई स्कूल के रास्ते आमदी गांव की तरफ गया। मैगी जेल के बगल में बने सूने मकान और हॉस्टल के आगे खाली मैदान के पास रुक गया। इस बीच गरियाबंद पुलिस भी लगातार सुराग जुटाने में लगी है।

मानिकपुरी समाज की जिला कार्यसमिति की बैठक सम्पन्न

कवर्धा/नवप्रदेश। मानिकपुरी पनिका समाज की चतुर्थ जिला कार्यसमिति की बैठक ग्राम नाउडीह में रखी गई थी। बैठक प्रारम्भ साहब कबीर के तैलचित्र की पूजा कर किया गया।उक्त बैठक में विभिन्न मुद्दों पर चर्चा हुई। मानिकपुरी समाज के जिलाध्यक्ष नरेन्द्र मानिकपुरी ने बताया कि जिलाकार्यकारिणी सहित निम्न इकाइयों के गठन के पश्चात विभिन्न सामाजिक कुरीतियों को दूर करते हुए समाज के सर्वांगीण विकास के लिए योजना बनाकर उसे मूर्त रूप देने चर्चा की गई। उन्होंने नवनियुक्त सभी पदाधिकारियों से सद्गुरु कबीर साहब के वाणी वचनों को आत्मसात करते हुए दी गई जिम्मेदारी को अच्छे से निर्वहन करने की अपील की। उपस्थित सभी सदस्यों ने अपनी सहमति जताई व एकजुट होकर उद्देश्य की पूर्ति के लिए कार्य करने पर जोर दिया। बैठक में कोरोना के फिर से बढ़ते प्रकोप से सावधान रहने को कहा गया। इस दौरान विभिन्न सामाजिक कार्यक्रमों में प्रशासन की गाइड लाइन का कड़ाई से

पालन को कहा गया। अंत मे सभी ब्लॉक अध्यक्षों को आगामी बैठक तक, कार्ययोजना सौंप कर जानकारी देने कहा गया। बैठक में निर्णायक मण्डल के धरम दास, आगर दास जिला उपाध्यक्षद्वय रामदास, रतन दास, लखन दास, जिला महासचिव कमल मुरचले, सहसचिव रतन दास, ब्लॉक अध्यक्ष द्वय राजू दास, फागूदास, देवदास, जिला कार्यकारिणी सदस्यगण कुंवर दास, धिरवा दास, मोलू दास, प्रभु दास, अनिल दास, जितेंद्र दास आदि उपस्थित रहे।

नल कनेक्शन प्रक्रिया का सरलीकरण मानवीय हस्तक्षेप मुक्त होगी प्रक्रिया

कवर्धा/नवप्रदेश। गढ़बो नवा छत्तीसगढ़ की थीम पर काम करते हुए छत्तीसगढ़ शासन नागरिकों की सुविधाओं का लगातार विस्तार कर रही है। आनलाइन सेवाओं की वजह से नागरिकों के काम घर बैठे हो रहे हैं। इसी कड़ी में अब नल कनेक्शन के लिए भी नागरिकों को नगरीय निकाय कार्यालयों के चक्कर नहीं काटने होंगे। आम नागरिकों को अब घर बैठे ही नल का कनेक्शन मिल जाएगा। वर्तमान में नल कनेक्शन प्राप्त करने हेतु आम नागरिकों को निगम के अधिकृत प्लम्बर के माध्यम से नल संयोजन का नक्शा बनाकर निगम कार्यालय में आवेदन देना होता है। साथ ही आयकर दाता श्रेणी के उपभोक्ताओं को 5 हजार रूपए एवं गैर आयकर दाता उपभोक्ताओं को 2 हजार रूपए की अमानत राशि निगम काउंटर में जमा करने हेतु लाइन लगाना पड़ता है तथा प्रोसेसिंग शुल्क के रूप में न्यूनतम 5 सौ रूपए की राशि निकाय में जमा करनी होती है। आवेदन की इस प्रक्रिया के जटिल होने के कारण नए कनेक्शन हेतु उपभोक्ताओं को व्यवहारिक समस्याओं का सामना करना पड़ता है। राज्य सरकार द्वारा नगरीय निकायों को टैंकर मुक्त किए जाने हेतु विभिन्न केन्द्र एवं राज्य प्रवर्तित योजनाओं पर काम किया जा रहा है। इन योजनाओं में नए पाइप लाइन का विस्तार तथा जल आवर्धन योजना का कार्य भी प्रगति पर है। इसके साथ ही अधिकतर नागरिकों द्वारा अपने अवैध नल कनेक्शन को वैध नल कनेक्शन में परिवर्तन करने हेतु निकायों मे संपर्क किया जा रहा है। विदित है कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से निर्देश प्राप्ति के 15 दिवस के भीतर ही विभाग द्वारा 5 सौ वर्गमीटर तक के भूखण्डों पर मानव हस्तक्षेप मुक्त भवन अनुज्ञा प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। इसी तर्ज पर निकायवार आनलाइन आवेदन, शुल्क भुगतान एवं प्लम्बर पंजीयन आदि की प्रक्रिया हेतु पोर्टल का निर्माण प्रगति पर है। मानव हस्तक्षेप मुक्त नल कनेक्शन प्रक्रिया, आनलाइन भुगतान एवं मासिक उपभोक्ता शुल्क का आनलाइन भुगतान हेतु विभाग 25 फरवरी का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। नगरीय निकाय विभाग द्वारा प्रक्रिया सरलीकरण, प्लम्बर पंजीयन इत्यादि हेतु नियम एवं प्रक्रियाएं तैयार की जा रही हैं। प्लम्बर पंजीयन की प्रक्रिया के सरलीकरण से बेरोजगार युवा नागरिकों को रोजगार के नए अवसर भी प्राप्त होंगे।

प्रथम पृष्ठ का शेष...

सुकमा में नक्सलियों और...

इस बारे में विस्तार से जानकारी नहीं मिल पाई है। फोर्स के जवान सर्चिंग कर रहे हैं। जवानों के सर्चिंग से वापस लौटने के बाद लौटने के बाद अधिक जानकारी मिल पाएगी।

मणिपुर : राज्य की ...

मणिपुर में हमारी पार्टी में कोई विवाद नहीं है। हम दो-तिहाई बहुमत के साथ हम सरकार बनाएंगे।

मणिपुर में दूसरे चरण के मतदान के लिए 4 फरवरी को नोटिफिकेशन जारी किया जाएगा। इस चरण में प्रत्याशी 11 फरवरी तक नामांकन कर पाएंगे और नामांकन वापस लेने की अंतिम तारीख 16 फरवरी होगी। चुनाव आयोग ने कुछ दिनों पहले बताया था कि राज्य में 57 प्रतिशत से ज्यादा लोगों को वैक्सीन की पहली डोज लग चुकी है। वहीं 43% से ज्यादा लोगों को दोनों डोज लग चुकी हैं।

पेगासस को लेकर...

गहलोत ने कहा, ''सुप्रीम कोर्ट को भी जिस रूप में प्राथमिकता के आधार पर सुनवाई करनी चाहिए, वह नहीं कर पा रहा है, किसे दोष दें? सरकार जो हलफनामा दे रही है, उच्चतम न्यायालय में उसके कई मायने निकलते हैं।' मुख्यमंत्री गहलोत ने कहा कि आज ऐसी स्थिति बन गई है देश के अंदर, आप आलोचना कर दो, असहमति व्यक्त कर दो, तो आप देशद्रोही हो। आप सोच सकते हो कि यह मुल्क किस दिशा में जा रहा है। मैं समझता हूं कि हर नागरिक के लिए यह चिंता का विषय होना चाहिए।'

वहीं, बहुजन समाज पार्टी की अध्यक्ष मायावती ने केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि देश और जनता के प्रति जवाबदेह और जिम्मेदार होकर विश्वसनीय जवाब देने के बजाय केंद्र की चुप्पी और भी नए सवाल खड़े करती है। उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने रविवार को ट्वीट किया, 'पेगासस जासूसी कांड का भूत केंद्र सरकार व भाजपा की नींद लगातार उड़ाए हुए है।

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ...

याद की जाएगी।''

'भारत के भाग्य को आकार देने में गांधी की बड़ी भूमिका': उपराष्ट्रपति एम वेंकैया नायडू ने महात्मा गांधी को उनकी पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि दी। उन्होंने लोगों से देश को गरीब, भूख, सामाजिक अक्षमताओं, निरक्षरता और भेदभाव से मुक्त कराने के लिए एक साथ आने की अपील की। उपराष्ट्रपति सचिवालय ने नायडू के हवाले से ट्वीट किया, ''शांति और अहिंसा के दूत गांधी जी ने भारत के स्वतंत्रता संग्राम और भारत के भाग्य को आकार देने में बहुत बड़ी भूमिका निभाई।''

महाराष्ट्र : मुंबई-पुणे ...

में सवार दो लोग और दो मोटरसाइकिल पर सवार तीन लोगों की मौत हो गई। चार की मौके पर मौत हो गई और एक ने अस्पताल में दम तोड़ दिया। एपीआई रंजीत पठारे ने बताया, दुर्घटना रविवार शाम करीब 6:15 बजे हुई। ड्राइवर ट्रक से नियंत्रण खो बैठा और गाड़ी डिवाइडर से टकरा गई। ड्राइवर भाग गया है।

भिलाई की सड़कों पर...

पुख्ता सुबूत सामने नहीं आए हैं।

एएसपी संजय ध्रुव की माने तो ये महज दुर्ग पुलिस की छवि को ख़राब करने की एक सोची समझी साजिश है। उन्होंने कहा कि पुलिस का काम अपराध को रोकना है। पुलिस कभी एक तरफा कार्रवाई नहीं करती है। उच्चाधिकारियों और कानून विशेषज्ञों से चर्चा कर पोस्टर वार के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई किया जाना तय है।

कमीशन का लालच ...

इन लोगों ने फिश फार्मिंग के लिए तालाब से लेकर बोर व अन्य सुविधाएं बनाकर देने झांसा दिया। यही नहीं हर माह 55 हजार से डेढ़ लाख तक रुपए तक कमीशन देने की बात कही थी। कुछ किसानों को उन्होंने लाभ देकर बाकी किसानों को अपने चंगुल में फंसाया। इस प्रकार बालोद, दुर्ग, बिलासपुर के लगभग 95 किसानों से इन ठगों ने लगभग 6 करोड़ रुपए समेटे और कंपनी बंद कर चलते बने। इन ठगों ने तीन राज्यों में इस प्रकार 1700 से अधिक किसानों को फंसाया।

7 में से 2 की हुई गिरफ्तारी : एएसपी संजय ध्रुव ने बताया कि 26 अगस्त 2021 को गुंडरदेही बालोद के निवासी देवेश कुमार चंद्राकर ने इनके खिलाफ शिकायत दर्ज कराई थी। इसके बाद से ही आरोपियों की तलाश की जा रही थी। इनमें से दो आरोपी फिश फार्च्यून प्रोड्यूसर कंपनी गुड़गांव हरियाणा के प्रबंधक बृजेश कुमार व सीईओ विनय शर्मा मध्यप्रदेश के भोपाल सेंट्रल जेल में सजा काटने की जानकारी मिली। पुलिस कोर्ट से अनुमति लेकर भोपाल सेंट्रल जेल पहुंची तो पता चला कि दोनों आरोपियों को भीलवाड़ा राजस्थान की पुलिस ट्रांजिट रिमांड पर ले गई है। यहां से दुर्ग पुलिस की टीम भीलवाड़ा राजस्थान पहुंची और बृजेश कुमार कश्यप व विनय शर्मा को ट्रांजिट रिमांड पर दुर्ग लेकर आई है।

कांग्रेसियों ने दी राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि

साजा/नवप्रदेश। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष संतोष वर्मा व नगर कांग्रेस अध्यक्ष मनोज जायसवाल के निर्देश में युवा कांग्रेस द्वारा स्वतंत्रता संग्राम के प्रमुख नायक महात्मा गांधी की 74वीं पुण्यतिथि नगर के रेस्ट हाउस में श्रद्धांजलि कार्यक्रम के रुप में रखा। वहां महात्मा गांधी की विचारधारा पर चलने, उनके दिखाये जनसेवा के कार्य पर अग्रसर रहने की बात की व श्रद्धा सुमन अर्पित कर 2 मिनट का मौन रखा गया। जिसमें मुख्य रूप से संतोष वर्मा अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी, मनोज जायसवाल

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी, जनार्दन ठाकुर, दिनेश वर्मा सचिव ब्लॉक कांग्रेस कमेटी, योगेश बागरेचा, तोपसिंह राजपूत सचिव ब्लॉक कांग्रेस कमेटी, विप्लव गौरहा विधानसभा उपाध्यक्ष युवा कांग्रेस, आशीष विधायक प्रतिनिधि नगर पंचायत साजा, अवधेश गोयल सभापति, पार्षद संतोष यादव, नरेंद्र यादव, राजेश ठाकुर, एल्डरमैन रोहित वर्मा, एल्डरमैन जितेंद्र जैन, दिनेश साहू उपाध्यक्ष शर्मा अध्यक्ष ब्लॉक युवा कांग्रेस, थानेश्वर साहू अध्यक्ष नगर युवा कांग्रेस, भूजल मिश्रा युवा कांग्रेस मीडिया प्रभारी सहित अन्य पार्षदगण, कांग्रेस के पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं मौजूद थे।

MUNICIPAL COUNCIL, MANDIR HASAUD
E-Procurement Tender Notice (1st Call)

SYSTEM TENDER NO: 91375 NIT NO. MANDIR HASAUD, dated 24.01.2022

Online bids in three envelop system are invited for the gollowing construction works/ supply works up to date 14.02.2022 at 17.30 Hours

Sl. No.	Description	Cost of Tender / Bid Submission Frees
1	CONSTRUCTION OF DOME SHED NEAR RADHA KRISHNA MANDIR, KRISHNA CHOWK AT MANDIR HASAUD CGPWD ROAD AND BUILDING S.O.R. 01.01.2015, ELECTRICAL SOR 2020, PHE SOR 2013	(1) Rs 24.81 Lacs

The details can be downloaded online directly from the Government of Chhattisgarh e-Procurement Portal *http://eproc.cgstate.gov.in* From 21.01.2022 at 17:30 Hours (IST) onwards.

For more datails on the tender and bidding process please visit the above mertioned protal.

CHIEF MUNICIPAL OFFICER
MANDIR HASAUD

न्यायालय नजूल अधिकारी कबीरधाम (छ.ग.)
ईश्तहार

रा.प्र.क्र.ई.जी. 202201082200027
अ-6/2021-22

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक दुर्गेश जायसवाल वल्द श्रवण जायसवाल साकिन कवर्धा, जिला कबीरधाम द्वारा नजूल नगर कवर्धा स्थित शीट क्र. 10 बी भूखंड क्र. 115/2 कुल क्षेत्रफल 95.65 वर्गमीटर भूखंड नजूल अभिलेख में संधारण खसरा में धारक गणेश पिता रामप्रसाद यादव साकिन कवर्धा के नाम पर दर्ज है। आवेदक द्वारा उक्त भूखंड शीट क्र. 10बी, भूखंड क्र. 115/2 कुल क्षेत्रफल 95.65 वर्गमीटर भूखंड को पंजीकृत बयनामा दिनांक 23.02.2015 के अनुसार धारक से क्रय किए जाने के फलस्वरूप उक्त भूखंड को अपने नाम पर नामांतरण किए जाने हेतु आवेदन इस न्यायालय में प्रस्तुत किया है। जिसकी सुनवाई दिनांक 11.02.2022 को नियत की गई है।

अतएव इस नामांतरण के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति या संस्था को उजर अथवा आपत्ति हो वे इस न्यायालय में दिनांक तक स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से आपत्ति पेश कर सकते हैं। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त आपत्ति मान्य नहीं किया जायेगा। आज दिनांक 12.01.2022 को इस न्यायालय में पद मुद्रा एवं हस्ताक्षर से जारी किया गया है।

जारी दिनांक 21.01.2022
पेशी दिनांक 11.02.2022

सील

नजूल अधिकारी
कबीरधाम

छत्तीसगढ़ प्रशासन अकादमी
निमोरा, रायपुर

दूरभाष क्र. 0771-2473263, फैक्स 0771-2473263 ई-मेल ps.cgaoa@gmail.com
क्रमांक 2356/700/अका./स्था./2022 — रायपुर, दिनांक 27/01/2022

-: विडियोग्राफी एवं फोटोग्राफी तथा प्रिंटिंग कार्य (प्रतिभागियों का नाम फोटोग्राफ में कम्प्यूटर से प्रिंट सहित) निविदा आमंत्रण :-

छत्तीसगढ़ प्रशासन अकादमी निमोरा रायपुर द्वारा आयोजित किए जाने वाले प्रशिक्षण कार्यक्रमों एवं अन्य कार्यक्रमों हेतु विडियोग्राफी एवं फोटोग्राफी/ प्रिंटिंग कार्य (प्रतिभागियों का नाम फोटोग्राफ में कम्प्यूटर से प्रिंट सहित) कार्य वर्ष 2022-23 हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। विस्तृत जानकारी एवं निविदा प्रपत्र अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय से रु. 200/- (रु. दो सौ मात्र) नगद भुगतान कर प्रकाशन तिथि से कार्यालयीन दिवस में प्राप्त किए जा सकते हैं।

1	निविदा प्रपत्र बिक्री प्रारंभ की तिथि	दिनांक 31.01.2022 से 18.02.2022	समय प्रातः 10.00 से सायं 05.00 बजे तक
		दिनांक 21.02.2022	प्रातः 10.00 से अपरान्ह 2.00 बजे तक
2	निविदा जमा करने की अंतिम तिथि	दिनांक 21.02.2022	अपरान्ह 03.00 बजे तक
3	निविदा खोलने की तिथि	दिनांक 21.02.2022	सायं 04.00 बजे
स्थान :- छत्तीसगढ़ प्रशासन अकादमी का सभा कक्ष			

निविदा प्रपत्र, नियम एवं शर्ते तथा अन्य जानकारी कार्यालयीन समय पर कार्यालय छत्तीसगढ़ प्रशासन अकादमी तथा विभागीय वेब साईट www.cgaoa.gov.in में भी देखी जा सकती है।

निविदा प्रपत्र का मूल्य 200/- (रु. दो सौ मात्र) है, जिसे नगद जमा करना होगा। यह राशि वापसी योज्य नहीं होगी।

जी-67263/3

संयुक्त संचालक (प्रशा.)
छत्तीसगढ़ प्रशासन, अकादमी
निमोरा रायपुर

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक यशवंत धोटे* द्वारा मीनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नं. 74 सरोरा रोड उरला इंडस्ट्रीयल एरिया से मुद्रित कर ब्रिस्टल चौक छोटापारा रायपुर से प्रकाशित, प्रबंध संपादक - चन्द्रशेखर धोटे, फोन : 0771-4035602, डाक पंजीयन क्रमांक CG/RYP/DN/ 40/2019-2021

दहेज हत्या : पति और दादी सास को 10-10 साल सश्रम कारावास की सजा

विवाह के एक माह के भीतर नवविवाहिता ने जहर का सेवन कर दी अपनी जान

राजनांदगांव/नवप्रदेश। दहेज हत्या के एक मामले में माननीय अपर सत्र न्यायाधीश, फास्ट ट्रेक कोर्ट, राजनांदगांव पीठासीन न्यायाधीश अभिषेक शर्मा द्वारा विचारण उपरांत 28 जनवरी 2021 को निर्णय घोषित कर आरोपीगण हेमंत निषाद पिता कृष्णा निषाद 22 वर्ष एवं सुरतिया बाई निषाद पति स्व. संतोष निषाद 62 वर्ष दोनों निवासी ग्राम नगपुरा, वार्ड नंबर 19, चंडी चौक, अंजोरा, थाना पुलगांव, जिला दुर्ग (छग) को भारतीय दंड संहिता की धारा 304-ख सहपठित धारा 34 के तहत् 10-10 वर्ष के सश्रम करावास की सजा से दंडित किये जाने का दंडादेश पारित किया गया। न्यायालय के समक्ष मामले में छत्तीसगढ़ राज्य की ओर से आदित्य प्रकाश श्रीवास्तव, अतिरिक्त लोक अभियोजक, फास्ट ट्रेक कोर्ट, राजनांदगांव ने पैरवी की। मामला इस प्रकार है कि, हेमलता निषाद, उम्र 22 वर्ष निवासी ग्राम भंवरमरा, वार्ड नंबर 4 चौकी सुरगी थाना बसंतपुर जिला राजनांदगांव का विवाह दिनांक 12 जून 2020 को सामाजिक रीति-रिवाज से हेमंत कुमार निषाद आ. कृष्णा निषाद, उम्र 22 वर्ष, निवासी ग्राम नगपुरा, वार्ड नंबर 19 चंडी चौक, थाना पुलगाव, जिला दुर्ग (छग) के साथ सम्पन्न हुआ था तथा दिनांक 13 जून 2020 को हेमलता की विदाई हुयी थी। विवाह के बाद हेमलता 12-13 दिन अपने ससुराल में रही उसके बाद दिनांक 29 जून 2020 को उसका पति हेमत उसे उसके मायके ग्राम भवरमरा छोड़कर चला गया। हेमलता को उसके पति द्वारा अपने मायके में छोड़कर चले जाने के बाद वह अपने मायके में रह रही थी और उसने अपनी मां को बतायी कि उसका पति हेमंत उसके कमरे में आता नहीं था, मुझे बच्चा नहीं चाहिए कहता था और अगर बच्चा हो गया तो वह मेरा बच्चा नहीं है, बोल देगा, तुझे खाना बनाना नहीं आता ऐसा बोलकर प्रताड़ित करता था इसके अलावा हेमलता का पति हेमत और हेमलता की दादी सास सुरतिया बाई भी हेमलता को यह कहकर ताना मारते और प्रताड़ित करते थे कि तुम दहेज कम लायी हो फ्रि ज, होंडा मोटर सायकल नहीं लाये हो, टिकावन (दहेज) जितना सोचा था उससे कम लायी हो, कहते हुए अक्सर हेमंत और सुरतिया बाई दोनों हेमलता को ताना मारते थे। अपने पति और दादी सास के व्यवहार से हेमलता काफी दुखी व परेशान हो गई थी। हेमलता को इस बात की जानकारी होने पर कि अब उसका पति उसे लेने कभी नहीं आयेगा तो अपने पति और दादी सास के प्रताड़ना से तंग आकर हेमलता निषाद दिनांक 2 जुलाई 2020 को अपने मायके में जहर (कीटनाशक) का सेवन कर ली, जिसे ईलाज हेतु जिला अस्पताल राजनांदगांव भर्ती कराया गया, जहां उपचार के दौरान उसकी मृत्यु हो गई। सूचना पर पुलिस चौकी सुरगी द्वारा मर्ग कायम कर मृतिका के शव का पीएम कराया गया। मृतिका के पति और दादी सास के विरूद्ध अपराध घटित करना पाये जाने से उन्हें विधिवत् गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजा गया। संपूर्ण विवेचना उपरांत आरोपीगण के विरुद्ध भारतीय दंड विधान की धारा 304 (बी) 34 के तहत चालान विचारण हेतु न्यायालय के समक्ष पेश किया गया था।

पदोन्नति में विभिन्न विसंगति को लेकर डीईओ से मिला शालेय शिक्षक संघ

कवर्धा/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ शालेय शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष शिवेंद्र चंद्रवंशी के नेतृत्व में संघ के प्रतिनिधिमंडल ने जिला शिक्षा अधिकारी राकेश पांडे को शिक्षक संवर्ग की विभिन्न मांगों व समस्याओं को लेकर ज्ञापन सौंपा गया। जिसमें मुख्य रूप से पदोन्नति वरिष्ठता सूची में व्याप्त विसंगति में सुधार करने की मांग शामिल है। सामान्य प्रशासन विभाग के आदेशानुसार वरिष्ठता का निर्धारण, डबल स्नातक को विकल्प भराकर मान्य करने, उच्च वर्ग शिक्षक में विषयवार सभी रिक्त पदों में पदोन्नति, स्थानांतरण से आये शिक्षको को नियमानुसार यथोचित स्थान देने, सीपीएस पासबुक भरने ब्लॉक स्तर पर शिविर लगाने, संविलियन के पूर्व की कटौती राशि को भी पासबुक में जोड़ने, मेडिकल व अर्जित अवकाश, मातृत्व व संतान पालन अवकाश स्वीकृत करने, पदोन्नति में 2021 में उच्च योग्यता प्राप्त करने वाले शिक्षकों को शामिल करने संबंधी विषयों पर चर्चा की गई तथा मांग किया गया।

फाइलेरिया पर नियंत्रण के लिए नाईट ब्लड सर्वे ने पकड़ी रफ्तार

राजनांदगांव/नवप्रदेश। उपेक्षित उष्णकटिबंधीय रोग (नेगलेक्टेड ट्रापिकल डिसीज या एनटीडी) पर नियंत्रण के लिए जिले में लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। फाइलेरिया, डेंगू, मलेरिया, कुष्ठ व कृमि जैसे रोगों से बचाव हेतु लोगों को जागरुक करने के लिए विभिन्न कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। इसी क्रम में फाइलेरिया रोग उन्मूलन के लिए इन दिनों जिले में नाईट ब्लड सर्वे किया जा रहा है जिसमें अब तक लक्ष्य के लगभग 50 प्रतिशत लोगों का सैंपल कलेक्शन किया जा चुका है। फ इलेरिया रोग उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत जिले में सघन सर्वे अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत संवेदनशील गांवों में फ इलेरिया के लक्षणों वाले रोगियों को चिन्हित किया जा रहा है। इस दौरान स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा लोगों से अपील भी की जा रही है कि फ इलेरिया के लक्षण होने पर इस रोग को छिपाएं नहीं बल्कि इलाज कराएं। इलाज कराने से फाइलेरिया का समय रहते इलाज किया जा सकता है। फाइलेरिया रोग के प्रसार के मद्देनजर संवेदनशील 4 सेंटिनल और 4 रेंडम साइट सहित 8 क्षेत्रों में नाईट ब्लड सर्वे किया जा रहा है तथा प्रत्येक साइट पर 500 सैंपल कलेक्शन का लक्ष्य रखा गया है। सर्वे में किसी व्यक्ति को फ इलेरिया पॉजिटिव पाए जाने की स्थिति में उसका समुचित उपचार करने का प्रयास किया जाएगा। इससे पहले भी फ इलेरिया उन्मूलन का प्रयास करते हुए जिले में फ इलेरिया के सभी पुराने मरीजों को फ इलेरिया किट वितरित किया गया है। साथ ही पीड़ितों को फ इलेरिया किट के उपयोग एवं रोग व विकृति के कारण आने वाली अपंगता की रोकथाम तथा प्रबंधन की जानकारी भी दी जा रही है। ऐसे ही प्रयासों की सार्थकता के लिए हर साल 30 जनवरी को विश्व उपेक्षित उष्णकटिबंधीय रोग दिवस मनाया जाता है।

नाली, सीसी रोड व पानी टंकी का जिपं सदस्य ने किया भूमिपूजन

खरोरा/नवप्रदेश। ग्राम बोरिद पंचायत में 26 जनवरी के अवसर पर बंधवा तालाब के पास नाली एवं सीसी रोड, सोलर पैनल एवं पानी टंकी लागत 17 लाख एवं 2 लाख 80 हजार रुपये का भूमिपूजन किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य केशरी मोहन साहू एवं जनपद सदस्य भारती चन्द्रकार, सरपंच गौतम चन्द्रकार एवं उप सरपंच पुन्नी बाई चन्द्रकार समेत अन्य उपस्थित रहे। जिसमें बालमुकुंद, मुकेश साहू, देवेन्द्र चन्द्रकार, लाला राम, मीना मनहरे, रूखमणी चन्द्रकार, एवं गणमान्य नागरिक बलराम चन्द्र कार, हीरालाल चन्दकार, रमन चन्द्रकार, शारदा साहू, रामसिंह साहू, भुनेश्वर अकोने, दिनदयाल साहू, आदि के उपस्थिति में भूमि पूजन कार्य सम्पन्न हुआ।

यूपी चुनाव में गणेश को 2 विधानसभा की मिली जवाबदारी

भाटापारा/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ राज्य अनुसूचित जनजाति आयोग के सदस्य और कांग्रेस नेता गणेश सिंह को उत्तर प्रदेश चुनाव में रामपुर विधानसभा का चुनाव प्रभारी के साथ बिलासपुर विधानसभा का सह चुनाव प्रभारी बनाया गया है। गणेश ध्रुव फिलहाल यूपी चुनाव में अपनी जवाबदारी बखूबी निभा रहे हैं। अगले माह से शुरू होने जा रहे यूपी चुनाव में राज्य अनुसूचित जनजाति आयोग के युवा सदस्य गणेश सिंह ध्रुव को छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, प्रदेश अध्यक्ष मोहन मरकाम, खनिज निगम अध्यक्ष गिरीश देवांगन ने उन्हें रामपुर विधानसभा चुनाव का प्रभारी बनाकर यूपी भेजा गया है। जहां वे शीर्ष नेतृत्व के निर्देशों का पालन करते हुए अपनी जवाबदारी को जिम्मेदारी समझ कर वहा के कार्यकर्ताओं में जान फूंक दी है। यूपी चुनाव में लगे गणेश सिंह ने बताया कि आज राष्ट्रीय नेतृत्व ने छत्तीसगढ़ के मुखिया भूपेश बघेल की कार्य प्रणाली को पूरे देश मे एक रोल मॉडल के रूप मे प्रस्तुत किया जा रहा है उनके बेबाक व साफ छबि को देख कर विश्वास करते हुए उत्तर प्रदेश की चुनाव की जवाब दारी दी गई है। श्री ध्रुव ने कांग्रेस के कार्यकर्ताओं का जोश भरते हुए कहा कि मुझ जैसे एक छोटे से कार्यकर्ता को भूपेश बघेल ने असम चुनाव में भी पूरे विश्वास से चुनाव प्रभारी के रूप मे भेजा गया जहां वहां भी कांग्रेस पार्टी के प्रत्यासी को 17077 वोटों से विजय प्राप्त हुई थी।

भाटापारा विस में सदस्यता अभियान का पूरा होगा टारगेट : शैलेश

भाटापारा/नवप्रदेश। प्रदेश कांग्रेस संगठन के द्वारा दिया गया कांग्रेस सदस्यों का लक्ष्य भाटापारा विधानसभा में कांग्रेस के कार्यकताओं के सहयोग से पूरा कर लिया जाएगा जिसके लिए शहर में बैठक कर कार्यकर्ताओ को जवाबदारी दे दी गई हैद्ध उक्त बातें भाटापारा विधानसभा सदस्यता प्रभारी और पाठ्य पुस्तक निगम के अध्यक्ष शैलेश नितिन त्रिवेदी ने कांग्रेस भवन में पत्रकारों से चर्चा करते हुए कही। श्री त्रिवेदी ने बताया की पूरे प्रदेश में 10 लाख कांग्रेस सदस्यों का लक्ष्य लेकर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम ने बूथ लेबल पर सदस्य बनाये जाने का निर्देश दिया गया। भाटापारा विधानसभा क्षेत्र में लगभग 11 हजार सदस्य बनाये जाएंगे जो डिजिटल एवं बुक वार होंगे जिसके लिए इस विधानसभा में जोन प्रभारियों की भी नियुक्ति कर दी गई है। भाटापारा शहर में 2 जोन प्रभारी होंगे तथा ग्रामीण में 5 एवं सिमगा में 5 जोन प्रभारियों की नियुक्ति कर दी गई है जो इस विधानसभा के 281 बूथों पर बूथ वॉर सदस्य बनाने पर जोर देंगे।

हर्षोल्लास के साथ लोटस स्कूल में मनाया गया गणतंत्र दिवस

भटगांव/नवप्रदेश। नगर के लोटस पब्लिक स्कूल में गणतंत्र दिवस का पर्व स्कूल के प्राचार्य तथा शिक्षकों की उपस्थिति में राष्ट्रीय तिरंगा झंडा फहराया गया। इसी तरह नगर तथा आसपास के क्षेत्रों में 26 जनवरी गणतंत्र दिवस का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस वर्ष भी कोरोना-19 के कारण शासकीय, अर्धशासकीय कार्यालयों में भी बिना भीड के बड़े शान से तिरंगा लहरा कर गणतंत्र दिवस का पर्व मनाया गया।

कांग्रेस ने मनाई महात्मा गांधी की पुण्यतिथि

गंडई/नवप्रदेश। रविवार 30 जनवरी को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि ब्लाक कांग्रेस अनु.जाति प्रकोष्ठ गंडई के द्वारा विश्रामगृह गंडई में मनाई गई और उनके तैलचित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें याद किया गया। इस अवसर पर किसान कांग्रेस प्रदेश महासचिव रणजीत चन्देल, कांग्रेस अनु.जाति के अध्यक्ष नारायण चतुर्वेदी, अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के अध्यक्ष लियाकत अली, एल्डरमैन हबीब खान, पार्षद चेतन देवांगन, दिलीप ओगरे, क्रान्ति ताम्रकार, सूरज नामदेव, मीडिया प्रभारी अमित टंडन, तानसेन साहू, कन्हैया कुर्रे, साकेत सोनी, मोहन सेन, संतोष साहू, भुनेश्वर निषाद, आदि उपस्थित रहे।

बूथ स्तर में मजबूती प्रदान करने भाजपा बेरला मंडल की हुई बैठक

बेमेतरा/बेरला/नवप्रदेश। बूथ स्तर में मजबूती प्रदान करने व सरल पोर्टल डाटा एंट्री के संबंध में बेरला भाजपा मंडल की बैठक में महाराणा प्रताप भवन में सम्पन्न हुआ। इसमें प्रमुख रूप से पूर्व जिलाध्यक्ष राजेन्द्र शर्मा, प्रदेश मंत्री संध्या परगनिहा, मंडल प्रभारी विकास दीवान, मंडल अध्यक्ष बलराम पटेल, महामंत्री राजा साहू, डोमेन्द्र राजपूत, पुष्पा साहू, संजीव तिवारी, शांतिलाल जैन जनप्रतिनिधिगण व पदाधिकारी उपस्थित थे। विकास दीवान ने कहा बेमेतरा जिला में बेरला मंडल प्रथम नम्बर में हैं। इसके लिए मंडल अध्यक्ष सहित पूरे पदाधिकारी व कार्यकर्ता को बधाई देते हुए आगे कहा कि हमें अब 2023 के रण के लिए तैयार हो जाना हैं। पर रण के लिए हथियार चाइए वह हथियार यह हमारे सक्रिय कार्यकर्ता हम बूथ स्तर पर 25 सक्रिय कार्यकर्ता बना चुके हैं। अब हमें एक एक कार्यकर्ता की सूची बनाकर हमे कंप्यूटर में उसे अपलोड करना हैं, जिससे दिल्ली में बैठे हमारे पदाधिकारी व नेता डायरेक्ट संपर्क कर सके। बलराम पटेल ने कहा प्रदेश व जिला आदेशानुसार जो कार्य मिला हैं, हम उसे जल्द से जल्द करके यह कार्य पूरे कार्यकर्ता के मदद से करेंगे। उन्होंने आगे कहा कि पार्टी कार्यकर्ता अब तैयार रहें, यह कार्य करके हम अब बूथ स्तर पर मीटिंग प्रारंभ करेंगे। एक एक कार्यकर्ता से मुलाकात करेंगे आगे की रण जितने के लिए कार्ययोजना तैयार उस पर संगठित होकर कार्य को पूरा करेंगे और निश्चित रूप से हम 2023 विजय होंगे। इस अवसर पर जनप्रतिनिधिगण, समस्त मोर्चा प्रकोष्ठ के अध्यक्ष, महामंत्री, पदाधिकारी गण, वरिष्ठ नेता सहित कार्यकर्ता मौजूद थे।

सामाजिक चुनाव सम्पन्न कराने वाले अधिकारियों का हुआ सम्मान

भाटापारा/नवप्रदेश। छग मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज केन्द्रीय अध्यक्ष के निर्वाचन संपन्न कराने वाले अर्जुनी राज के पीठासीन अधिकारियों एवं निर्वाचन अधिकारियों का सम्मान समारोह कोविड 19 के नियमानुसार 29 जनवरी को डां. खूबचंद बघेल छात्रावास भाटापारा में राजप्रधान भुनेश्वर वर्मा की अध्यक्षता एवं केन्द्रीय निर्वाचन अधिकारी अनिल नायक उपस्थिति मे संपन्न हुआ। समाज के सचिव अरुण वर्मा ने बताया कि राज के गणेश राम वर्मा ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए सभी निर्वाचन अधिकारियों को धन्यवाद सहित आभार व्यक्त किया एवं भविष्य मे सहयोग करने की अपेक्षा की। पूर्व राजप्रधान एवं केन्द्रीय उपाध्यक्ष डा. केके नायक ने भी सभी निर्वाचन अधिकारियों को बधाई एवं सफ ल संचालन के लिए गणेश राम वर्मा सहित मतदान अधिकारियों को बधाई दी। पूर्व राजप्रधान एवं निर्वाचन प्रभारी अर्जुनी राज चिंता राम वर्मा ने भी बधाई दी। केन्द्रीय निर्वाचन अधिकारी अनिल नायक ने अर्जुनी राज की खूब तारीफ की। उन्होंने कहा कि सभी राजों से अर्जुनी राज की पहचान आपके उर्जावान युवा राजप्रधान, भुनेश्वर वर्मा एवं उनकी कार्यकारिणी की देन है। राजप्रधान सहित उनकी पूरी टीम को एवं समस्त मतदान अधिकारियों को सफल संचालन के लिए बधाई दी।

अभिजीत एवं डेविड का इन्सपायर अवार्ड नेशनल के लिए हुआ चयन

भाटापारा/नवप्रदेश। भारत सरकार के विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय द्वारा कक्षा 6 वी से 10 वी तक के बच्चों में वैज्ञानिक अन्वेषण एवं नवाचारी प्रवृत्तियों की अभिवृद्धि हेतु इन्सपायर एवार्ड मानक स्पर्धा 2020-21 के नेशनल स्तर पर बलौदा बाजार भाटापारा जिले से विकास खण्ड भाटापारा डीपीएस पब्लिक वर्ल्ड के छात्र अभिजीत कटियार एवं शासकीय चौरेंगा माध्यमिक शाला के छात्र डेविड साहू ने राज्य स्तरीय प्रतियोगिता क्वालीफ ाई करने के बाद नेशनल लेवल स्पर्धा हेतु उनका चयन हुआ है। 17 से 19 जनवरी तक इंस्पायर अवार्ड मानक प्रतियोगिता के आयोजन में 304 विद्यार्थियों का चयन राज्य स्तरीय स्पर्धा के लिए हुआ। ऑनलाइन राज्य में राष्ट्रीय स्पर्धा के लिए दो विद्यार्थी का चयन बलौदा बाजार भाटापारा से हुआ है, जिनमें एक भाटापारा और एक सिमगा ब्लाक के स्टूडेंट है। भाटापारा विकासखंड के डीपीएस वर्ल्ड पब्लिक स्कूल के छात्र अविजित कटियार के द्वारा सिक्योर यूएसबी पोर्ट पर आधारित मॉडल तैयार किया गया। उन्होंने बताया हैकर्स के द्वारा यूएसबी पोर्ट लगाकर कंप्यूटर में अपना कंट्रोल स्थापित कर लिया जाता है या कोई वायरस जनित फाइल्स सिस्टम में भेज करके डेटा खराब कर दिया जाता है। हैकर्स के द्वारा लगाई गई पेन ड्राइव या यूएसबी मानव बाधित डिवाइस की तरह कार्य करती है। जिससे सिस्टम करप्ट हो जाता है। इससे बचाव के लिए सिक्योर यूएसबी डिवाइस से प्रदूषित कंटेंट को दूर करने के साथ हैकिंग का अंदेशा कम हो सकेगा और साइबर दुनिया का अधिकाधिक सुरक्षित इस्तेमाल भी हो सकेगा। सिमगा के छात्र डेविड साहू के द्वारा रिक्शा पैरदान पर तैयार मॉडल का चैनल राष्ट्रीय स्तर के लिए हुआ है। उन्होंने ऑटो रिक्शा में पैरदान पर आधारित अपना मॉडल बनाया। जिसमें उनके द्वारा विकलांग व वृद्ध लोगों को ऑटो रिक्शा, टांगा या अन्य वाहन में चढ़ने में होने वाली परेशानी को दूर करने का उपाय बताया गया। उनका मानना है कि ऑटो रिक्शा के पिछले सीट में परिवर्तन कर उसे हाइड्रोलिक सिस्टम से ऊपर नीचे किया जा सकता है। पिछले सीट को नीचे कर वृद्धजन को बैठाते है फि र हाइड्रोलिक से सीट को ऊपर उठाते है। गंतव्य स्थान पर पहुंचकर सीट को नीचे कर वृद्धजन को ऑटो रिक्शा से सुरक्षित उतार सकते है।



अपने भीतर वरिष्ठ नेता स्व. मोतीलाल वोरा जैसा राजनीतिक कौशल पैदा नहीं कर पाए अरूण वोरा

मोतीलाल वोरा का नाम और काम कर दिया मटियामेट!

नरेश सोनी

दुर्ग/नवप्रदेश। वरिष्ठ नेता स्व. मोतीलाल वोरा की राजनीतिक विरासत खतरे में है। पिछले 53 साल के लम्बे अरसे से दुर्ग की राजनीति पर एकछत्र राज करने वाले वोरा परिवार को किनारे लगाने की तैयारियां शुरू कर दी गई है। आने वाले समय में इसका असर भी देखने को मिल सकता है। दरअसल, पार्टी के नेता दुर्ग में राजनीतिक परिवर्तन की आवश्यकता महसूस कर रहे हैं। इससे पहले जब भी परिवर्तन की जरूरत महसूस हुई तो वरिष्ठ नेता मोतीलाल वोरा हस्तक्षेप कर मामला शांत कर देते थे। हाईकमान से स्व. वोरा की नजदीकियां जगजाहिर रही है। किन्तु अब बदली हुई परिस्थितियां इशारा कर रही है कि विधायक अरूण वोरा का राजनीतिक सफर जल्द ही खत्म हो सकता है। पार्टी उनकी जगह किसी नए चेहरे व ऊर्जावान युवा को सामने ला सकती है। वरिष्ठ नेता स्व. मोतीलाल वोरा अविभाजित मध्यप्रदेश की राजनीति को तिलांजलि देकर केन्द्रीय राजनीति में गए तो उनकी परंपरागत दुर्ग विधानसभा सीट उनके पुत्र अरूण वोरा के लिए आरक्षित हो गई। प्रदेशभर में कांग्रेस ने समय-समय पर कई दिग्गजों की टिकट काटी, उनकी जगह नए लोगों को अवसर दिया गया, किन्तु दुर्ग अविभाजित मध्यप्रदेश के दौरान और उसके बाद भी उन चुनिदा सीटों में रहा, जहां चेहरा आज तक नहीं बदला गया। पहली बार 1993 में चुनाव जीतने के बाद अरूण वोरा लगातार तीन विधानसभा के चुनाव क्रमशः 1998, 2003 और 2008 में बुरी तरह हारे, किन्तु वरिष्ठ नेता स्व. मोतीलाल वोरा की वजह से हर बार उन्हें टिकट मिलती रही। विडंबना यह भी रही कि इस दौरान कभी नया नेतृत्व उभारने की कोशिश ही नहीं की गई। या ऐसा कहें कि नया नेतृत्व उभरने ही नहीं दिया गया। स्व. वोरा के साथ रहकर राजनीति करने वालों को भी किनारे लगा दिया गया। शंकरलाल ताम्रकार, भजनसिंह निरंकारी समेत ऐसे दर्जनों नाम थे, जिन्होंने बदलते राजनीतिक हालातों को भांपकर स्वयं को सक्रिय राजनीति से ही दूर कर लिया। जब अरूण वोरा लगातार चुनाव हारते चले गए तब वोरा परिवार को समझ आया कि पार्टी से कन्नी काटने वाले लोग विभिन्न समाजों का न केवल प्रतिनिधित्व करते हैं, अपितु जनता के बीच राजनीतिक रसूख भी रखते हैं और चुनावी व्यूह रचने में भी माहिर है। इसी वजह से मोतीलाल वोरा ने अपने पुराने साथियों को तलब किया और उन्हें अपने पुत्र के चुनाव की जिम्मेदारियां सौंपी। विधायक अरूण वोरा ने जब राजनीतिक पारी की शुरूआत की तो स्थानीय कांग्रेसियों ने उनमें मोतीलाल वोरा की झलक देखने की कोशिश की, किन्तु अरूण वोरा में अपने पिता स्व. वोरा जैसे गुणों का सर्वथा अभाव था। स्व. वोरा जहां काम करके दिखाने और परिणामोन्मुखी राजनीति भर भरोसा करते थे, वहीं उनके पुत्र अरूण वोरा की राजनीति चिट्ठी लिखने, अनुशंसा करने और निर्देश देने तक ही सीमित रही। जो काम संभव नहीं होता था, स्व. वोरा उसके लिए साफगोई से मना कर दिया करते थे, किन्तु अरूण वोरा न होने वाले कामों की भी अनुशंसा करने के महारथी निकले। दुर्ग के कांग्रेसियों के लिए इससे बड़ी विडंबना और क्या होगी कि वे ऐसे व्यक्ति के नेतृत्व को स्वीकार करते रहे हैं, जिनमें स्वयं नेतृत्वक्षमता और राजनीतिक कौशल का अभाव है।

25 साल सक्रिय रहे बाबूजी...

स्व. मोतीलाल वोरा करीब 25 वर्षों तक दुर्ग की राजनीति में सक्रिय रहे और देश के साथ ही अविभाजित मध्यप्रदेश व छत्तीसगढ़ की कांग्रेसी राजनीति में अमर हो गए। किन्तु अरूण वोरा विगत 30 वर्षों से दुर्ग की राजनीति करते हुए कोई मुकाम हासिल नहीं कर पाए। किशोरीलाल शुक्ल से प्रभावित होकर वे कांग्रेस की राजनीति में आए और सन् 1968 में पहली बार दुर्ग नगर निगम के पार्षद बने। 1972 में पार्टी की लीडरशिप ने मोतीलाल वोरा में अपार राजनीतिक संभावनाओं को देखते हुए दुर्ग विधानसभा से प्रत्याशी बनाया। 1972 के साथ ही वे 77 और 80 के चुनावों में भी लगातार जीते। तत्कालीन मुख्यमंत्री अर्जुन सिंह ने उन्हें अपनी केबिनेट में जगह दी। मार्च 85 में मोतीलाल वोरा अविभाजित मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री बनाए गए। फरवरी 88 में उन्हें सीएम पद छोड़ना पड़ गया। इसके कुछ समय बाद कांग्रेस ने उन्हें राज्यसभा का सदस्य बनाकर केन्द्र में केबिनेट मंत्री बनाया। मई 93 में मोतीलाल वोरा को यूपी का राज्यपाल बनाया गया। 98 में उन्होंने फिर से सक्रिय राजनीति में वापसी की और लोकसभा का चुनाव जीतकर संसद पहुंचे। वे अविभाजित मध्यप्रदेश में पीसीसी अध्यक्ष रहे और राष्ट्रीय संगठन में लम्बे समय तक कोषाध्यक्ष का दायित्व भी निभाया।

भू-माफियाओं का एकतरफा राज कृषि जमीन टुकड़े-टुकड़े कर बेच रहे

जिले के प्रभारी मंत्री से हुई शिकायत, नवपदस्थ कलेक्टर से कार्रवाई की आस

गरियाबंद/नवप्रदेश। जिला मुख्यालय एवं आसपास ग्रामीण क्षेत्रों में हो रहे अवैध प्लाटिंग का मामला अब खाद आपूर्ति, पर्यटन एवं जिले के प्रभारी मंत्री अमरजीत भगत तक पहुंच गई है। मंत्री से की गई शिकायत के मद्देनजर अब कार्यवाही होने की संभावना बढ़ गई है। प्रभारी मंत्री होने के नाते भगत ने इस मामले को गंभीरता से लिया है। बकायदा कलेक्टर नम्रता गांधी को जांच कर त्वरित कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैं। 26 जनवरी को ध्वजारोहण कार्यक्रम में पहुंचे मंत्री से इसकी शिकायत की गई। मंत्री को जानकारी दी गई कि पिछले तीन वर्षों से भू-माफिया सक्रिय है। एक खसरे की कृषि जमीन के कई टुकड़े करके अवैधानिक रजिस्ट्रियां करा दी गई है। चूंकि मंत्री की जानकारी में पहली बार आया कि प्रशासनिक संरक्षण से भू-माफिया चांदी काट रहे हैं। अवैध प्लाटिंग में भू-माफिया और प्रशासन की जबरदस्त सेटिंग है। जिसके चलते जिला प्रशासन शिकायत पर जांच कर कार्यवाही करने कहा है। शिकायत के अनुसार निष्पक्ष जांच हुई तो तय है कि इस मामले में अनेक कारनामें उजागर होंगे। जिला मुख्यालय नगरीय क्षेत्र से लगे हुए ग्रामीण क्षेत्रों में इन दिनों भूमाफिया सक्रिय हैं। इस अवैध कारोबार से जुड़े लोग सस्ती दरों पर कृषि भूमि खरीदकर प्लाटिंग कर रहे हैं और बिना डायवर्सन और कालोनाइजर एक्ट के पालन किए आम लोगों को झांसे में लेकर प्लाट की बिक्री कर रहे हैं।

धड़ल्ले से हो रही अवैधानिक तरीके से प्लाटिंग

बिना पंजीयन के ना केवल आवासीय कालोनी डेवलपमेंट हो रहे हैं बल्कि खेत खलिहान का आवास के रूप में धड़ल्ले से अवैधानिक तरीके से प्लाटिंग भी हो रही है। जिसका जीता जागता सबूत ग्राम पंचायत आमदी (म) के वार्ड नंबर 7 में यथावत देखा जा सकता है। जहां पर कृषि भूमि को धड़ल्ले से व्यावसायिक प्रयोजन से बेचा गया है। जिस पर आवास निर्माण के प्रयोजन को लेकर उक्त खरीददार द्वारा उसमें आवास निर्माण कार्य हेतु डीपीसी भी कराया गया है। प्रशासन के संज्ञान में लगातार मीडिया अखबार एवं शिकायत के माध्यम से लाए जाने के बावजूद भी जिला प्रशासन के सुस्त रवैया के चलते इन भूमि माफियाओं के हौसलें और बुलंद हैं।

भू-माफियाओं का कार्य प्रशासन में आसानी से होता है : ग्राम पंचायत डोंगरीगांव के एक चर्चित भू-माफि या जिनकी लगभग 17 एकड़ कृषि भूमि में अवैध प्लाटिंग कर लगभग 137 प्लाटों की रजिस्ट्री हो चुकी है और तहसील प्रशासन के मेहरबानी से बकायदा अवैध प्लाटिंग का नक्शा भी जारी हो गया है। अवैध प्लाटिंग के कार्य यहां के स्थानीय तहसील राजस्व प्रशासन में आसानी से हो जाता है। थोक के भाव में इस भू-माफिया ने रजिस्ट्री कराई है, परन्तु रोक इस कार्य में नहीं लगी है बल्कि प्रशासन भू-माफि या को सहयोग करने तत्पर रहता है।

मुख्यालय में भी चल रहा खेल

जिले के अलावा मुख्यालय में भी अवैध प्लाटिंग का कारोबार बेखौफ चल रहा है। शासन-प्रशासन के सारे नियमों को परे रखकर यहां खेत खलिहान की आवासीय प्लाट के रूप में खरीदी बिक्री हो रही है। स्थिति यह है कि शहर के आसपास के इलाकों में रोज कहीं ना कहीं कालोनी का नक्शा खींचा जा रहा है। जिला मुख्यालय में कुछ जगहों पर कृषि भूमि को इसी तरह अंजाम दिया गया है। इसके सहित आसपास के इलाकों में भी इन दिनों अवैध प्लाटिंग का कारोबार जोर-शोर से हो रहा है। नगर पालिका गरियाबंद सहित अन्य नगरीय निकाय क्षेत्रों में बड़े स्तर पर अवैध प्लाटिंग का खेल चल रहा है। यहां बिल्डर रियल स्टेट रेगुलेटरी अथॉरिटी (रेरा) को दरकिनार कर प्लाट बेच रहे हैं। इसके चलते प्लाट खरीदने वाले लोग भविष्य में परेशानी में फंस सकते हैं।

सुस्त रवैए के आगे पूरा सिस्टम नतमस्तक

प्रशासन के सुस्त रवैए के आगे पूरा सिस्टम नतमस्तक है। नतीजा यह है कि कृषि भूमि को छोटे-छोटे टुकड़ों में बेचने से जहां एक ओर नक्शों का आद्यतिकरण नहीं हो पा रहा है। वहीं दूसरी ओर सीमांकन का कार्य भी नहीं हो पा रहा है, जिससे भूमि विवाद में लगातार वृद्धि हो रही है। ऐसे प्रकरण नगरी क्षेत्रों से लगे हुए ग्रामीण क्षेत्रों में ज्यादा है। इसके अतिरिक्त छत्तीसगढ़ पंचायत राज अधिनियम में संबंधित कई प्रावधान दिए हुए हैं, जिसमें यह प्रावधान है कि यदि कोई व्यक्ति किसी भूमि को बिना व्यपवर्तित किए तथा मकान निर्माण का बिना रजिस्ट्रीकरण कराए आवासीय प्रयोजन हेतु छोटे-छोटे टुकड़ों में विक्रय करता है तो उसका यह कृत्य अवैध कालोनी निर्माण की श्रेणी में आएगा।

शहर के छह केंद्रों पर रात 10 बजे तक लगेंगे कोरोना के टीके

कोरबा/नवप्रदेश। जिले वासियों को कोरोना संक्रमण से सुरक्षा देने के लिए प्रशासन ने शत-प्रतिशत टीकाकरण पर विशेष जोर दिया है। प्रतिदिन वैक्सीनेशन के साथ बीच-बीच में टीकाकरण का महाभियान भी चलाया जा रहा है। कलेक्टर रानू साहू की पहल पर अब कोरबा शहर में टीकाकरण का समय बढ़ाया जा रहा है। शहर के छह कोविड टीकाकरण सेंटरों पर आज सोमवार 31 जनवरी से रात 10 बजे तक लोगों को कोविड का टीका लगया जायेगा। इन केन्द्रों पर टीकाकरण दोपहर दो बजे से शुरू होगा। कोरबा शहर के बालको अस्पताल, एनटीपीसी अस्पताल, घंटाघर स्थित सियान सदन, एसईसीएल मुढ़ापार अस्पताल, रानी धनराज कुंवर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र और छुराकछार के टीकाकरण केन्द्रों पर दोपहर दो बजे से रात 10 बजे तक कोविड वैक्सीनेशन की सुविधा शुरू होगी। इस संबंध में जिले के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. बीबी बोडे ने बताया कि शहर के छह केन्द्रों पर रात 10 बजे तक कोविड टीकाकरण शुरू होने से बालको, एनटीपीसी, एसईसीएल, सीएसईबी जैसे सार्वजनिक उपक्रमों में काम करने वाले लोगों को उनकी काम अवधि के बाद भी टीका लगवाने की सुविधा मिलेगी। उन्होंने बताया कि अन्य टीकाकरण केन्द्रों पर पहले की तरह ही सुबह नौ बजे से शाम चार बजे तक कोविड वैक्सीनेशन का काम चलता रहेगा। डॉ.बोडे ने जिलेवासियों से कोरोना का टीका लगवाने और संक्रमण से खुद को तथा अपने निकट परिजनों को भी बचाने की अपील की है।

दुर्ग पुलिस को मिली बड़ी सफलता, 7 साल पुराने जेवरात चोरी के मामले का हुआ खुलासा

भिलाई/नवप्रदेश। सात साल पुराने चोरी के एक मामले में पुलिस ने बेटे और भांजे को गिरफ्तार किया है. घटना का खुलासा करते हुए एएसपी संजय कुमार ध्रुव ने बताया कि वार्ड 5 सुपेला निवासी शिव लखन चौधरी ने वर्ष 2015 में सिंगरी पारा के मकान में रखे तिजोरी से सोने-चांदी के जेवरात चोरी होने की शिकायत पुलिस से की थी.

पीड़ित का परिवार स्थित अपने नए मकान में शिफ्ट हुआ तब उसे घटना की जानकारी हुई. चोरी हुए चांदी के जेवरात बरामदे में पीड़ित को पड़ा मिला. लेकिन वर्ष 2016 में कई तोले सोने के जेवरात गायब थे. इस दौरान परिजन एक दूसरे पर संदेह जता रहे थे. परेशान होकर परिजनों ने घटना की शिकायत सुपेला थाने में दर्ज कराई.

पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच करना शुरू की. पीड़ित को अपने भांजे कुरूद निवासी भूपेंद्र कुमार चौधरी पर संदेह था. घटना के बाद से भूपेंद्र लगातार यूपी में रहने लगा था भूपेंद्र अपने कुरूद निवास यूपी से आया था. पुलिस को जैसे आने की सूचना मिली. पुलिस ने संदेही को घेराबंदी कर तुरंत भूपेंद्र को पकड़ लिया.

पूछताछ में पता चला कि घटना को अंजाम देने में पीड़ित का पिता मनोज कुमार चौधरी भी इसमें शामिल था. चांदी 1 किलो नहीं खपा पाने से घर में ही बिखेर दिया था. आरोपी भूपेंद्र और मनोज ने पुलिस को बताया कि 11 तोला सोना अलग-अलग समय में आईआईएफएल गोल्ड लोन में गिरवी करना स्वीकार किया. उक्त बैंक आकाश गंगा सुपेला में स्थित है. 9 तोला सोने को दोनों आरोपी के आपस में बांट लिया था. पत्रकार वार्ता में सीएसपी आरके जोशी सुपेला थाना प्रभारी सुरेश कुमार शामिल थे.

आरोपियों के बयान के मुताबिक पुलिस आईआईएफएल के कार्यालय पहुंची. तब गोल्ड लोन के अधिकारियों ने उनके द्वारा लगभग 11 तोला सोना वर्ष 2015 में गिरवी रखने की पुष्टि की आईआईएफएल गोल्ड लोन के द्वारा सारे दस्तावेज प्रस्तुत किये और उनके द्वारा यह जानकारी दी गई कि गोल्ड लोन के नियमानुसार एक साल के बाद तक किसी प्रकार भी लोन की राशि अदा नहीं करने की स्थिति में गिरवी रखे सोने को ऑक्सन कर दिया गया है. आईआईएफएल गोल्ड लोन से विभागीय कार्यवाही जारी है. आरोपी भूपेन्द्र एवं मनोज को मामले में गिरफ्तार कर लिया गया है.

प्रतिमा स्थापना भूमिपूजन कार्यक्रम में शामिल हुए विधायक छाबड़ा

बेमेतरा/नवप्रदेश। राजपूत क्षत्रिय महासभा छत्तीसगढ़ रहटादाह उप समिति बेमेतरा द्वारा आयोजित महाराणा प्रताप चौक में प्रतिमा स्थापना भूमिपूजन में मुख्य अतिथि बेमेतरा विधायक आशीष छाबड़ा शामिल हुए। आयोजन समिति द्वारा विधायक आशीष छाबड़ा एवं अन्य अतिथिगणों का स्वागत अभिनंदन किया गया। सर्वप्रथम अतिथिगणों के द्वारा पूरे विधि विधान से पूजा पाठ कर भूमिपूजन किए। इस अवसर पर विधायक आशीष छाबड़ा ने संबोधित करते हुए कहा कि नगर बेमेतरा के वार्ड 09 कोबिया तिराहा चौक में महाराणा प्रताप की 21 फिट भव्य प्रतिमा नगर में स्थापित होगी। अप्रतिम योद्धा के रूप में महाराणा प्रताप का शौर्य, वीरता और बलिदान हम सबके लिये अनुकरणीय है और नई पीढ़ियों के लिये भी हमेशा प्रेरणादायक रहेगा। शक्ति एवं भक्ति की धरती राजस्थान की वीर गाथाएं जो हल्दीघाटी में गूंजती हैं, वह अब बेमेतरा नगर में भी प्रेरणा देंगी। ज्ञात हो कि बेमेतरा जिलें में पहली बार किसी शहर में महाराणा प्रताप की प्रतिमा का स्थापना किया जा रहा है। इस अवसर पर होरीसिंह डौंड अध्यक्ष राजपूत क्षत्रिय महासभा छत्तीसगढ़, अवधेश चंदेल पूर्व विधायक बेमेतरा, शकुंतला मंगत साहू अध्यक्ष नगर पालिका, बंशी पटेल अध्यक्ष जिला कांग्रेस, अवनीश राघव पूर्व अध्यक्ष जिला कांग्रेस, अजय ठाकुर, अशोक ठाकुर, नीरज सिंह, अश्वनी राजपूत, घनश्याम सिंह, नितिन क्षत्रिय, प्रवीण राजपूत, चूरामन सिंह, मनोज शर्मा पार्षद, राम ठाकुर पार्षद, रश्मि मिश्रा पार्षद, रेहाना रवानी पार्षद, मिनटा नामदेव पार्षद, साधेलाल बघेल पार्षद, रानी सेन पार्षद, सनतधर दीवान, रीता पाण्डे, विक्की मिश्रा, चंदू शीतलानी एल्डरमैन, प्रतीक दुबे, धनजय पाठक सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

ऑनलाइन एंट्री नहीं होने से दर्जनों किसान धान बेचने से हो रहे वंचित

किसान नेता ने कलेक्टर से लगाई न्याय की गुहार

बेमेतरा/नवप्रदेश। विधानसभा क्षेत्र के बेरला ब्लाक में धनहा रकबा कटने के कारण दर्जनों किसान अब तक धान नहीं बेच पाए हैं। त्रुटि सुधार के लिए किसान समिति और तहसील कार्यालय के चक्कर काट रहे हैं। बावजूद किसानों की सुध लेने वाला कोई नहीं हैं। इस संबंध में शनिवार को किसान नेता योगेश तिवारी के नेतृत्व में बेरला ब्लाक के किसानों ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंप, रकबा में त्रुटि सुधार की मांग की है। किसान नेता ने कलेक्टर को बताया कि किसान रकबा सुधार के लिए संबंधित समिति और तहसील कार्यालय के चक्कर काट रहे हैं, बावजूद उन्हें जिम्मेदार संतोषजनक जवाब नहीं दे रहे। ऐसी स्थिति में किसान अब तक धान नहीं बेच पाए हैं। प्रशासन के रवैया के कारण प्रभावित किसानों में खासी नाराजगी हैं। मुख्यमंत्री ने धान खरीदी की समय सीमा 31 जनवरी से बढ़ाकर 7 फरवरी कर दी है। धान खरीदी में कुल 7 दिन शेष हैं, ऐसे में किसानों को धान बेचने को लेकर चिंता सताने लगी हैं। इसलिए किसानों ने कलेक्टर से गुहार लगाई हैं। जिले में 10 हजार किसानों से 3 लाख क्विं धान खरीदी किया जाना शेष हैं।

कॉलेज में व्याप्त अव्यवस्था से कराया अवगत : किसान नेता ने जिला मुख्यालय स्थित पीजी कॉलेज में व्याप्त अव्यवस्था से कलेक्टर को अवगत कराया। उन्होंने कलेक्टर को बताया कि हर काम के लिए छात्रों को भटकना पड़ रहा हैं। यूनिवर्सिटी से संबंध कालेजों को आंसर शीट उपलब्ध कराए जाने के बावजूद कोविड गाइड लाइन का बहाना कर छात्रों को बैरंग दिया जा रहा। इसके अलावा कॉलेज में टीचिंग स्टाफ नहीं होने के कारण विद्यार्थियों की पढ़ाई प्रभावित हो रही हैं। यही हाल विधानसभा क्षेत्र के ग्राम कुरूद हाई स्कूल का है, जहां शिक्षकों की भारी कमी है।